नई दिल्ली
नई दिल्ली, सोमवार 16 सितंबर 2019
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 23, अंक : 180
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *
मौसम
अधि. 36.3
न्यून. 26.2

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 कविंदर कड़े मुकाबले में जीत के साथ अंतिम-16 में
विचार पेज 08 सोच में सकारात्मक बदलाव




## खबर संक्षेप

### मोदी उपहारः संस्कृति मंत्री ने लगाई सबसे पहले बोली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रहलाद पटेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले



उपहारों की शनिवार को शुरू हुई ई-निलामी प्रक्रिया में सबसे पहले बोली लगाने वालों में शामिल रहे। किसान नेता पटेल ने लकड़ी से निर्मित बैलगाड़ी के प्रतिरूप के लिए बोली लगाई जिसकी आधार कीमत 1,000 रुपये थी। उन्होंने इसे खरीदने के लिए 2100 रुपये की पेशकश की। मंत्री इस प्रतिकृति को घर ले जा पाएंगे या नहीं, इस बात का पता तीन अक्टूबर को ही चलेगा जब ई-निलामी प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

### योग्य युवाओं की कमी वाले बयान पर गंगवार की सफाई

**नई दिल्ली।** रोजगार के लिए 'उत्तर भारत में योग्य युवाओं की कमी' वाले अपने बयान पर अब



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार ने अब सफाई दी है। संतोष गंगवार ने कहा कि मेरे बयान को गलत अर्थ में लिया गया है, मैंने एक विशेष संदर्भ में यह बात कही थी। उन्होंने कहा कि नौकरियों की कमी नहीं है। उत्तर भारत आने वाली कंपनियां और रिक्रूटर कहते हैं कि कुछ विशेष नौकरियों के लिए लोगों में जरूरी स्किल की कमी है। श्रम मंत्री ने कहा कि मैंने जो कहा था।

### ऑर्बिटर हमेशा अंधेरे में रहने वाले चांद के हिस्से की भेजेगा तस्वीर

**बेंगलुरु।** चांद पर मौजूद विक्रम लैंडर से अबतक संपर्क नहीं हो पाया है पर भारत के चंद्रयान-2 का



ऑर्बिटर अपने मिशन में जुटा हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत के दूसरे मून मिशन का यह ऑर्बिटर चांद के हमेशा अंधेरे में रहने वाले यानी उन क्षेत्रों की तस्वीरें भेजेगा, जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पड़ती है। यह पूरी दुनिया के लिए नई जानकारी होगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि एक दशक पहले भेजे गए भारत के पहले चंद्रयान से इसका प्रदर्शन बेहतर हो रहा है।

### एक चैनल को दिए साक्षात्कार में इमरान खान ने किया स्वीकार

# भारत से पारंपरिक युद्ध हार सकता है पाक, लेकिन परिणाम होंगे गंभीर

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

*रविवार को एक साक्षात्कार में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने ही अब मान लिया है कि उनका देश भारत से पारंपरिक युद्ध हार सकता है। उन्होंने शांति की बात भी की पर आगे कहा कि परमाणु युद्ध हुआ तो गंभीर परिणाम होंगे। खान ने कहा कि इसलिए हमने संयुक्त राष्ट्र का रुख किया है, हम प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच पर जा रहे हैं और उन्हें इसपर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही खान ने कहा कि पाकिस्तान कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा।*

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद भारत के साथ बातचीत का सवाल नहीं है। उन्होंने भारत के साथ पारंपरिक युद्ध की चेतावनी देते हुए कहा कि यह भारतीय उपमहाद्वीप से परे जा सकता है। खान ने कहा कि इसलिए हमने संयुक्त राष्ट्र का रुख किया है, हम प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच पर जा रहे हैं और उन्हें इसपर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर मेरा मानना है कि भारत के साथ युद्ध एक संभावना हो सकती है। इसके साथ ही खान ने कहा कि पाकिस्तान कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा।

अल जजीरा से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अमनपसंद हूं, मैं युद्ध विरोधी हूं, मेरा मानना है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब दो परमाणु हथियार संपन्न देश लड़ते हैं और अगर यह लड़ाई पारपंरिक हो तो हमेशा उसका अंत परमाणु युद्ध के रूप में होने की आशंका बनी रहती है। इसके नतीजे अकल्पनीय है। खान ने कहा कि खुदा न खास्ता अगर पाकिस्तान कहे कि हम पारंपरिक लड़ाई लड़ रहे हैं, हम हार रहे हैं और देश के पास केवल दो विकल्प हैं कि या तो आप आत्मसमर्पण करें या अपनी आजादी के लिए आखिरी सांस तक लड़ें, मैं जानता हूं पाकिस्तानी अपनी आजादी के लिए मरते दम तक लड़ेंगे।

**खास बातें**

- 'मैं अमनपसंद हूं, मैं युद्ध विरोधी हूं, मेरा मानना है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं होता'
- पाक अपनी आजादी के लिए मरते दम तक लड़ता रहेगा
- कश्मीर मुद्दे को लेकर हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर जाएंगे : इमरान



### पीओके खाली करे पाकः ब्रिटिश सांसद

**लंदन।** कश्मीर का राग अलापने वाले पाकिस्तान को अब ब्रिटेन के एक सांसद ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने पाकिस्तान को यह भी बताया कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को पीओके को खाली करना चाहिए। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कश्मीर मसले पर पाकिस्तान के रवैये और उसके द्वारा इस मामले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने का भी विरोध किया है।

### इमरान के कहने पर एलओसी की ओर जुलूस का कार्यक्रम टला

*__इस्लामाबाद।__ पाकिस्तान में कुछ राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों के भारत से लगी नियंत्रण रेखा की ओर प्रस्तावित जुलूस को वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान के कहने पर टाल दिया गया है। इमरान खान ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र आम सभा में 27 सितंबर को उनके भाषण देने तक इस जुलूस को टाल दिया जाए। अनुमान है कि इमरान खान संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाएंगे।*

### आजाद ने कश्मीर जाने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का किया रुख



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने अपने परिवार के सदस्यों का हालचाल जानने के लिए अपने गृह राज्य जम्मू कश्मीर जाने की अनुमति के वास्ते उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद की याचिका पर प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगाई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ सोमवार को सुनवाई करेगी।

### जैश-ए-मोहम्मद की चिट्ठी लिखकर दी धमकी

## 11 रेलवे स्टेशन और 6 राज्यों के मंदिरों को उड़ाने का जिक्र



**रोहतक।** हरियाणा में रोहतक जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक यशपाल मीणा को एक डाक पत्र के जरिए आगामी 8 अक्टूबर को 11 रेलवे स्टेशन और 6 राज्यों के मंदिरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से शनिवार शाम को 3.30 बजे मिली है।

इस डाक पत्र को मसूद अहमद नाम के एक शख्स ने लिखा है, जिसने खुद को जैश-ए-मोहम्मद के जम्मू-कश्मीर का एरिया कमांडर बताया है। पत्र में लिखा है कि हम अपने जेहादियों की मौत का बदला जरूर लेंगे। इस बार हम भारत को बम के धमाकों से दहला देंगे। 8 अक्टूबर यानी दशहरे के दिन

- रेवाड़ी, रोहतक, हिसार, कुरुक्षेत्र, मुंबई सिटी, चेन्नई, बेंगलुरु, भोपाल, जयपुर, कोटा, इटारसी रेलवे स्टेशनों के अलावा राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, यूपी, हरियाणा के मंदिरों और रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की दी गई धमकी

रेवाड़ी, रोहतक, हिसार, कुरुक्षेत्र, मुंबई सिटी, चेन्नई, बेंगलुरु, भोपाल, जयपुर, कोटा, इटारसी रेलवे स्टेशनों के अलावा राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, यूपी, हरियाणा के मंदिरों को बम से उड़ा देंगे। हजारों की संख्या में जेहादी हिंदुस्तान को तबाह कर देंगे। चारों ओर खून ही खून नजर आएगा खुदा हाफिज..

### रेलवे स्टेशनों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

मामले में रेलवे एसपी धीरज सेतिया ने बताया कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से 11 रेलवे स्टेशनों और 6 राज्यों के मंदिरों में बम विस्फोट करने का धमकी भरा पत्र रोहतक स्टेशन के सुपरिंटेंडेंट को मिला है( पत्र को गंभीरता से लेकर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने का आदेश भी दे दिया गया है।

### आंध्र प्रदेशः गोदावरी नदी में सैलानियों से भरी नौका पलटी

## 12 लोगों की मौत, 23 को बचाया गया, कई लापता

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के गोदावरी नदी में एक सैलानियों भरी नौका पलटने के बाद 12 शवों को बरामद किया गया है। वहीं 23 यात्रियों को बचाया गया है। जबकि करीब 31 लोग अब भी लापता हैं। य नदी पिछले कुछ दिनों से पूरे उफान पर है। पूर्वी गोदावरी जिला पुलिस अधीक्षक अदनान अस्मी ने कहा कि हम ज्यादा जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने जिले के सभी उपलब्ध मंत्रियों को घटना स्थल पर बचाव कार्यों की निगरानी करने का आदेश दिया है। साथ ही सीएम ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।



### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नौका हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हादसे की जगह पर फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

## हरियाणा में एनआरसी लागू होगाः मनोहर लाल

**चंडीगढ़।** असम के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को घोषणा की कि उनके राज्य में भी राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण लागू की जाएगी। खट्टर ने पंचकूला में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) एच एस भल्ला और पूर्व नौसेना प्रमुख सुनील लांबा से उनके आवासों पर मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि हम हरियाणा में एनआरसी लागू करेंगे। खट्टर ने अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पार्टी के 'महासंपर्क अभियान' के तहत इन दोनों से मुलाकात की। उन्होंने देश भर में एनआरसी को लागू करने का पहले भी समर्थन किया था। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश भल्ला से मिलने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मैं महासंपर्क अभियान के तहत उनसे मिला। इस अभियान के तहत हम महत्वपूर्ण नागरिकों से मुलाकात करते हैं। उन्होंने सेवानिवृत न्यायाधीश न्यायमूर्ति भल्ला के बारे में कहा कि वह एनआरसी पर भी काम कर रहे हैं और शीघ्र ही असम जायेंगे। मैंने कहा कि हम हरियाणा में एनआरसी लागू करेंगे और हमने भल्लाजी का समर्थन और उनके सुझाव मांगे।






### भारत के डीएनए में है दूरदर्शनः महानिदेशक

# दूरदर्शन 60 वर्ष का हुआ, लोगों ने ताजा की यादें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरदर्शन के रविवार को 60 वर्ष पूरे हो गये। इस मौके पर लोगों ने उस सुनहरे दौर को किया जब महाभारत, फौजी और मालगुडी डेज जैसे धारावाहिकों से देश के लोगों का मनोरंजन होता था। भारत के सार्वजनिक लोक प्रसारक की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर लोगों ने ट्विटर पर पुराने दिनों की यादें ताजा कीं और सोशल मीडिया पर कई लोगों ने पूछा कि आपका पसंदीदा डीडी शो कौन सा है। कुछ लोगों ने इसके लोगों को पोस्ट किया जो कार्यक्रम शुरू होने से पहले स्क्रीन पर दिखता था और उस समय की विशिष्ट धुन को भी साझा किया। प्रसार भारती के सीईओ शशि शेखर वेम्पति ने कहा कि यह समय यह महसूस नहीं करने का है कि दूरदर्शन पुराना हो गया है बल्कि डिजिटल दर्शकों के लिए यह नया होता जा रहा है।




*चित्रहार, महाभारत, देख भाई देख, फौजी, मालगुडी डेज सहित कई मनोरंजन शो ने 1980 और 1990 के दशक के शुरुआती दिनों में लोगों का भरपूर मनोरंजन किया*

- दूरदर्शन की शुरुआत प्रायोगिक तौर पर 15 सितम्बर 1959 को हुई थी
- 1965 से राष्ट्रीय राजधानी के घरों में सिग्नल भेजना शुरू किया था
- 1972 में मुंबई और अमृतसर में शुरू हुई और फिर 1975 तक यह अन्य सात शहरों तक पहुंचा

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल दूरदर्शन 60 वर्ष का हो गया है बल्कि भारत में टेलीविजन प्रसारण का इतिहास छह दशक पुराना है जो भारत में टीवी उद्योग के लिए मील का पत्थर है। दूरदर्शन की महानिदेशक सुप्रिया साहू ने कहा कि दूरदर्शन भारत के डीएनए में है। दूरदर्शन को जन्मदिन मुबारक। डीडी के गौरवशाली 60 वर्ष। तुम पीढ़ियों तक भारतीयों को गुदगुदाते रहो। दूरदर्शन की शुरुआत प्रायोगिक तौर पर 15 सितम्बर 1959 को हुई थी और 1965 से इसकी सेवा तब शुरू हुई जब इसने राष्ट्रीय राजधानी के घरों में सिग्नल भेजना शुरू किया था। इसकी सेवाएं 1972 में मुंबई और अमृतसर में शुरू हुईं और फिर 1975 तक यह अन्य सात शहरों तक पहुंचा। तब तक यह राष्ट्रीय प्रसारक ऑल इंडिया रेडियो का हिस्सा था। एक अप्रैल, 1976 को यह सूचना प्रसारण मंत्रालय में अलग विभाग बना। बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान जैसे कलाकारों का कॅरियर बनाने में दूरदर्शन की भूमिका अहम रही जिन्हें धारावाहिक फौजी से शोहरत मिली। चित्रहार, महाभारत, देख भाई देख, फौजी, मालगुडी डेज सहित कई मनोरंजन शो ने 1980 और 1990 के दशक के शुरुआती दिनों में लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

## कई दिनों बाद दिल्ली में हुआ खुशनुमा मौसम

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** लंबे समय से उमस की मार झेल रही दिल्ली में रविवार को कई जगह हल्की बारिश दर्ज हुई। बारिश से लोगों ने राहत महसूस की, लेकिन यह राहत जल्द ही गायब होने वाली है। क्योंकि पूर्वानुमान जताया गया है कि अगले 10-15 दिनों तक राजधानी में उमस बनी रहेगी जिससे लोग पसीने-पसीने होंगे। रविवार की सुबह उमस व हल्की बारिश के साथ हुई। राजधानी में भोर के समय मौसम कुछ हद तक सुहावना बना रहा और कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। लेकिन 12 बजे के करीब एक बार फिर सूरज की चटक दिखने लगी, और उमस बढ़ गई। दोपहर बाद एक बार फिर दिल्ली में कई जगह बादलों की आवाजाही शुरू हुई और हल्की बारिश होने लगी। यह बारिश पूरी दिल्ली में नहीं हुई जिसकी वजह से ज्यादा राहत नहीं मिली। गत कई दिनों से दिल्ली और आसपास के शहरों में बारिश नहीं हो रही है, मॉनसून रुठा हुआ है। हालांकि पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली और एनसीआर में मौसम ने कुछ करवट ली और एक-दो स्थानों पर बादलों की गर्जना के साथ हल्की वर्षा रिकॉर्ड की गई। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई है। दिल्ली के सफदरजंग में 1.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काइमेट के अनुसार अगले 48 घंटों तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में हवाओं में नमी अधिक बनी रहेगी।





# मां ने एक लाख रुपये में बेच दी अपनी 15 साल की बेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में मानव तस्करी का धंधा बेरोकटोक जारी है। दिल्ली पुलिस लड़कियों के खिलाफ अपराध और तस्करी पर अंकुश लगाने में विफल दिखायी देती है। मानव तस्करी का नया मामला बवाना इलाके में प्रकाश में आया है जहां एक मां ने एक लाख रुपए के लिए अपनी 15 साल की बेटी को बेच दिया। वहीं एक महीने पहले इसी मां ने अपने एक साल के बेटे को बेच दिया था। हालांकि पीड़िता लड़की ने बहादुरी दिखाकर खरीददार के चुंगल से भागने में सफल रही और उसने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की हेल्पलाइन पर संपर्क किया और आपबीती सुनाई। जिसके बाद डीसीडब्ल्यू टीम ने लड़की को तस्करों के चुंगल से बचाया।

डीसीडब्ल्यू ने मिली जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को निशा (परिवर्तित नाम) की मां ने उससे कहा कि वे बदरपुर में उसकी बहन के यहां जा रहे हैं, लेकिन वह उसे निजामुद्दीन के एक होटल में ले गयी। होटल में सौदा करने के बाद निशा की मां ने उससे कहा कि उसे कहीं जाना है, शाहिद नाम का एक आदमी उसे घर ले जाएगा।

मगर शाहिद उसे उसके घर ले जाने के बजाय, उसे बवाना गांव की ईश्वर कॉलोनी में अपने घर ले गया। शाहिद के घर की लड़कियों ने निशा से कहा कि वह शादी का जोड़ा पहने और तैयार हो जाये। पूछने पर उन्होंने उसे बताया कि उसकी मां ने उसे एक लाख रुपये में बेच दिया है और वह अब रकम वसूलने के लिए उसे ग्राहकों के साथ सोना पड़ेगा। हालांकि इस परिस्थिति में भी पीड़िता ने हिम्मत से काम लिया और एक दिन के भीतर ही निशा खरीददार को चकमा देकर वहां से भागने में कामयाब रही। जिसके बाद वह सीधे बवाना जेजे कॉलोनी स्थित अपने घर वापस पहुंच गई। उसने अपने पड़ोसियों से मदद मांगी, जिन्होंने डीसीडब्ल्यू की 181 महिला हेल्पलाइन पर फोन किया। डीसीडब्ल्यू की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और लड़की को स्थानीय पुलिस स्टेशन ले गई।

### एक महीने पहले बेचा था एक साल का बेटा

- बहादुरी दिखाकर खरीददार के चुंगल से भागकर किया डीसीडब्ल्यू से संपर्क
- दिल्ली में जारी बेरोकटोक मानव तस्करी : स्वाति मलीवाल



### निशा की मां बाल तस्कर के संपर्क में थी

निशा ने बताया कि उसकी मां अब्दुल नाम के व्यक्ति के संपर्क में थी, जिसका बाल तस्करी का पुराना रिकॉर्ड था। उसने उसकी मां को पेशकश की कि अगर वह निशा की शादी हरियाणा में एक 62 साल के आदमी से कर देगी तो वह उसे एक लाख रुपये देगा। हालांकि, जब निशा को इस बारे में पता चला, तो उसने इस बात का विरोध किया और अपनी मां को चेतावनी दी कि अगर वह उसे शादी के लिए मजबूर करने की कोशिश करती है तो वह उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करेगी। अब्दुल वही शख्स है जिसने उसकी मां को शाहिद से मिलवाया था, जो इस मामले में मुख्य तस्कर है।

### तस्करों के साथ मां को भी किया जाए अरेस्ट : स्वाति

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि तस्करों के साथ मां को भी गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इसके अलावा सौतेले पिता की भूमिका की भी पूरी जांच होनी चाहिए। एक साल के लापता लड़के का भी पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं और पुलिस से मामले में रिपोर्ट मांग रहे हैं।

### लड़की ने नहीं देखा कभी अपने पिता को

पीड़िता ने कभी अपने पिता को नहीं देखा और वह अपनी मां, सौतेले पिता और 4 भाई-बहनों के साथ बवाना जेजे कॉलोनी में रहती थी। उसने बताया कि उसकी मां ने पिछले महीने उसके एक साल के भाई को भी एक तस्कर को बेच दिया था। उसकी मां कर्ज में डूबी हुई थी और उसने कर्ज लौटने के लिए अपना बच्चा बेच दिया था। पुलिस ने आईपीसी की धारा 370अ के तहत मामले में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता को एक आश्रय गृह में भेज दिया गया है और पुलिस अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं कर पाई है।

# मामूली सी हुई कहासुनी में काट दिया गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जगतपुरी की घटना
- प्रेमिका के सामने दिया वारदात को अंजाम, हालत गंभीर
- पुलिस आरोपी की कर रही है तलाश



जगतपुरी थाना इलाके में मामूली झगड़े के बाद एक बदमाश ने एक युवक का गला उसकी प्रेमिका के सामने रेत दिया। युवक के गले से खून का फुव्वारा छूटा तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया। घायल युवक का नाम मेहफूज (22) है। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी शकील मेंटल की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मेहफूज गली नंबर-18, जीतार नगर में सपरिवार रहता है। परिवार में पिता अनवर हसन के अलावा अन्य सदस्य हैं। मेहफूज साप्ताहिक बाजारों में दुकान लगाता है। बृहस्पतिवार रात करीब 10:30 बजे वह अपनी प्रेमिका के साथ शकील मेंटल के पास गया था। यहां आरोपी व मेहफूज के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इसके बाद मेहफूज वहां से जाने लगा। जैसे ही मेहफूज थोड़ी दूरी पर पहुंचा, तभी शकील पीछे से आया और उसने मेहफूज का गला पकड़कर चाकू से रेत दिया।

इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत अस्पताल लेकर गए, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में मेहफूज का इलाज जारी है।

## प्रॉपर्टी पर कब्जा लेने के लिए पति के साथ मिलकर मां को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- घर का ताला बंदकर निकाला बाहर

जीटीबी एंक्लेव थाना इलाके में प्रॉपर्टी पर कब्जा करने के लिए एक बेटी ने अपने पति के साथ मिलकर अपनी मां की पिटाई कर उसे घर से निकालकर ताला लगा दिया। महिला का आरोप है कि उनकी बेटी पेंशन के लालच में अपने पिता को रोहिणी ले गई। इसके बाद मीरा सरकार (75) ने थाने में उसके खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर बंधक बनाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मीरा सरकार आर ब्लॉक, दिलशाद गार्डन में सपरिवार रहती हैं। परिवार में पति सुबोध चंद्र, बेटा मृनाल और बेटी शिल्पी है। सुबोध सरकारी पद पर रिटायर हैं, उनकी 80 हजार रुपये महीना पेंशन आती है। बेटा मृनाल अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। बेटे के विदेश में रहने की वजह से वे दोनों अपनी बेटी शिल्पी के साथ रोहिणी में रहते थे। मीरा का आरोप है कि उनकी बेटी चाहती है कि वे अपनी असम में पैतृक जमीन व दिलशाद गार्डन वाला मकान उसके नाम कर दे। लेकिन बेटे का हिस्सा होने की वजह से मीरा ने ऐसा करने से मना कर दिया इस पर शिल्पी ने अपनी मां मीरा के साथ मारपीट की। इसके बाद बुधवार को मीरा व उनके पति अपनी बेटी के घर से दिलशाद गार्डन आ गए। बृहस्पतिवार को शिल्पी अपने पति देबोज्योति देवनाथ के साथ दोपहर करीब दो बजे अपनी मां के घर दिलशाद गार्डन पहुंची। इसके बाद शिल्पी व उसके पति ने मीरा को बुरी तरह पीटा। बाद में वह पिता सुबोध को जबरन अपने साथ ले गए और घर का ताला भी लगा दिया।

## दिल्ली पुस्तक मेलाः छुट्टी व छूट का उठाया फायदा



**हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली।** दिल्ली पुस्तक मेले का आखिरी दिन व छुट्टी का दिन होने के चलते रविवार को प्रगति मैदान में पाठकों की मेले में खूब भीड़ लगी रही। पाठक उन स्टालों पर अधिक नजर आये जहां एक सौ रुपये में तीन किताबें मिल रही थी। प्रकाशकों ने बताया कि वैसे तो शुरूआती दिनों से ही पाठक आ रहे हैं लेकिन आज अंतिम दिन होने के चलते पाठक भी सोच कर आये थे कि कुछ पुस्तकों आदि पर छूट जरूर होगी। वहीं, प्रकाशक भी चाहते हैं कि उनकी किताबें पाठक खरीदें। वहीं, स्टैशनरी स्टालों पर भी खरीदारों का तांता लगा रहा।



तुगलकाबाद में संत रविदास मन्दिर के तोड़ने के विरोध में दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार में विरोध प्रर्दशन करते मुस्लिम समाज के लोग।

# बदमाशों ने गैस कटर से काटा एटीएम

### तीन लाख 75 हजार रुपये लेकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मैदानगढ़ी थाना इलाके में शनिवार देर रात बदमाशों ने गैस कटर की मदद से एक एटीएम को काट कर उसमें से तीन लाख 75 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। डीसीपी (साउथ) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि घटना के वक्त एटीएम मशीन में कोई गार्ड नहीं था। पुलिस एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, बदमाशों शनिवार देर रात आईसीआईसीआई बैंक के एक एटीएम में आये। एटीएम में आने के बाद बदमाशों ने पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरे पर काला रंग कर दिया ताकि कुछ भी फुटेज में कैद न हो सके। इसके बाद उन्होंने गैस कटर की मदद से एटीएम काटकर उसमें से तीन लाख 75 हजार रुपये उड़ा दिये। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## एनएसआइटी कैंपस में आठ माह के बच्चे की मौत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** द्वारका नॉर्थ स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (एनएसआइटी) कैंपस की कैंटीन के पास ऊंचाई से गिरने से आठ माह के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का नाम आनंद है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजनों ने अपने बयान में कहा है कि उसकी गिरने से मौत हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गत 13 सितंबर को सुबह करीब 11:45 बजे पुलिस को वेंकेटश्वर अस्पताल से सूचना मिली कि एक आठ माह के बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बच्चे की मौत हो गई है। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि एनएसआइटी परिसर के कैंटिन के पास बच्चा ऊंचाई से गिर गया था। इस कारण उसकी मौत हुई है। आंनद के पिता लखन ने पुलिस को अपने बयान में कहा है कि बच्चे कुछ ऊंचाई से गिर गया था। इसके बाद उसे वेंकेटश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों पर बदमाशों ने की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- बाल-बाल बचे पुलिस अधिकारी
- पुलिस ने दोनों बदमाशों को दबोचा

नार्थ रोहिणी थाना इलाके में गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि गोली किसी को लगी नहीं। पुलिस ने पीछा कर बदमाशों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों का नाम महेश खत्री और मोहित भारद्वाज है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, नार्थ रोहिणी थाने में तैनात एएसआइ सुरेंद्र, बालकिशन, हेड कांस्टेबल मोहित, कांस्टेबल संदीप और गोल्डी शुक्रवार को इलाके में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जैसे ही वह रोहिणी सेक्टर-आठ स्थित अपनी रसोई के पास पहुंचे। तभी उन्होंने एक बाइक पर सवार दो युवकों को आते हुए देखा। बिना हेलमेट होने की वजह से पुलिसकर्मियों को उन पर शक हुआ। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रूकने का इशारा किया तो आरोपी वहां से भागने लगे। पुलिस ने भी अपनी कार से आरोपियों की बाइक का पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ दूरी पर जाकर पुलिसकर्मियों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर उनकी बाइक के आगे अपनी कार लगा दी। जिससे दोनों बदमाश गिर गए। इससे पहले पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी।

## आरोपी अमित के ओखला में है तीन गोदाम

# आयातित शराब की कालाबाजारी के आरोप में तीन गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली में विदेशी शराब की करते थे आपूर्ति












तीन लोगों को आयातित शराब की काला बाजारी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विभाग के आबकारी खुफिया ब्यूरो के सहायक आयुक्त आलोक कुमार ने बताया कि मोती नगर पुलिस थाने में दर्ज मामले पर अमित अग्रवाल, उनके कर्मचारी भूपेश और तीसरे व्यक्ति हरचरण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने बताया कि विदेश से मंगाई गई शराब को डिफेंस कॉलोनी और आस पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से बेचा जाता था। आरोपी अर्जेंटीना और चिली से मंगाई गईं 1600 रूपए मूल्य वाली शराब की बोतलों को आधे दामों में बेच देते थे। कुमार ने एक बयान में कहा कि हमें सूचना मिली थी कि विदेशों से मंगाई गई शराब को क्लब, बार, फार्महाउस और अन्य ग्राहकों को बेचा जा रहा है। हमने इन सूचनाओं पर काम किया और ईआईबी ने रैकेट का भंडाफोड किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से दो वाहन और 20 पेटी आयातित शराब बरामद की गई है।

अधिकारी ने बताया कि अग्रवाल के ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में आयातित शराब के लिए कस्टम के तीन गोदाम है। वह आयातित शराब के फर्जी ऑर्डर करता था और उसकी काला बाजारी करता था।

## चार दिनों से लापता युवक का शव नाले में मिला, बंधे थे हाथ-पैर

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** अलीपुर थाना इलाके में चार दिनों से लापता युवक का शव रविवार सुबह नाले में मिला। मृतक युवक का नाम मनीष कुमार (22) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। बताया जा रहा है कि मनीष के पैर बंधे हुए थे। शुरूआती जांच के बाद पुलिस अधिकारी का कहना है कि युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए नाले में फेंका गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मनीष नरेला में सपरिवार रहता था। वह एक निजी ट्रांसपोर्टर के पास ब्रोकर का काम करता था। गत 11 सितंबर को मनीष किसी काम से गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसे बहुत तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में दर्ज करवाई थी। रविवार सुबह एक शख्स के शव को नाले में तैरते हुए देखा। उसने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। जांच के बाद मृतक की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई। पुलिस अधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही पता चलेगा कि युवक की मौत कैसे हुई है। पुलिस आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल मामले की छानबीन कर रही है।

## खबर संक्षेप

### गुप्ता ने 6 ओपन जिमों को जनता को किया समर्पित

**नई दिल्ली।** रोहिणी के विधायक और दिल्ली विधानसभ में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी के विभिन्न 6 पार्कों में 6 नवनिर्मित ओपन जिमों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किए। यह 6 नव निर्मित ओपन जिम प्रशांत विहार के ए, बी, एफ व सेक्टर 15 के इ व एफ ब्लॉक और कैनरा अपार्टमेंट के पीछे के नगर निगम पार्क में लगाए गए है। गुप्ता ने जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ओपन जिम खुल जाने से रोहिणी क्षेत्र के नागरिकों में सुबह शाम पार्क की सैर और ओपन जिम का उपयोग करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की आदत बढ़ी है। खराब जीवनचर्या और जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली गंभीर बीमारियों से लोगों का बचाव होगा।

### प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे दिल्ली : महापौर कांगड़ा

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट पर निगम के स्कूलों के बच्चों ने -प्लास्टिक को न कहें- शीर्षक के माध्यम से नाटिका प्रस्तुत की गई जिसके चलते एक साथ वहां मौजूद हजारों लोगों में जागरूकता आई है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार इस नाटिका में प्लास्टिक से धीरे धीरे प्रकृति को होने वाली क्षति को स्पष्ट दर्शाया गया है। उपस्थित लोगों ने नाटक से मिले संदेश का जम कर प्रचार करने की वचनबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर दक्षिणी निगम की महापौर सुनीता कांगड़ा ने कहा कि हम सब मिल कर दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बना कर प्राकृतिक संसाधनों, नदियों, पर्यावरण और मानव जाति तथा अन्य जीवों को बचायेंगे।

### 36 वां महिला कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस के 36 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिष्ठा मुखर्जी, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव व राजेश लिलोठिया सहित अन्य नेता मौजूद थे। ध्वजारोहण के मौके पर दोनों कार्यकारी अध्यक्षों ने कहा कि आधी महिला शक्ति के बिना किसी भी चीज की कल्पना करना व्यर्थ है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में काबलियत साबित कर चुकी है। प्रदेश इकाई अध्यक्ष मुखर्जी ने शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस 15 सितंबर 1984 को राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन से एक स्वतंत्र फ्रंटल संगठन के रूप में कार्य करने लगी थी।

### तीन लाख से ज्यादा आरएफआईडी टैग बिके: एसडीएमसी

# सिर्फ 14,654 गाड़ियों के मालिकों चालकों ने टैग को कराया रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में प्रवेश करने वाले 2,600 से ज्यादा व्यावसायिक वाहनों में आरएफआईडी टैग नहीं होने या रिचार्ज राशि कम होने पर उन पर चालान किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार आधी रात से सिर्फ उन व्यावसायिक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश की इजाजत दी गई है जिन पर आरएफआईडी टैग लगे हुए हैं। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने एक बयान में बताया कि 13 सितंबर की मध्य रात्रि से दिल्ली में 13 प्रवेश स्थल से प्रवेश करने वाले 2,625 व्यावसायिक वाहनों पर जुर्माना किया गया है। इन वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग नहीं था या उनके टैग में रिचार्ज राशि अपर्याप्त थी। बयान में बताया गया है कि इन वाहनों के मालिकों या चालकों पर टोल राशि और पर्यावरण मुआवजा शुल्क (ईसीसी) का दोगुना जुर्माना लगाया गया है। एसडीएमसी ने कहा कि यह भी देखा गया है कि तीन लाख आरएफआईडी से ज्यादा टैग बिकने के बावजूद, वाहन मालिक या चालक अपने टैग रिचार्ज कराने के प्रति 'अनिच्छुक' हैं। नगर निकाय के मुताबिक, रविवार तक सिर्फ 14,654 गाड़ियों के मालिकों या चालकों ने अपने टैग को रिचार्ज कराया है और सिर्फ 3,226 वाहनों ने 13 टोल द्वारों से दिल्ली में प्रवेश के दौरान आरएफआईडी टैग से भुगतान किया। एसडीएमसी ने कहा कि यह भी देखा गया है कि कुछ गाड़ियों ने जुर्माने से बचने के लिए निशुल्क लेन से दिल्ली में प्रवेश किया था। इन गाड़ियों की पंजीकरण संख्या नोट कर ली गई है।




## टैग सिस्टम को नहीं पता वाहन भरा है या खाली

दया राम नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में प्रवेश के दौरान लगने वाले कमर्शियल वाहनों के जाम के चलते होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली के 13 प्रमुख बॉर्डरों पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडंटीफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) टैग सिस्टम की शुरुआत की गई लेकिन लेकिन प्रशासन ने सिस्टम की बारिकियों पर ध्यान नहीं दिया जिसके चलते निर्धारित जुर्माना राशि देने के बाद भी कमर्शियल वाहन चालकों को हर रोज भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। टैग बनवाने के बाद टैग सिस्टम यह नहीं पहचान पा रहा है कि वाहन भरा हुआ (किसी सामान आदि से) है या खाली है। टैग रीडर सिस्टम से टोल से वाहन गुजरते ही भरे हुए वाहन के रूप में राशि काट लेता है जिसका ट्रांस्पोर्टर्स भारी विरोध कर रहे हैं। ऑल इंडिया मोटर्स ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के नॉर्थ जोन उपाध्यक्ष हरीश सभरवाल का कहना है कि प्रशासन ने पूरी तैयारियों के साथ टैग सिस्टम को लांच नहीं किया। वहीं, टैग रिचार्ज कराने के बाद राशि भी टैग में नहीं आती है और वाहन सिस्टम के नीचे आते अपर्याप्त राशि दिखाता है जबकि ट्रांस्पोर्टर राशि टैग में डाल चुका होता है। बताया जाता है कि सर्वर की तकनीकी खराबी के चलते ऐसा हो रहा है। वहीं, निगम प्रशासन का कहना है कि खाली वाहन को कुछ दूरी पर आगे जाकर जांच करानी होगी, जिसके बाद टैग में निर्धारित राशि तुरंत लौटा जाएगी। टाटा 407, 409, कैंटर, निशान व इसी प्रकार के कमर्शियल हल्के वाहन, 6 पहिये वाले कमर्शियल खाली ट्रक का टोल 700 रुपये है जबकि टैग से 1400 रुपये कट रहे हैं। वहीं, 10 व 14 पहिये वाले कमर्शियल वाहन का टोल 1300 रुपये हैं और प्रवेश के समय टैग से 2600 रुपये कट रहा हैं।



### टोल प्लाजा केंद्र प्रशासन के साथ होती है कहासुनी

खाली व भरे वाहनों को लेकर प्रशासन और ट्रांसपोर्टर्स दोनों परेशान है। इस मामले में हर रोज कहासुनी रही है। राशि कटने के बाद राशि का भुगतान कैसे होगा, इस बारे में स्पष्ट रूप से कोई कुछ नहीं बोल रहा है।

# देशभक्ति पाठ्यक्रम: पांच सदस्यीय समिति गठित

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



■ समिति राष्ट्रवाद पर मौजूदा विमर्श को फिर से परिभाषित करेगी : सिसोदिया

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को यहां कहा कि दिल्ली सरकार ने स्कूलों में लागू किये जाने वाले 'देशभक्ति पाठ्यक्रम' पर काम करने के लिये एक पांच सदस्यीय समिति गठित की है जो राष्ट्रवाद पर मौजूदा विमर्श को फिर से परिभाषित करेगी। सिसोदिया ने कहा कि यह विमर्श अभी भारत माता की जय के नारे तक सीमित है और जोर देकर कहा कि बच्चों को यह सीखना चाहिए कि राष्ट्रवाद का मतलब रोजमर्रा की जिंदगी में देश के लिये कुछ करना है। सिसोदिया दिल्ली के शिक्षा मंत्री भी हैं। उन्होंने उस सुझाव को खारिज कर दिया कि आम आदमी पार्टी की सरकार विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के एजेंडे की नकल करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद न तो भाजपा का है और न ही आम आदमी पार्टी का। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनकी सरकार अगले साल स्कूलों में 'देशभक्ति पाठ्यक्रम' शुरू करेगी जिससे देशभक्त नागरिकों का एक वर्ग तैयार किया जा सके। सिसोदिया ने एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रवाद की हमारी परिभाषा बहुत अलग है। देशभक्ति सिर्फ भारत माता की जय का नारा लगाना नहीं बल्कि देश के लिये अपना योगदान देना है। एक बच्चे को यह सीखने की जरूरत है कि जब कोई सड़क पर रेडलाइट जंप करता है या घूस देता है तो वह देश को धोखा देता है और यह पाठ्यक्रम इसी बारे में है। सिसोदिया ने कहा कि पाठ्यक्रम के मसौदे पर एससीईआरटी, शैक्षणिक शोधकर्ताओं और शिक्षकों की पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह में मुख्यमंत्री के इस दल से मुलाकात करने की उम्मीद है।

### 'नया भारत देशहित के लिए कड़े निर्णय भी लेता है'

**नई दिल्ली।** नया भारत देशहित के लिए कड़े व सख्त निर्णय भी लेता है और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देना भी जानता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने रविवार को व्यापक जनसंपर्क एवं जन जागरण अभियान के तहत झिल-मिल कॉलोनी में इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन से स्वर्ण पदक विजेता मोहित शर्मा से मिलने के बाद कही।

### दिल्ली में रेलवे पुलिस का नियंत्रण कक्ष हुआ परेशान

# पिज्जा, बर्गर और रिजार्च के लिए आते हैं हेल्पलाइन नंबर पर 80 फीसदी कॉल

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रेलवे पुलिस को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि लोगों की मदद के लिए बनाई गई उसकी हेल्पलाइन नंबर पर रोजाना 80 फीसदी से अधिक कॉल पिज्जा और बर्गर की डिलीवरी, मोबाइल रिजार्च और ऐसे ही अन्य मामलों के संबंध में आते हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली में रेलवे पुलिस के नियंत्रण कक्ष में हेल्पलाइन नंबर 1512 पर रोजाना औसतन 200 कॉल आते हैं और इनमें से 80 फीसदी ऐसे कॉल होते हैं जिनमें यात्री स्टाफ से पिज्जा बर्गर जैसे खाने-पीने की चीजें डिलीवर करने की मांग करते हैं या रेलवे में नौकरियों के बारे में पूछताछ करते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फोन कर यात्री जिन चीजों की मांग करते हैं उसमें फोन रिचार्ज करने, पिज्जा पहुंचाने की मांग आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वे बर्गर, चाय, जूस, ठंडे पानी आदि की मांग करते हैं। उन्होने बताया कि कुछ ऐसे यात्री हैं जो बिजली का बिल जमा कराने के लिए अथवा ट्रेन टिकट की बुकिंग कराने के लिए पुलिस की सहायता मांगते हैं।



■ हेल्पलाइन नंबर पर रोजाना औसतन आते हैं 200 कॉल

### 2015 में शुरू हुई थी सेवा

रेलवे पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1512 की शुरुआत 2015 में की गई थी। इसका मकसद ट्रेनों में यात्रियों को आने वाली दिक्कतों की शिकायत अथवा रेलवे स्टेशनों या ट्रेनों में होने वाले अपराध के बारे में पुलिस को शिकायत दर्ज कराने में मदद करना था। पुलिस उपायुक्त (रेलवे) दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि रेलवे पुलिस का यह हेल्पलाइन नंबर देशव्यापी है लेकिन अधिकतर समय इसे पुलिस सहायता नंबर की तरह इस्तेमाल करने की बजाए लोग इसका उपयोग रेलवे पूछताछ के लिए करते हैं। पुलिस ने बताया कि वास्तव में लोगों को इस बात की जानकारी नहीं है कि इस हेल्पलाइन नंबर का मुख्य उद्देश्य क्या है और यही वजह है कि वे निरर्थक आग्रह करते हैं।

### आप विधायक सुखबीर दलाल के कार्यालय पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मुंडका विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधायक सुखबीर दलाल के कार्यालय के बाहर, हिरण कूदना में भाजपा जिला बाहरी दिल्ली के तत्ववाधान में केजरीवाल द्वारा टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थन किए जाने के विरोध में प्रचंड प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर वार्ड-36 के निगम पार्षद जयेंद्र डबास ने कहा कि केजरीवाल स्पष्ट करें कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री है या पाकिस्तान के। डबास ने कहा कि जिस प्रकार से वह देशद्रोहियों का समर्थन करते हैं और न्यायालय को कन्हैया के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं इससे साबित होता है कि केजरीवाल राष्ट्र विरोधियों के समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि निगम के डीबीसी कर्मियों ने डेंगू कम किया लेकिन केजरीवाल श्रेय लेने आगे आ गये। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि 70 वादे चुनाव से पहले किए थे उन पर आज तक कोई काम नहीं हुआ।

## विरोध जताया...



नई दिल्ली। दरियागंज पुस्तक बाजार के विक्रेताओं ने रविवार को महिला हाट में पुस्तक बाजार के स्थानांतरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। फोटो : एजेंसी

### केवल दस हफ्ते ही बची है केजरीवाल सरकार: तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल डेंगू की रोकथाम के लिए दस हफ्ते, दस बजे, दस मिनट अभियान के माध्यम से दिल्ली के करदाताओं की गाढ़ी कमाई को विज्ञापन में खर्च कर अपनी राजनैतिक स्वार्थ पूर्ति कर रही है। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर उक्त आरोप लगाते हुये कहा कि दस हफ्ते की बची हुई केजरीवाल सरकार दिल्ली के खजाने को अपनी निजी सम्पति समझकर दोनों हाथों से लूटा रही है। केजरीवाल द्वारा चलाये जा रहे अभियान केवल विज्ञापन मात्र में दिखाई दे रहा है क्योंकि डेंगू की रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम जन जागरण पहले ही फेल चुका है जिसका परिणाम दिल्ली के लोगों के सामने डेंगू के मामलों में आई कमी है।

## कारोबारी ने किया सेल अध्यक्ष पर हमले से जुड़े आरोपों से इनकार

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के अध्यक्ष पर हमले का षड्यंत्र रचने के आरोपी कारोबारी अशोक कुमार सिंह ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि न तो उनका और न ही उनके पुत्र का उस निजी कंपनी से कोई लाभकारी संबंध हैं जिसका कोयले की गुणवत्ता को लेकर पीएसयू के साथ विवाद है। सिंह ने अपने वकील एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरण के माध्यम से कहा कि निजी कंपनी और सेल के बीच मध्यस्थता सुनवायी न्यायमूर्ति अरिजीत पसायत के नेतृत्व वाले न्यायाधिकरण में चल रही है और केवल अंतिम निर्णय का इंतजार है। हरिहरण ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में उनकी ओर से कथित हमले जैसे किसी भी कृत्य का उनके लिए सिर्फ नकारात्मक प्रभाव होगा। सिंह को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गत छह सितम्बर को गिरफ्तार किया था और दिल्ली की एक अदालत ने नौ सितम्बर को उन्हें जमानत प्रदान कर दी। हरिहरण ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि पुलिस कैसे ऐसे 'निराधार बयान' देते हुए उनके मुवक्किल पर षड्यंत्र का आरोप लगा सकती है, वह भी ऐसे मामले में जो कि न्यायाधिकरण में विचारधीन है। उन्होंने कहा कि सिंह जांच प्राधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं और वह जांच में पूरा सहयोग दे रहे हैं।

# दिलशाद गार्डन-रिठाला लाइन पर मेट्रो खराबी से यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो ने एक बार फिर रविवार को यात्रियों को परेशान कर दिया। रेड लाइन दिलशाद गार्डन-रिठाला लाइन अंतर्गत सीलमपुर मेट्रो स्टेशन पर रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक फ्लेटफार्म नंबर एक पर दो बार तेज धमाके हुए और मेट्रो अचानक रूक गई। चलती मेट्रो में धमाके की आवाज होने और रूकने से यात्रियों में भय का माहौल बन गया। कुछ देर बाद दरवाजा खुलते ही यात्री प्लेटफार्म पर उतर गए। इस धमाके पर डीएमआरसी ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि रेड लाइन के सीलमपुर प्लेटफॉर्म पर कि शाम 4.35 बजे के समय एक ट्रेन की पैंटोग्राफ में मामूली रोशनी देखी गई थी, जो संभवत किसी बाहरी वस्तु की वजह से हो सकती है। यह कोई मांझा भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस कारण ओवर हेड वायर को नुकसान हुआ। तुरंत जांच की गई और उसके बाद मेट्रो सेवा को फिर से शुरू कर दिया गया। वहीं यात्रा कर रहे कुछ लोगों ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि एक बार तो ऐसा लगा जैसे बम फट गया हो। ऐसा भी महसूस हुआ जैसे मेट्रो के ऊपरी हिस्सों पर कुछ टूटकर गिरा हो। हादसे के समय ज्यादा भीड़ नहीं थी लेकिन इस हादसे की वजह से काफी देर तक यात्री परेशान रहे।



## सिंघु बॉर्डर मेट्रो: रणनीति बनाकर किया जाएगा घेराव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी बॉर्डर्स को दिल्ली मेट्रो रेल सेवा से जोड़ दिया गया है लेकिन दिल्ली देहात के सिंघु बॉर्डर को ही छोड़ दिया गया जबकि कुछ भी सकारात्मक टिप्पणी होने पर इसका श्रेय लेने की दौड़ में केंद्र व दिल्ली सरकार में जनप्रतिनिधि दोनों ही रहे हैं। ये बाते अलीपुर स्थित बड़े शिव मंदिर परिसर में मेट्रो रेल को लेकर आयोजित बैठक में कही गई। दिल्ली देहात विकास मंच के नेतृत्व में आसपास के करीब 15 गांव के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक में गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और उक्त दोनों सरकारों के प्रति नाराजगी जाहिर की। इस दौरान कहा गया कि अगर सिंघु बॉर्डर तक मेट्रो नहीं आई तो आगामी विधानसभा चुनाव से पहले विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री निवास का रणनीति बनाकर घेराव भी किया जाएगा। मंच के पदाधिकारी हरपाल सिंह राणा ने बताया कि अकेला सिंघु बॉर्डर ऐसा बॉर्डर है जिससे मेट्रो को नहीं जोड़ा गया है जबकि जीटी करनाल रोड पाकिस्तान की सीमा तक जाता है। इस मेट्रो लाइन के बनने से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तक के आने वाले व्यक्तियों को सुविधा का लाभ मिलेगा। यहां इस संबंध में 21 व्यक्तियों की एक समिति भी बनाई गई जो केंद्र व दिल्ली सरकार, मेट्रो के अधिकारियों से मुलाकात करके आगे की रणनीति बनाएगी। बैठक की अध्यक्षता चौधरी देवी सिंह मान ने की।

### मुख्यमंत्री ने पश्चिम दिल्ली के त्रिनगर में लोगों को किया जागरूक

# लोग अपने आसपास मच्छरों को पनपने से रोकें: केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के '10 हफ्ते, 10 बजे 10 मिनट' अभियान को तेज करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने रविवार को कुछ इलाकों का दौरा किया और लोगों से अपने आसपास मच्छरों को पनपने से रोकने की अपील की। पश्चिम दिल्ली के त्रिनगर इलाके में दौरे के बाद, केजरीवाल ने दावा किया कि अभियान अब तक 'कामयाब' रहा और डेंगू के मामले कम हुए हैं। एक सितंबर को शुरू किए गए अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वह हर रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट देकर नालियों में ठहरे हुए पानी को साफ करें जिसमें मच्छर पैदा हो सकते हैं। यह अभियान मध्य नवंबर में खत्म होगा। केजरीवाल ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि यह अभियान अब तक सफल रहा है और डेंगू फिलहाल नियंत्रित है। बीते तीन-चार साल के दौरान डेंगू के कई मामले आए थे। बीमारी के चक्र के मुताबिक, इस बार डेंगू के बड़े पैमाने पर फैलने का अंदेशा था लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि डेंगू दिल्ली में काफी कम हुआ है। उन्होंने त्रिनगर में कहा कि डेंगू मच्छर का दायरा 200 मीटर होता है। अगर लोग अपने घरों में मच्छर का प्रजनन रोकें और पड़ोसियों को इसके लिए प्रत्साहित करें तो दिल्ली इस बीमारी से बच सकती है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने घर का निरीक्षण किया और अपने निर्वाचन क्षेत्र पांडव नगर में दौरा कर लोगों से भी ऐसा ही करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन ने अपने निर्वाचन क्षेत्र शकूर बस्ती के पश्चिम विहार इलाके का दौरा किया और जागरूकता फैलाई। दिल्ली सरकार इस अभियान में तीन हजार से ज्यादा आरडब्ल्यूए को साझेदार बनाने पर विचार कर रही है, ताकि शहर के रिहायशी इलाकों में और सघन निरीक्षण हो सके। सात सितंबर तक डेंगू के 122 मामले आए हैं जिसमें 30 इस महीने में और 52 अगस्त में सामने आए हैं। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक, पिछले साल डेंगू के 2,798 मामले आए थे और चार मौतें हुई थी। एसडीएमसी शहर में बीमारी के आंकड़ों का संकलन करती है।



### आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे डीबीसी कर्मी

**नई दिल्ली।** तीनों निगमों के डेंगू ब्रीडिंग चेकर्स (डीबीसी) कर्मी आज सोमवार से सिविक सेंटर के गेट नंबर- 5 पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जा रहे हैं जब तक तक मांगे नहीं मानी जायेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी राम पाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली की तीनों नगर निगमों में करीब 3500 डीबीसी कर्मी कार्यरत हैं, लंबे समय से निगम प्रशासन उनके लिए स्थायी एवं पद सृजन नहीं कर पाया है। बार-बार मांग किए जाने के बाद सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहें हैं और अब तो हमारे कार्य को लेकर दिल्ली सरकार व निगम श्रेय ले रहे हैं लेकिन हमारी दयनीय स्थिति को लेकर मांगों पर निर्णय नहीं लिया जा रहा है।





## खबर संक्षेप



### तेलंगाना में पंच लगाएंगे किले के 21 किक प्लेयर

**फरीदाबाद।** 17 से 20 सितंबर 2019 तक करीमनगर, तेलंगाना के भीमराव आंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली चार दिवसीय राष्ट्रीय कैडेट्स एवं जूनियर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की 42 सदस्यीय टीम में फरीदाबाद किले के 21 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। फरीदाबाद किला किकबॉक्सिंग संघ एवं हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने रविवार को बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किले के खिलाड़ियों का चयन उनके पिछले राज्य/ राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, और पूरी उम्मीद है की इस बार भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए फरीदाबाद से भगीरथ शर्मा एवं सचिन गोला को टीम कोच नियुक्त किया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में तिलपता कंटेनर डिपो के सामने शनिवार शाम एक कंटेनर की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में मोटरसाइकिल पर बैठी महिला व मोटरसाइकिल सवार महिला का बहनोई घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस पर मौजूद कर्मचारियों ने महिला को दादरी स्थित सामुदायिक केंद्र पर भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन ने सामुदायिक केंद्र पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने परिजन को समझा बुझाकर मामला शांत किया। वहीं, पुलिस ने बताया कि दादरी के गौतमपुरी मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय नीतू की शादी सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के संतोषनगर कॉलोनी निवासी एक युवक से हुई थी। महिला ग्रेटर नोएडा की एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करती थी।

### राठी होंगे गुरुग्राम से आप के प्रत्याशी

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के राज्यभा सांसद एवं हरियाणा प्रभारी डॉ.सुशील गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद की मौजूदगी में गुरुग्राम विधानसभा के प्रत्याशी के लिए प्रदेश प्रवक्ता आरएस राठी का ऐलान किया। सुशील गुप्ता इफको चौक स्थित सुखराली कम्युनिटी सेंटर में आप कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से डगमगाई हुई है। लेकिन, बीजेपी सरकार के पास इसके नियंत्रण के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। दिल्ली सरकार ने जनहित योजनाओं पर काम कर जनसेवा की है वहीं बीजेपी की हरियाणा सरकार पिछले पांच साल में अपने चुनावी घोषणा पत्र के मुद्दों पर भी काम नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि राठी पिछले 10 साल में लगातार दो बार पार्षद रहते हुए जनता के बीच खरे उतरे है।

### रामलीला मंचन की तैयारी में जुटे कलाकार

**फरीदाबाद ।** रामलीला मंचन की तैयारियों के चलते फरीदाबाद में कलाकारों ने अभ्यास करना शुरू कर दिया है। श्री श्रद्धा रामलीला कमेटी, श्री विजय रामलीला कमेटी तथा श्री धार्मिक लीला कमेटी के कलाकार इन दिनों देर रात तक अभ्यास कर रहे हैं। कहीं 23 सितंबर से तो कहीं 27 सितंबर से रामलीला मंचन का शुभारंभ किया जाएगा। श्री श्रद्धा रामलीला कमेटी हर वर्ष बड़े ही खूबसूरत पंडाल में रामलीला का मंचन करती है। इस बार भी कमेटी की ओर से तैयारियां चल रही हैं। श्री श्रद्धा रामलीला कमेटी के मंच पर मोहित वशिष्ठ राम, युगंधा वशिष्ठ सीता, अनिल चावला लक्ष्मण, श्रवण चावला रावण, कैलाश चावला हनुमान तथा अजय खरबंदा दशरथ की भूमिका में होंगे। लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले कलाकार अनिल चावला ही निर्देशक हैं।

## फरीदाबाद में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# बेरोजगारी, विकास के मुद्दे पर सैलजा व हुड्डा ने मोदी व मनोहर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद में रविवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष कुमारी सैलजा एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बेरोजगारी, विकास, कानून व्यवस्था व बिगड़ती अर्थव्यवस्था पर केंद्र व प्रदेश सरकार को घेरा। लोगों को संबोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने देश व प्रदेश की जनता से खोखले वायदे कर सत्ता तो हासिल कर ली, किन्तु किसी भी वायदे को अभी तक पूरा नहीं किया है और प्रदेश की जनता अपने आपको लुटा-ठगा सा महसूस कर रही है। अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस भाजपा की जनविरोधी नीतियों के संदर्भ में जन-जन को अवगत कराए और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम करें। आर्थिक मंदी पर बीजेपी सरकार को घेरते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की जीएसटी व नोटबंदी की जनविरोधी नीतियों के चलते देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है और फरीदाबाद जैसे औद्योगिक शहर से उद्योग बंद हो रहे है। उद्योगों के बंद होने से श्रमिक बेरोजगार हो रहे है, उनके सामने आर्थिक संकट गहरा रहा है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से अकेले हरियाणा में 16 लाख बेरोजगारों ने रोजगार कार्यालयों में पंजीकरण कराया हुआ है, किंतु उन्हें



रोजगार के अवसर पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर सरकार को आइना दिखाते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों पर गड्ढे, गंदगी के ढेर व आवरा घूमते पशु फरीदाबाद की पहचान बन गए है। केंद्र की यूपीए सरकार ने जेएनयूआरएम परियोजना शुरु कर फरीदाबाद का नक्शा ही बंद दिया था।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने नौकरियों के नाम पर प्रदेश के पढ़े-लिखे युवाओं को छलने का काम किया है, जहां कांग्रेस सरकार में 10वीं-12वीं पास को चपरासी व ग्रुप फोर की नौकरी दी जाती थी परंतु आज खट्टर सरकार पारदर्शिता के नाम पर एमए, एमबीए, एमए/बीएड जैसे सुशिक्षित युवाओं को चपरासी के पद पर बिठाकर उन्हें अपमानित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011-12 में जहां प्रदेश में बेरोजगारी दर 2.8 प्रतिशत थी वहीं भाजपा सरकार में बेरोजगारी दर बढ़कर 8.8 पहुंच गई है। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद बेरोजगारों को नौ हजार रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा किया था परंतु बेरोजगारी भत्ते का इंतजार करते-करते पांच साल बीत गए, बेरोजगारों को कोई भत्ता नहीं तो नहीं मिला लेकिन आज युवा व्हाट्सअप व फेसबुक को देखकर अपना समय काटने को मजबूर है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि हरियाणा 1966 से लेकर 2014 तक हरियाणा प्रति व्यक्ति आय व निवेश के मामले में नंबर वन पर था, जबकि भाजपा सरकार में आज हरियाणा प्रति व्यक्ति आय में 14वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने वर्ष 2014 में सत्ता छोड़ी थी तो हरियाणा पर 66 हजार करोड़ का कर्ज था परंतु पांच सालों के दौरान हरियाणा पर आज एक लाख 70 हजार करोड़ का कर्ज हो गया है, यानी आज अगर प्रदेश में कोई बच्चा पैदा होता है तो वह अपने ऊपर 71 हजार रुपये का कर्जा लेकर पैदा होता है। ऐसा तब है, जब इस पांच सालों के दौरान न तो कोई मेट्रो परियोजना चलाई गई और न ही कोई बड़ी विकास की परियोजना का ही शुभारंभ हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं आह्वान किया कि अब चुनावी समय आ गया है इसलिए कार्यकर्ता भाजपा की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाए ताकि इस जनविरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ा जा सके।

### एफएआर बढ़ाने से जनता के साथ सरकार को भी लाभ : राव नरबीर सिंह




**गुरुग्राम।** लोक निर्माण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जनता के हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार ने एफएआर (फ्लोर एरिया रेश्यो) बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसी तरह सभी फैसले जनता के हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार ने लिए हैं। अगली बार 75 पार का नारा सरकार का नहीं बल्कि जनता का है।

रविवार को होम डेवलपर्स एसोसिएशन, प्लॉट होल्डर्स एसोसिएशन एवं विभिन्न आरडब्ल्यूए की ओर से सोहना रोड वाटिका चौक के नजदीक आयोजित अपने सम्मान समारोह में राव नरबीर सिंह ने एफएआर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि टाउन एंड कंट्री प्लानिग विभाग उनके पास ही है। जन आशीर्वाद यात्रा में 28 अगस्त को उनके समक्ष मांग रखे जाने के दो दिन में ही उन्होंने एफएआर बढ़वा दिया। नरबीर ने कहा कि पांच साल में जितने कार्य किए गए, उतने पहले कभी नहीं हुए।

विकास के साथ-साथ इसे स्वच्छ, सुंदर व हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। इसके लिए हर नागरिक को पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने और कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी चार साल तक बच्चों की तरह देखभाल करने का दृढ़ संकल्प लेने की जरूरत है।

## नाराज छात्रों ने रखा खाना व किचन में मौजूद सामान फेंका

# भोजन में मिला मीट छात्रों ने किया बवाल

एजेंसी ▶▶| नोएडा

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित ऑक्सफोर्ड कैप्स हॉस्टल में छात्रों को दिए गए छोले में मांस का टुकड़ा मिला। खाने में मांस मिलने पर हास्टल में रहने वाले शाकाहारी छात्र भड़क गए। छात्रों ने धर्म भ्रष्ट करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। नाराज छात्रों ने रखे खाने व किचन में मौजूद अन्य सामान को फेंक दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार छात्रों को शांत कराया। छात्रों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने हास्टल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नॉलेज पार्क स्थित ऑक्सफोर्ड हॉस्टल के छात्रों का कहना है शनिवार रात में हॉस्टल के डिनर में छोले दिए गए थे।



आरोप है कि जब छात्र खाना खा रहे थे तो छोले में चिकन व पनीर के टुकड़े मिले। हड्डी के कारण चिकन पहचान में आ गया। इस पर मौजूद सभी छात्र भड़क गए। छात्रों ने बताया शाकाहारी के लिए पनीर की सब्जी और अन्य के लिए चिकन श्राद्ध शुरू होने से एक दिन पहले बना था। इन दोनों बची हुई सब्जियों को छोले में मिलाकर शनिवार रात छात्रों को परोस दिया गया। छात्रों का कहना है जब किचन में जाकर देखा गया तो छोले में पनीर व मांस के टुकड़े और मिले। खाने में मांस व एक दिन पहले का बचा हुआ खाना मिलाकर खिलाने के मामले में सभी छात्र भड़क गए। छात्रों का गुस्सा देखकर वहां पर काम करने वाले कर्मचारी सहम गए। उन्होंने गलती के लिए हाथ जोड़कर छात्रों से माफी मांगी।

हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन देकर वापस लौट आई। छात्रों का कहना है कि पुलिस ने आरोपितों पर कार्रवाइ नहीं की। इसके चलते शनिवार रात साढ़े आठ से लेकर तड़के तीन बजे तक छात्रों ने धरना भी दिया। आरोप है कि रविवार सुबह हॉस्टल प्रबंधन ने हंगामा करने पर बाउंसर बुलाने की धमकी दी। इससे छात्र दोबारा भड़क गए। छात्रों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## किचन वेस्ट के सदुपयोग से गैस मिलेगी भरपूर

# बायोगैस प्लांट का विस्तार करे आईओसीः धर्मेंद्र प्रधान

**फरीदाबाद।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा बायोगैस का पहला प्लांट बनाकर सराहनीय शुरुआत की है, अब इसे विस्तार देने की भी जरूरत है। इस प्लांट को न केवल और बड़ा किया जाए बल्कि अन्य शहरों में भी इस तरह के प्लांट बनाए जाएं ताकि किचन वेस्ट का सदुपयोग हो सके और गैस भी भरपूर मिले। यह बात रविवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईओसी द्वारा निर्मित बायोगैस प्लांट के उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। आईओसी ने सेक्टर-13 में बायोगैस प्लांट बनाया है। इसमें किचन वेस्ट व अन्य प्रकार का गीला कचरा आता है, जिससे बायोगैस बनाई जाती है।




**आईओसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र का निरीक्षण भी किया:** धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन के लिए ऐसे प्लांट की स्थापना करना जरूरी है। उन्होंने आईओसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर प्रदेश के उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि जितनी समस्या कूड़े के निस्तारण की है, उससे भी जरूरी है इसका सदुपयोग। आइओसी ने ऐसा प्लांट तैयार कर दिया है जिससे एक साथ दो समस्याओं का हल होगा।

## पीसीआर तैनात

### बच्चों को धमकाने पर दो पक्ष भिड़े, हुआ पथराव

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर ब्लॉक ए में बच्चों को धमकाकर दूर जाकर खेलने की कहने पर शुरू हुआ झगड़ा दो समुदायों की लड़ाई बन गया। दोनों तरफ से जमकर पथराव हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और बड़ा बवाल होने से बच गया। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से राजीनामा हो गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात समुदाय विशेष के बच्चे गली में खेल रहे थे। वहां बहुसंख्यक समुदाय के एक बुजुर्ग ने बच्चों को धमकाते हुए थोड़ी दूर जाकर खेलने के लिए कह दिया। इस पर बच्चों के भाई ने बुजुर्ग से गाली-गलौंज कर दी। बुजुर्ग के बेटों को इसका पता चला तो उन्होंने ऐतराज जताया। इस पर बात बिगड़ गई। आरोप है कि समुदाय विशेष ने गांव बड़खल व नजदीक की एक कॉलोनी से अपने लोगों को बुला लिया। शुरुआत में एक-दूसरे को समझाने का प्रयास हुआ, मगर भीड़ में से किसी ने बहुसंख्यक समुदाय के घर की तरफ पथराव कर दिया। उन्होंने भी जवाब में पथराव कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने भी उनका साथ दिया। दोनों तरफ पांच-छह लोग पत्थर लगने से मामूली रूप से घायल हो गए। इसी बीच पुलिस को भी किसी ने सूचना दे दी। एसजीएम नगर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया। झगड़ा ज्यादा ना बढ़े, इसलिए मौके पर पीसीआर तैनात कर दी गई।

## कार्यक्रम आयोजित

### रैपिड मेट्रो के सामाजिक व आर्थिक लाभ बताए

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने रविवार को वसुंधरा में रैपिड रेल सामाजिक व आर्थिक लाभ से लोगों का एक कार्यक्रम का आयोजन कर अवगत कराया।



कार्यक्रम के दौरान एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को आरआरटीएस परियोजना के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक लाभों, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की निर्माण योजना और निर्माण के दौरान जनता को होने वाली असुविधाओं को कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने ना केवल एनसीआरटीसी के अधिकारियों के साथ पूरी तरह से चर्चा की बल्कि परियोजना से संबंधित बहुमूल्य सुझाव भी दिए। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने भी नागरिकों के शंकाओ का समाधान किया। नागरिकों ने परियोजना के समय पर क्रियान्वयन के लिए एनसीआरटीसी को अपना पूरा समर्थन दिया।

## लोगों को करेंगे जागरुक

### पीएम के जन्मोत्सव को नशा मुक्ति सप्ताह के रुप में मनाएगा आरएसएस

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव सप्ताह को विश्व हिन्दू परिषद नशा उन्मूलन सप्ताह के रुप में मनाएगी। इस दौरान परिषद के पदाधिकारी किले के सुदूर गांवों में जाकर युवाओं को नशे के कुप्रभावों के संदर्भ में जागरुक करेंगे। विश्व हिन्दू परिषद के किलाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चौ. रामचंद्र बैंदा के पुत्र दयानंद बैंदा ने जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले होडल व हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांवों सौंध, बंचारी, बहीन, गौडोता से की। इन गांवों में युवाओं को नशे के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के संदर्भ में बताते हुए दयानंद बैंदा ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को नर्क बना देता है। नशे के सेवन से व्यक्ति से रोगों से लड़ने की ताकत खत्म हो जाती है व वह अकाल मृत्यु के गाल में समय से पूर्व ही समा जाता है। नशे का सेवन करने वाले व्यक्ति की समाज में भी कोई अहमियत नहीं रह पाती है व लोग उसे हीन नजरों सेदेखते है। आजकल चोरी, बलात्कार, छीना झपटी की वारदात बढ रही है, वह भी नशे के चलते बढ़ रही है क्योंकि नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति कोई कामकाज तो कर नहीं पाता है और नशे उसे अवश्य चाहिए तथा पैसा न होने की स्थिति में चोरी, लूटपाट जैसी वारदातों को अंजाम दे डालता है।



## न्यूज डायरी

### कहासुनी पर रिश्तेदार की चाकू घोंपकर हत्या

**गुरुग्राम।** पटौदी क्षेत्र के खंडेवला मोड़ पर कहासुनी होने पर दो युवकों ने अपने ही रिश्तेदार की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। चाकू घोंपने के बाद आरोपित युवक घायल रिश्तेदार को अस्पताल भी लेकर पहुंचे। लेकिन, वहां उसकी मौत होने की सूचना पर शव को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपित युवकों की तलाश में जुट गई है। गांव गुढ़ाना के राजेश ने जाटौली हेलीमंडी में खंडेवला मोड़ पर सरस डेयरी खोली है। राजेश के दो बेटे अनैतिक व मयंक अपनी गाड़ी पर अपने दूर के रिश्तेदार जोड़ी खुर्द निवासी हेतराम को बतौर कंडक्टर ले गए थे। रात को शराब पीने के बाद उनमें कहासुनी हो गई थी। सुबह जैसे ही हेतराम उनकी दुकान पर पहुंचे तो गुस्साए अनैतिक एवं मयंक ने उसको चाकू घोंप दिया। जिससे हेतराम घायल होकर गिर पड़ा। बाद में अनैतिक एवं मयंक उसे पटौदी के सामान्य अस्पताल ले गए लेकिन हेतराम की मौत हो गई। दोनों युवक शव को लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गए। यह झगड़ा सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। पटौदी थाना पुलिस ने हेतराम के भाई सुनील की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### दो मकान से लाखों की चोरी

**गुरुग्राम।** पालम विहार क्षेत्र में चोरों ने दिनदहाड़े दो घरों के दरवाजे काटकर लाखों की नकदी व ज्वैलरी पर हाथ साफ कर लिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पालम विहार निवासी विक्रम सूरी दिल्ली के मोती नगर स्थित एक निजी कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट हैं। सुबह साढ़े दस बजे वे परिवार सहित दिल्ली गए थे। दोपहर बाद उनके पास पड़ोसी तरुणा सिंह का फोन आया कि दोनों के घर में चोरी हो गई। सूचना मिलते ही वह दिल्ली से लौट आए। देखा कि घर के मुख्य दरवाजे को काटकर चोरी की गई है। अंदर देखा तो अलमारी से ढाई लाख रुपये, सोने, चांदी एवं हीरे के सभी सामान गायब मिले। यहीं नहीं चोरों ने पड़ोसी तरुणा सिंह के घर का भी दरवाजा काटकर 80 हजार रुपये के साथ ही सोने, चांदी एवं हीरे के कई आभूषण पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अनुराग बख्शी ने शुरू किया महासंपर्क अभियान

**गुरुग्राम।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व आईआरएस अनुराग बख्शी ने सहयोगियों के साथ अपने शक्ति केंद्र सेक्टर 14 गुरुग्राम के बूथों पर घर-घर जाकर महासंपर्क अिभयान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार की पिछले पांच वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी और प्रचार सामग्री भी वितरित की। बख्शी रविवार सुबह अपने साथियों के साथ हुडा पार्क सेक्टर 14 पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों को मनोहर सरकार में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बख्शी ने उन्हें बताया कि प्रदेश में पहली बार स्पष्ट बहुमत से बनी भाजपा सरकार ने बेहद ईमानदारी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है।

### वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** रंगमंच से जुड़े कलाकारों का उत्साहवर्धन करने में जुटी गुरुग्राम आर्ट एंड थियेटर एकेडमी व प्रदेश की कला परिषद के सहयोग से दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सेक्टर 7 स्थित आर्य विद्या मंदिर स्कूल परिसर में किया। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र कक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डा. वाणी जैन व आर्य समाज के महासचिव नरेंद्र तनेजा शामिल हुए और उन्होंने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। कलाकार प्रिया मिश्रा के दिल मेरा मुफ्त का, बिल्लो रानी व डॉली शर्मा के लंबी जुदाई व हमें तुमसे प्यार कितना, मानवी के घर आजा सोनिया आदि गीतों ने श्रोताओं के दिल तारों को झिंझोड़ कर रख दिया।

### हरियाणवी सिंगर एमडी के गीतों पर झूमे लोग

**गुरुग्राम।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नेहरू स्टेडियम में आयोजित मैराथन कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी सिंगर एमडी भी पहुंचे। उन्होंने यहां पर गीतों के माध्यम से यहां पहुंचे बच्चे, बड़े, युवाओं, बुजुर्गों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बीजेपी जिला सचिव नवीन गोयल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में एमडी ने न केवल यहां पर गीतों से मनोरंजन किया, बल्कि इससे पूर्व उन्होंने हुई पांच किलोमीटर की मैराथन रन में भी भाग लिया।

## एलिवेटेड रोड पर उत्तर प्रदेश की पहली हाफ मैराथन

# स्वस्थ हृदय के लिए 21 किलोमीटर दौड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

विश्व हृदय रक्षा माह के अवसर पर स्वस्थ हृदय के लिए रविवार सुबह एलिवेटेड रोड पर उत्तर प्रदेश की पहली 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। 21 किलोमीटर लंबी हाफ मैराथन, 10, 5 किलोमीटर दौड़ एवं पांच किलोमीटर वॉकाथन में दौड़े। यह हाफ मैराथन यशोदा हॉस्पिटल कौशाम्बी के तत्वावधान में आयोजित की गई। इस मैराथन में एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह हाफ मैराथन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिट इंडिया फिट इंडिया अभियान से भी प्रेरित थी।

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद जनरल वीके सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय



महासचिव अरुण कुमार सिंह अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। जबकि विशेष अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त पीके गुप्ता, विधायक संगीत सोम भी मौजूद रहे। फ्लैग ऑफ के दौरान यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.पीएन अरोड़ा एवं डायरेक्टर श्रीमती उपासना अरोड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा विशेष रूप से मौजूद थे।

### विदेशी लोग भी दौड़े

डॉ पीएन अरोड़ा ने इस बताया कि गाजियाबाद ही नहीं उत्तर प्रदेश में इस प्रकार की बड़े लेवल की 21 किलोमीटर की हॉफ मैराथन पहली बार आयोजित की गई है। इस मैराथन में विदेशी नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। दौड़ के दौरान मेडिकल पॉइंट, पब्लिक मोबाइल टॉयलेट, फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था, पानी एवं एनर्जी ड्रिंक की उपलब्धता भी जगह जगह पर रही। इस मैराथन में कौशांबी रनर्स क्लब, एक्सप्रेसवे रनर्स, क्रॉसिंग रिपब्लिक रनर्स, इंदिरापुरम रनर्स एवं परदादा परदादी एनजीओ, बुलंदशहर के बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। दूसरों को फिट रहने के लिए एक्सरसाइज, प्रतिदिन दौड़ एवं वॉक की नसीहत देने वाले डॉक्टरों ने भी जब सामान्य लोगों के साथ दौड़ लगाई तो लोगों ने इसका विशेष आनंद लिया तथा डॉक्टरों को वादा किया की वे उन्हें दौड़ता देख काफी प्रेरित हुए हैं और अब नियमित रूप से सैर एवं दौड़ को चालू रखेंगे। महिलाओं की 10 किलोमीटर की दौड़ में साक्षी प्रथम रहीं , दीपांशु जोशी दूसरे स्थान पर एवं बुलबुल तीसरे स्थान पर रहे वहीं पुरुषों की 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम रहे अनवर हुसैन, दूसरे स्थान पर रहे आयुष, तीसरे स्थान पर रहे दुष्यंत। महिलाओं की 21 किलोमीटर में प्रथम रही अमिता, द्वितीय रही सुषमा शर्मा, तृतीय रहीं प्रीति वहीं पुरुषों की 21 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर रहे मोहित, द्वितीय स्थान पर रहे पुष्पेंद्र, तृतीय स्थान पर रहे नागेंद्र।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा प्रशासनिक अमला

# दिल्ली से सटी सीमा पर चौकसी बढ़ाई

- दिल्ली-हरियाणा पुलिस ने की संयुक्त बैठक
- सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ नाकाबंदी की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आगामी विधानसभा चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से हरियाणा व दिल्ली पुलिस की एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। डीएसपी अजायब सिंह ने दिल्ली सीमा के साथ लगते हुए थाना प्रबंधकों की बैठक ली। अपराधों की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए सूचनाओं को एक दूसरे से सांझा करने पर सहमति बनी।

कॉर्डिनेशन बैठक में डीएसपी बादली अशोक कुमार, सीआईए प्रभारी सुरेंद्र सिंह व सत्यवान, सदर थाना प्रभारी रामनिवास, सेक्टर-6 एसएचओ मनोज कुमार, सिटी एसएचओ फूल कुमार, आसौदा थाना प्रभारी बीर सिंह, ट्रेफिक एसएचओ बलवान सिंह, जाफरपुर एसएचओ राजकुमार, नजफगढ़ एसएचओ सुनील कुमार, कंझावला एसएचओ रामअवतार, बाबा हरिदास नगर एसएचओ सीआर मीणा, मुंडका एसएचओ शीलवंत आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधिकारियों ने स्वीकार किया कि अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम व कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों को पकड़ने के लिए बिना किसी देरी के आपस में सूचनाओं का आदान प्रदान किया जाना चाहिए। बैठक में विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के मद्देनजर विचार विमर्श किया गया। सभी थाना प्रबंधकों को अपने अपने एरिया के किराएदार व घरेलू नौकरों की वैरिफिकेशन करवाने, संदिग्ध व्यक्तियों के पर्चे अजनबी कटवाने, वांछित उद्घोषित अपराधियों, बेल जंपर, पैरोल जम्पर तथा मोस्टवांटेड अपराधियों की धरपकड़ के लिए आपस में सूचनाओं के आदान प्रदान करने को लेकर चर्चा की गई। दिल्ली बॉर्डर के साथ लगते स्थानों पर नाकाबंदी करना तथा नाकाबंदी पर गहनता से चैकिंग के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। आने वाले दिनों में सीमा क्षेत्र में कड़ी चौकसी रहेगी।

## अपराधों की औसत संख्या में 2.5 प्रतिशत की कमी: यादव

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा अपराध पर की गई सख्ती का असर लगातार दिखाई दे रहा है। प्रदेश में अगस्त 2019 के दौरान गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में अपराध की औसत संख्या में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, क्राइम अगेंस्ट पर्सन व क्राइम अगेंस्ट प्रोपर्टी के मामलों में भी क्रमश : 1.2 प्रतिशत तथा 4.2 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस महानिदेशक



मनोज यादव ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस साल अगस्त माह में विभिन्न पुलिस थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण व अन्य अपराध की घटनाओं के कुल 12,220 मामले दर्ज किए गए, जोकि 2018 में इसी अवधि के दौरान दर्ज 12,535 मामलों से 315 कम है। उन्होनें कहा कि गत वर्ष अगस्त माह में क्राइम अगेंस्ट पर्सन के कुल 3037 मामलों की तुलना में इस साल अगस्त माह में 3000 मामले दर्ज किए गए जोकि पिछले वर्ष से 1.2 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार, प्रदेश ने अगस्त 2019 में क्राईम अगेंस्ट प्रोपर्टी से संबधित अपराध की कुल 3238 घटनाएं दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष से कम है।

## जाब सरकार की किसानों से पराली जलाने का चलन छोड़ने की अपील

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने रविवार को किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के संबंध में गुरु नानक देव के विचारों के अनुरूप पराली जलाने का अस्वास्थ्यकर चलन छोड़ दें। कृषि सचिव के एस पन्नू ने पराली जलाने के गंभीर दुष्प्रचारों को रे खां कि त करते हुए कहा कि आग से प र्या व र ण प्रदूषण तो होता ही है, साथ ही कई सूक्ष्मजीव भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि गत सप्ताह पंजाब कैबिनेट की बैठक में पारित प्रस्ताव में सर्वसम्मति से किसानों से अपील की गई कि वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के गुरु नानक देव के विचारों के अनुरूप पराली जलाने का अस्वास्थ्यकर चलन छोड़ दें। पन्नू ने कहा कि वर्तमान वित्तवर्ष के दौरान किसानों को 28 हजार पराली प्रबंधन मशीनें उपलब्ध करायी जाएंगी और इसमें 274 करोड़ रुपये की सब्सिडी शामिल होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष 28 हजार ऐसी मशीनें किसानों को उपलब्ध करायी थीं जिसमें 269 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई थी।

- वर्तमान वित्तवर्ष के दौरान किसानों को 28 हजार पराली प्रबंधन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी

## बठिंडा में हरसिमरत कौर ने लगाया पौधा



**बठिंडा।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने बठिंडा में आगामी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की साइट पर गुरु नानक देव की 550 वीं जयंती मनाने के लिए एक पेड़ लगाया।

# दुष्कर्म पीड़िता ने जहर खाया

## अस्पताल में उपचाराधीन, आरोपितों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

- खेत में काम कर रही थी युवती, गांव के युवकों पर दुष्कर्म का आरोप
- डीएसपी ने अस्पताल जाकर पीड़िता के बयान दर्ज किए

बाढ़ड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना से आहत हुई युवती ने घर पर रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पीड़िता की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से उसे दादरी सिविल अस्पताल में भेज दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी व उसके साथी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बाढ़ड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शनिवार दोपहर बाद अपने खेतों में काम कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही दो युवक वहां पहुंच गये और युवती को दबोच लिया। एक युवक ने युवती के हाथ पकड़ लिये तो दूसरे ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद घटना से आहत युवती ने घर पर रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन युवती को पहले तो बाढड़ा के ही एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दादरी के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाढड़ा डीएसपी अनिल कुमार भी देर रात अस्पताल में पहुंचे। डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि युवती के बयान पर आईपीसी की धारा 356, 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ईंट भट्टे पर दो श्रमिकों की हत्या कर भागा युवक अलीगढ़ से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाहरी के पास स्थित कृष्णा ईंट भट्ठे पर सो रहे साथी मजदूर सलीम व अमरूद्दीन की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित साजिद को पुलिस ने अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपित वारदात को अंजाम देकर पहले दिल्ली व वहां से अलीगढ़ भाग गया था। अलीगढ़ में वह अपने रिश्तेदार के पास छिपा हुआ था। जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

विदित रहे कि यूपी के जिला अलीगढ़ के महफूज नगर की गली नंबर-3 का रहने वाला अमरूद्दीन उर्फ धर्मेंद्र गांव नाहरी के पास स्थित कृष्णा ईंट-भट्ठे पर काम करता था। वह अपने घर से आते हुए तीन अन्य मजदूरों सलीम, सलीम के साले इसराफिक व अपने पड़ोसी साजिद को लेकर आया था। 6 सितंबर की रात को चारों खाना खाने के बाद ईंट के ढेर पर जाकर सो गए थे। 7 सितंबर को सुबह अमरूद्दीन व सलीम के शव पड़े मिले थे। पुलिस ने मामले में अमरूदीन के पिता इस्लाम के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस को सलीम के साले झारखंड के जिला गुमला के कुश निवासी इसराफिक की तलाश की तो वह दिल्ली में मिला था। बाद में उनके चौथे साथी की पहचान साजिद के रूप में हुई थी। वह अमरूद्दीन के पड़ोस में रहता था। कुंडली थाना पुलिस ने उसे अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया था। उसने ही वारदात को अंजाम देना कबूल किया था। पुलिस ने उसे रविवार को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। अरोपित ने बताया कि एडंवास के चार हजार रुपये से अपना हिस्सा मांगने पर उसका झगड़ा हो गया था। जिसकी रंजिश में उसने तीनों पर हमला किया था। उसने बताया कि वह तीनों की हत्या के बाद झूठी कहानी बनाकर बचना चाहता था। हालांकि इसराफिक के बचने के चलते वह कहानी नहीं बना सका और पकड़ा गया। उसने बताया कि वह वारदात को अंजाम देकर पहले दिल्ली व बाद में अलीगढ़ भाग गया था।

# एचटेट का प्रमाण-पत्र अब सात साल तक मान्य होगा

## हरियाणा सरकार ने दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा लिए जाने वाले हरियाणा अध्यापक पात्रता टेस्ट (एचटेट) के प्रमाण-पत्र की अवधि को अब पांच वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष कर दिया है।

इस बारे में एक प्रस्ताव को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गत दिनों हरियाणा अध्यापक पात्रता टेस्ट (एचटीईटी) के प्रमाण-पत्र की अवधि को बढ़ाने हेतु बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें केन्द्रीय अध्यापक पात्रता टेस्ट (सीटेट) की तर्ज पर एचटेट के प्रमाण-पत्र की अवधि सीमा को सात वर्ष करने का निर्णय लिया है।

**यह है टेस्ट का लक्ष्य**

प्रदेश में इस टेस्ट को आयोजित करवाने का उदेश्य देश में शिक्षा के क्षेत्र में गिरते मापदंडों में सुधार करते हुए गुणवत्तापरक शिक्षकों की तलाश करना है, ताकि देश और राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे। हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा वर्ष में एक बार हरियाणा अध्यापक पात्रता टेस्ट (एचटीईटी) को आयोजित किया जाता है। हर साल हजारों युवा इस टेस्ट को देते हैं।

## लुधियाना में जॉय राइड ट्रेन का डिब्बा पलटा, चार घायल

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना से करीब 40 किलोमीटर दूर छपार मेले में रविवार को एक जॉय राइड ट्रेन के एक डिब्बे के पलट जाने से एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान अमनपुरा के निवासी मानविंदर कौर, हरमिंदर सिंह, हनीप्रीत सिंह और हिमनप्रीत सिंह के रूप में हुई। इलाज कर रहे चिकित्सकों ने कहा कि हरमिंदर सिंह गंभीर रूप से घायल है। अन्य की हालत स्थिर है।

## पंजाब पुलिस ने अनुच्छेद 370 को लेकर प्रदर्शन रोका

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली प्रशासन द्वारा शहर में प्रवेश को लेकर लगाई गई निषेधाज्ञा का एक समूह ने रविवार को उल्लंघन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया। यह समूह जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द किये जाने का विरोध कर रहा था। पंजाब स्थित कुछ संगठनों ने कश्मीरी कौमी संघर्ष समर्थन समिति के झंडे तले दशहरा मैदान में प्रदर्शन की योजना बनाई थी। कुछ किसान संगठन भी इन प्रदर्शनकारियों के समर्थन में थे। अधिकारियों ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू की थी और पुलिस ने शहर के सभी प्रवेश बिंदुओं को सील कर रखा था। जो लोग मोहाली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और छात्रों के एक समूह, जिसने प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने की कोशिश की, उन्हें रोककर जिला प्रशासन द्वारा पहले से मंगवाई गई बसों में बैठाकर वापस भेज दिया गया। मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह चहल ने कहा कि किसी को भी प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं थी क्योंकि निषेधाज्ञा लगी हुई है और जिन लोगों ने शहर में प्रवेश की कोशिश की उन्हें वापस भेज दिया गया।

## एक आईएएस और एचसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण

- वरिष्ठ आईएएस राजीव रंजन को मत्स्य विभाग का महानिदेशक नियुक्त किया

**चंडीगढ़।** सरकार ने रविवार को एक आईएएस और दो एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए है। राजकोषीय प्रबंधन के स्वर्ण जयंती हरियाणा संस्थान के प्रबंध निदेशक राजीव रंजन को मत्स्य विभाग का महानिदेशक नियुक्त किया है। गन्नौर के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सुरेन्द्र पाल को सोनीपत जिला परिषद व डीआरडीए का मुख्य कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है।सोनीपत की सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक व सोनीपत डीआरडीए तथा सोनीपत जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी कुमार को गन्नौर का उपमंडल अधिकारी (नागरिक) व सोनीपत की सहकारी चीनी मिल का प्रबंध निदेशक लगाया गया है।

## पंजाब में नवविवाहित जोड़े की गोली मारकर हत्या, ऑनर किलिंग का संदेह

- महिला के परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ हत्या और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज

**तरनतारन (पंजाब)।** पंजाब के नौशेरा ढल्ला गांव में रविवार को ऑनर किलिंग (झूठी शान की खातिर हत्या) के संदिग्ध मामले में नव विवाहित जोड़े की कथित तौर पर वधू पक्ष ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सराय अमानत खान पुलिस थाने के प्रभारी किरनजीत सिंह के अनुसार महिला के संबंधियों ने मोटरसाइकिल सवार नवविवाहित जोड़े को सड़क के बीचोंबीच रोका। थाना प्रभारी ने कहा कि इसके बाद महिला के संबंधी कथित रूप से उन्हें गोली मारकर फरार हो गए।पुलिस ने कहा कि अमनप्रीत कौर (23) ने अपने घरवालों की मर्जी के खिलाफ उसी गांव के अमनदीप सिंह (24) से चार महीने पहले शादी की थी। पुलिस ने कहा कि महिला के परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ हत्या और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## पांच साल की उपलब्धियों का दिया ब्योरा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी सरकार के पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों की जानकारी देने के लिये रष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन पंचकूला में हरियाणा राज्य मानव अधिकार आयोग के पूर्व चेयरमैन न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) एचएस भल्ला के अलावा पूर्व ऐडमिरल जे. एस. लांबा तथा लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त बलजीत सिंह जायसवाल से मुलाकात कर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# दुकान में घुसी कार, दुकानदार और ग्राहक बाल-बाल बचे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

रविवार को शहर के रेलवे रोड़ पर संतुलन बिगड़ने से एक कार दुकान के अंदर जा घुसी । गनीमत यह रही कि हादसे में दुकानदार व मौके पर मौजूद ग्राहक बाल बाल बच गए। दुकानदार द्वारा शहर पुलिस को सूचना दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे रोड पर नरेश करियाना स्टोर के बाहर दूसरी ओर एक कार खड़ी हुई थी। कार का मालिक दुकान में गया हुआ था तो पिछे से दुकान पर लगे एक नौकर ने कार को स्टार्ट कर दिया। कार स्टार्ट होते ही नरेश करियाना स्टोर की दुकान में जा घुसी। कार चालक से कार पर नियंत्रण नही हुआ। जिसके कारण नरेश करियाना स्टोर के बाहर रखा सामान कार की चपेट से क्षतिग्रस्त हो गया। कार का एक हिस्सा दीवार से सटा होने के कारण कार दुकान के कांऊटर को टकराई। कांऊटर से टकराने के बाद दुकान में बैठे मालिक नरेश को भी चोटें आई है। दूकानदार को हजारों रूपए का नुक्सान हुआ है। थोड़ी देर में ही घटना स्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ढांडा बने अध्यक्ष, चयन प्रक्रिया पर दूसरे गुट ने उठाए सवाल

# सिविल सर्विस एसोसिएशन का चुनाव विवाद में!

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सिविल सर्विस एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी और नए चेहरों को लेकर चुनाव इस बार जबरदस्त खींचतान में फंस गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच बिना किसी चुनाव के जगदीप ढांडा अध्यक्ष नियुक्त किए गए, वहीं बाकी भी कई पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। प्रक्रिया को गैर लोकतांत्रिक बताते हुए काफी संख्या में एचसीएस सदस्यों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। वहीं देर रात में कुछ अन्य सदस्यों ने पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अपने वरिष्ठ साथियों को इस्तीफे भी भेजे हैं।

यहां पर बता दें कि एक दिन पहले ही पुराने पदाधिकारियों के इस्तीफे लेने के साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर करनाल में बैठक बुलायी गई थी। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष यशपाल यादव औऱ उपाध्यक्ष रहे जगदीप ढांडा सहित पुराने पदाधिकारियों के इस्तीफे स्वीकार किए जाने थे। जिसके बाद में नई कार्यकारिणी का चुनाव होना था। लेकिन बिना चुनाव कराए अध्यक्ष व बाकी पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर जूनियर अफसर (सदस्यों) ने आपत्ति उठायी और मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बहिष्कार कर बाहर निकल आए। शोरगुल और विरोध के बीच में हरियाणा सिविल सर्विस एसोसिशएन के लिए जगदीप ढांडा को अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। ढांडा के अलावा महासचिव कंवर सिंह को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपप्रधान अमरदीप जैन आदि चुने गए हैं।

### अलग बैठक कर बनाई रणनीति

लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं अपनाएं जाने के विरोध एसोसिएशन पूर्व पदाधिकारी महासचिव मीनाक्षी राज, संयुक्त सचिव वंदना दिसौदिया, डा. पूजा भारती, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमित कुमार, सुशील कुमार के अलावा बाकी कई सदस्यों ने चंद लोगों पर मनमानी करने व सही ढंग से चुनाव नहीं कराने पर बाहर निकल आए। आरोप है कि पूर्व नियोजित योजना के हिसाब से सदस्यों की नियुक्ति किए जाने के विरोध के बाद भी नई कार्यकारिणी गठित किए जाने के बाद भी नाराज सदस्यों ने इस पर अलग से चंडीगढ़ में मंथन करने और आगे की रणनीति बनाने का एलान कर दिया है।

**सर्वसम्मति से काउंसिल का गठन** : हरियाणा एचसीएस ऑफीसर्स एसोसिएशन को नई कार्यकारी काउंसिल को लेकर जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि एचसीएस ऑफीसर्स एसोसिएशन की बैठक करनाल में पंचायत भवन में बुलाई गई थी। एसोसिएशन की ओर से दावा किया गया कि सर्वसम्मति से नई कार्यकारी काउंसिल गठित करने और चुनाव ना करवाने का भी फैसला किया गया । इसमें जगदीश ढांडा को एसोसिएशन का अध्यक्ष , अमनदीप जैन को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, अश्वनी मलिक को वाइस प्रेसिडेंट, सतीश सैनी को जनरल सेक्रेटरी, विराट को फाइनेंस सेक्रेट्री और कंवर सिंह को कोऑर्डिनेटर सेक्रेट्री चुना गया।

### दो ने त्यागपत्र भेजा

नई कार्यकारिणी के गठन के वक्त ही जहां काफी संख्या में सदस्यों ने प्रक्रिया पर आपत्ति औऱ विरोध जाहिर किया। वहीं, दूसरी ओर नियुक्तियों की प्रक्रिया को लेकर नियुक्त नए पदाधिकारियों को एक पत्र लिखकर सतीश सैनी औऱ विराट ने अपने पदों से शनिवार को देर रात में त्यागपत्र दे दिया। जिसके बाद में एसोसिएशन में विवाद बढ़ना तय है। दोनों में एक को वित्त सचिव नियुक्त किया गया था वहीं दूसरे को महासचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। दोनों सदस्यों ने इस्तीफे दे दिए हैं। वहीं एचसीएस एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति औऱ कुछ लोगों द्वारा मनमानी के विरोध में काफी संख्या में एचसीएस लामबंद हो गए हैं, इसीलिए नए पदाधिकारियों ने बनते ही अपने इस्तीफे भेजने की शुरुआत कर दी है। खास बात यह है कि बडी संख्या में नाराज एचसीएस अब अलग से एसोसिएशन के गठन पर विचार कर रहे हैं। इस तरह से आने वाले वक्त में सूबे के अंदर एचसीएस के भी दो संगठन बनने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।

**दक्षिण पश्चिमी रेलवे**

ई-( आईआरईपीएस ) निविदा सूचना सं. 23 यूबीएल 2019-20 दिनांक : 04.09.2019

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं (आईआरईपीएस) आमंत्रित करते हैं :-

| कार्य का नाम | निविदा मूल्य |
|---|---|
| 1) हुब्बाल्ली डिवीजन : हुब्बाल्ली 24 माह की अवधि हेतु पिट लाइन पर एसटीपी, रेलनगर पर एसटीपी, सेंट्रल हॉस्पीटल में एसटीपी का प्रचालन और रखरखाव। | रु. 41,21,980.56 |
| 2) हुब्बाल्ली डिवीजन : हुब्बाल्ली हुब्बाल्ली में मौजूदा सड़क की मरम्मत। | रु. 30,79,688.75 |
| 3)हुब्बाल्ली डिवीजन : हुब्बाल्ली हुब्बाल्ली में सेंट्रल हॉस्पीटल में विविध मरम्मत और भूमिगत ड्रेनेज प्रणाली, फोर व्हीलर पार्किंग क्षेत्र की मरम्मत। | रु. 1,08,30,387.81 |
| 4)हुब्बाल्ली डिवीजन - उप कार्य-1 : हुब्बाल्ली हुब्बाल्ली में एसआर. डीएससी/आरपीएफ/कार्यालय में शौचालय और एसआर. डीएससी/हुब्बाल्ली चेम्बर, कक्षा कक्ष की मरम्मत। उप कार्य-2 :- हुब्बाल्ली एसडब्ल्यूआरएम यूनियन कार्यालय में गैल्वेनाइज्ड शीट्स के प्रावधान द्वारा छत की मरम्मत। उप कार्य-3 :- हुब्बाल्ली हुब्बाल्ली में मण्डलीय कार्यालय कैंटीन की मरम्मत। उप कार्य-4 :- हुब्बाल्ली शिमला नगर के निकट हुब्बाल्ली- धारवाड़ के बीच किमी. 407/200 (एनएच) पर एनएच-4 पर रेलवे वाटर कॉलम की मरम्मत। | रु. 51,64,197.38 |

बोलियां जमा करवाने की अन्तिम तिथि 03.10.2019 को 11.00 बजे तक

विवरण हेतु वेबसाइट लॉग ऑन करें : www.ireps.gov.in

डिवीजनल रेलवे मैनेजर ( वर्क्स ) दक्षिण पश्चिमी रेलवे / हुब्बाल्ली
PUB/229/AAY/PRB/SWR/2019-20

# यूपी के कई इलाकों पर मंडरा रहा है बाढ़ का खतरा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

जलभरण क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई नदियां उफना गयी हैं जिससे अनेक इलाकों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में जलभरण क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा की वजह से नदियां उफान पर हैं। गंगा नदी गाजीपुर और बलिया में खतरे के निशान को पार कर गयी है। वहीं, वाराणसी, फाफामऊ (प्रयागराज) और कचलाब्रिज (बदायूं) में इसका जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार यमुना नदी हमीरपुर और चिल्लाघाट (बांदा) में, बेतवा नदी सहिजना (हमीरपुर), शारदा नदी पलियाकलां (लखीमपुर खीरी) और घाघरा नदी एल्गिनब्रिज (बाराबंकी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

बांदा के जिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि मध्य प्रदेश में हो रही मूसलाधार बारिश और बरियारपुर व गंगऊ बांध से छोड़े गए लाखों क्यूसिक पानी से केन और यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। दोनों नदियों में आई बाढ़ के पानी से जिले के करीब 50 गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।

## गंगा नदी गाजीपुर और बलिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है

### गंगा में छोड़ा गया कई लाख क्यूसेक पानी

माता टीला बांध से आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके अलावा 4 लाख क्यूसेक पानी कानपुर बैराज से और एक लाख क्यूसेक पानी नरोरा बांध से छोड़ा गया है। इस पानी के जिले में आते ही गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा।



### सड़क पर पानी

बाढ़ के पानी से गाजीपुर नगर के पूर्वी मोहल्ले तुलसी का पुल, नवाबगंज, शमशान घाट, झिंगुरपट्टी आदि में पानी सड़क पर आ गया। गंगा पार जमानियां तहसील के कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गये हैं। बाढ़ का पानी मुख्य मार्ग तक आ गया है।

### बचाव कार्यों में जुटे रहने के निर्देश

बांदा के जिलाधिकारी हीरालाल ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और राजस्वकर्मियों को बाढ़ चौकियों में राहत और बचाव कार्यों में पूरी मुस्तैदी से जुटे रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन, राजस्व और पुलिस के अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में थानाध्यक्षों की गश्त बढ़ा दी गयी है और गोताखोरों को भी सतर्क कर दिया गया है।

## बच्चों के साथ तालाब में कूदी महिला, तीन की मौत, महिला लापता

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के छौरादाना थाना क्षेत्र में रविवार सुबह महिला अपने तीन बच्चों को लेकर तालाब में कूद गई। घटना में तीनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई जबकि महिला अभी भी लापता है। छौरादाना थाना अध्यक्ष प्रभाकर पाठक ने बताया कि घटना थानाक्षेत्र के एकदारी गांव की है। मृतकों की पहचान गौरीशंकर यादव की बेटियों नीता कुमारी (8), रौशनी कुमारी (5) और अर्चना कुमारी (3) के रूप में हुई है। गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश जारी है। घटना गौरीशंकर के घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर हुई है। घटना के कारणों के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय मोतिहारी स्थित सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## भाजपा ने 'सबसे बड़ा धन- बेटी, जल और वन' का नारा दिया

एजेंसी ▶▶| पटना

भाजपा के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक राजेंद्र फड़के ने रविवार को एक नया नारा 'सबसे बड़ा धन- बेटी, जल और वन' देते हुए लोगों से बेटी पैदा होने पर मिठाई बांटने और पौधारोपण की अपील की।

# मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की पीड़िता के साथ सामूहिक बलात्कार

एजेंसी ▶▶| बेतिया


बिहार के पश्चिम चंपारण जिला के नगर थाना में मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की पीड़िता ने अपने साथ सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज कराया है। पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया के नगर थाना अध्यक्ष शशिभूषण ठाकुर ने रविवार को बताया कि पीड़िता को इलाज के लिए शनिवार देर शाम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी मेडिकल जांच रविवार को डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि महिला थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने कहा कि शुक्रवार रात कार सवार चार लोगों ने उसे गाड़ी के अंदर खींच लिया। और चलती गाड़ी में उसके साथ बलात्कार किया और फिर उसे वापस मोहल्ले के पास छोड़ कर फरार हो गए। आरोपियों ने नकाब पहना हुआ था, लेकिन विरोध के दौरान पीड़िता उनका नकाब हटाने में कामयाब रही। सभी युवक एक ही परिवार के हैं।

*नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि शनिवार को पीड़िता ने नगर थाने में घटना की शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद उसे महिला थाने के संरक्षण में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि हो पाएगी।*

## नकाब पहन कर आए थे सभी आरोपी

- पीड़िता कार में आरोपियों का नकाब हटाने में कामयाब रही और उसने आरोपियों को पहचान लिया
- एक ही परिवार के थे सभी आरोपी
- वारदात में चार लोग थे शामिल, जिनमें दो सगे भाई बताए गए हैं



**गाड़ी में किया गंदा काम**

लड़की ने बताया कि वह शुक्रवार रात पड़ोस में किसी परिचित के घर जा रही थी। इसी दौरान चारपहिया वाहन में सवार चार युवकों ने उसे गाड़ी में खींच लिया। सभी युवक अपने चेहरे नकाब से छिपाए हुए थे। चारों ने चलती गाड़ी में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिर, उसके मोहल्ले में छोड़ दिया। पीड़िता के अनुसार घटना के दौरान उसने एक दो युवकों के नकाब खींचकर उनकी पहचान कर ली। बताया जाता है कि घटना में एक ही परिवार के चार लोग शामिल थे, जिनमें दो सगे भाई बताए गए हैं।

## बुर्का पहने घूम रहा छात्र दबोचा



**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को गस्त पर निकली पुलिस ने बुर्का पहने सड़क पर घूम रहे एक छात्र को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी वजह सुन सभी हैरान रह गए। उसने बताया कि सहेली के घर जा रहा था। रास्ते में फोन आया तो बुर्का पहनना पड़ा। वहीं, दोस्त के थाने में होने की सूचना मिलते ही किशोरी भी थाने पहुंच गई। मामला विकास नगर थानाक्षेत्र का है। यहां रविवार को पुलिस ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से किसी विषय में डिप्लोमा कर रहे एक छात्र को बुर्का पहने पकड़ा और संदिग्ध समझ उसे थाने ले गई। छात्र ने पूछताछ में बताया कि वह हाईस्कूल पास है। वर्तमान में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से किसी विषय में डिप्लोमा कर रहा है। उसकी दोस्त ने अपना बुर्का ठीक कराने के लिए दिया था।

माइक्रो लेबल से ऑनलाइन रहेगा सारा रिकॉर्ड

## यूपी: स्मार्ट कार्ड की तर्ज पर बनेगी आरसी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक नई पहल की है। ड्राइविंग लाइसेंस के बाद अब वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (आरसी) भी स्मार्ट कार्ड में बदला जाएगा। चेकिंग के दौरान आरसी और डीएल के असली व नकली की पहचान करना मुश्किल होता है। ऐसे में आरसी को माइक्रो लेबल से लैस किया जाएगा ताकि आसानी से उसकी पहचान हो सके।

परिवहन अधिकारियों का कहना है कि वाहनों की आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) में काफी फर्जीवाड़ा होता है दिल्ली, मुंबई समेत कई महानगरों में इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है। अब वहां से इस संबंध में जानकारी मांगी गई है।

अभी तक प्रदेश में आरसी कागज पर मिलती है और इस कारण आरटीओ और पुलिस अधिकारियों को कई बार असली व नकली आरसी की पहचान करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्मार्टकार्ड काफी मददगार साबित होगा। नई आरसी में वाहन एवं चालक से संबंधित जानकारी उपलब्ध होने के साथ-साथ पहले हुए चालान का भी पूरा लेखाजोखा आसानी से मिल जाएगा। ऑनलाइन रिकॉर्ड से सड़क पर चेकिंग के दौरान संबंधित परिवहन अधिकारी मोबाइल एप की मदद से वाहन की सारी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## देश में आर्थिक मंदी नहीं बल्कि 'सुस्ती' है : उप मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने देश की अर्थव्यवस्था के हालात को 'आर्थिक सुस्ती' करार देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के ताजा कदमों से अर्थव्यवस्था में 'चुस्ती' आ जाएगी। शर्मा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति को आर्थिक मंदी नहीं बल्कि 'आर्थिक सुस्ती' कहा जाना चाहिये। इस वक्त अमेरिका और यूरोपीय देशों में मंदी का दौर चल रहा है, जिसका परोक्ष असर भारत पर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्यात को बढ़ावा देने और आयात कम करने के साथ-साथ लोगों को कम दाम पर स्वदेशी वस्तुएं उपलब्ध कराने से अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकती है। शर्मा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा कई बैंकों के परस्पर विलय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1.76 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त संचय सरकार को दिये जाने से अर्थव्यवस्था में व्याप्त बीमारी दूर होगी।


## राशिफल 16 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष :** कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेगी। जीवनसाथी की बात मानने में समझदारी होगा। गाडी चलाते समय सतर्क रहें। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। **शुभ अंक:** 22, **रंग :** डार्क ब्लू।

**वृष:** कार्यक्षेत्र पर अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। आपके मूड के कारण परिवार का माहौल खराब हो सकता है। घर खरीदने का सपना पूरा होगा। परीक्षा में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक:** 3, **रंग:** रोजी ब्राउन।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र पर सभी का साथ मिलेगा। किसी यात्रा पर जाने से पहले मौसम का हाल जान लें। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग हैं। अपने साथी से अलग हो सकते हैं। **शुभ अंक :** 9, **रंग:** पर्पल।

**कर्क:** आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बचत करें। सेहत को लेकर आपकी पहल काम आएगी। घर पर कुछ काम कराने की सोच सकते हैं। किसी प्रॉपर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक:** 8, **रंग:** वॉयलेट।

**सिंह:** परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। रियल स्टेट्स से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोग जमकर मेहनत करें। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** गाढ़ा हरा।

**कन्या:** सेहत को लेकर सतर्क रहें। परिवार में किसी चीज को लेकर आम सहमति बनना मुश्किल होगा। यात्रा पर बचपन के दोस्त से मिलना होगा। घर में बदलाव कर खुशी महसूस करेंगे। **शुभ अंक:** 2, **रंग:** गुलाबी।

**तुला:** सजीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते रहें। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 4, **रंग :** डार्क स्लेट ग्रे।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। मौसमी बीमारियों से बचें। कामकाजी महिलाओं को सामांजस्य बिठाने में मुश्किल होगी। खानदानी प्रॉपर्टी मिलने के योग हैं। **शुभ अंक:** 11, **रंग :** क्रीम।

**धनु:** कार्यक्षेत्र पर कोई आपको गुस्सा दिला सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। घर को दोबारा व्यवस्थित कर सकते हैं। किसी दोस्त के साथ घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक :** 5, **रंग:** सी ग्रीन।

**मकर:** जीवनशैली में किया बदलाव सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा। फिजूलखर्च कम करने की कोशिश करें। परिवार के लोगों से मदद मांग सकते हैं। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक :** 18, **रंग:** सैंडी ब्राउन।

**कुंभ :** किसी चीज के लिए पैसे बचाने की सोच सकते हैं। किसी काम के लिए छुट्टी मिलने में समस्या हो सकती है। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। प्रॉपर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक :** 17, **रंग:** हरा।

**मीन:** कार्यक्षेत्र पर बोरियत से बचने के लिए काम में वैराइटी लाएं। घर को दोबारा व्यवस्थित कर सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदने, बेचने के लिए दिन अच्छा है। परीक्षा में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक :** 7, **रंग :** गुलाबी।

**:टिप्स:**

1. दीवार की तरफ मूंह करके न बैठें यह तरक्की में बाधक हो सकता है।
2. अपने बेडरुम या बैठक में साइड टेबल पर सुनहरे रंग का लाफिंग बुद्धा की प्रतिमा रखें। यह सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य के साथ साथ सगे संबंधियों के साथ मधुर रिश्ते बनाने के लिए भी लाभप्रद होगा।
2. अध्ययन कक्ष के दक्षिण-पश्चिम कोने में क्वाट्र्ज क्रिस्टल रॉक रखें। यह पढ़ाई के क्षेत्र में पृथ्वी से मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899


लालू की बहू का बड़ा फैसला

## तेज प्रताप से रिश्ते को अंजाम देने तक ससुराल में ही रहेंगी ऐश्वर्या

एजेंसी ▶▶| पटना



राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार की बड़ी बहू और पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा प्रसाद राय की पोती ऐश्वर्या को जानने वाले बताते हैं कि वे जुनूनी लड़की हैं, जिसे एक हद तक जिद्दी भी कहा जा सकता है। इसी आधार पर यह भी जोड़ा जा रहा है कि तेज प्रताप यादव के साथ अपने बिगड़े रिश्ते को जब तक वे अंजाम तक नहीं पहुंचा लेंगी, तब तक अपने ससुराल में ही जमी रहेंगी।

अभी लालू-राबड़ी के आवास में ही रहकर वे तलाक का मुकदमा लड़ रही हैं। आगे भी ससुराल छोड़ने का इरादा नहीं है। यही कारण है कि वे मायके लौटने के लिए तैयार नहीं हैं। जबकि, कई बार परिजनों ने उन्हें समझाने-मनाने और लौटाने की कोशिश की है। किंतु ऐश्वर्या अपनी जिद पर अड़ी हैं। ससुराल में ही टिकी हैं। शुक्रवार को जरूरी काम और मायकों वालों से मुलाकात के लिए वे राबड़ी आवास से निकली जरूर थीं लेकिन कुछ ही घंटे के भीतर लौटकर आ गईं। दरअसल, यह पहला मौका नहीं था जब ऐश्वर्या अपने ससुराल से बाहर निकली थीं। लोकसभा चुनाव के बाद से अपनी जरूरत के सामान लाने और खाने की चीजों के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ता है।

## प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ...




**पटना :** रविवार को प्लास्टिक के इस्तेमाल के खिलाफ लोगों ने एक रैली निकाली।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा

## बड़े दलों से नहीं, अब छोटे दलों से करेंगे गठबंधन

एजेंसी ▶▶| पीलीभीत



रामपुर से लौटते समय पीलीभीत में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा के राष्ट्रवाद पर तंज कसते हुए कहा कि पुलिस पिट रही है। अपराधी बेलगाम है किसान परेशान हैं यही भाजपा का राष्ट्रवाद है। पीलीभीत में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बगैर नाम लिए कहा कि आपके पड़ोस के जिले में किसी को बचाया जा रहा और रामपुर में आजम खां को फंसाया जा रहा है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि बड़े दलों को चुनाव में साथ लेने का उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा। विधान सभा चुनाव के लिए छोटे दलों से बात चल रही है। उन्होंने कहा कि जनता को शौचालय में उलझाकर सरकार बड़े देशों से सौदों की डील कर रही है। देश का पैसा विदेश में जा रहा।

## सीएम रघुवर दास बोले, लोगों का सहयोग नहीं मिलता तो विधानसभा का निर्माण नहीं हो पाता

**रांची।** मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि कुटे गांव के लोगों का सहयोग अगर नहीं मिलता तो आज विधानसभा का निर्माण नहीं हो पाता। मुख्यमंत्री ने कुटे गांव के लोगों को साधुवाद देते हुए कहा कि आपने राज्य के सबसे बड़े पंचायत के निर्माण का सपना यथार्थ में बदला है। सीएम रविवार को विधानसभा विस्थापितों के लिए निर्मित आरआर कॉलोनी में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कुटे का आरआर कॉलोनी अब ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जी के नाम से जाना जाएगा। कहा कि देश के लिए शहीद होने वालों को सम्मान देना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव कॉलोनी की गरीब बहनों को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। यहां स्किल डेवलपमेंट सेंटर भी खोला जाएगा, जहां युवा प्रशिक्षण ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन पर कई झारखंड नामधारी पार्टियां सालों से राजनीति करती आई हैं। हमारे लिए जल, जंगल, जमीन नारा नहीं, हमारी अमानत है।

जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। हमारी सरकार ने पहले विस्थापितों को बसाने की पॉलिसी बनाई। हमने पहले पुनर्वास पर काम किया, फिर विस्थापन की पहल की है। यह कॉलोनी एक आदर्श कॉलोनी के तौर पर विकसित की जाएगी। कहा कि झारखंड बनने के बाद हमें विस्थापन की समस्या विरासत में मिली है। पूर्व की सरकारों ने प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन तो अधिग्रहित कर ली लेकिन विस्थापितों को बसाने का काम नहीं किया।

उत्तराखंड में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

# डेंगू से शुरू जंग, मंत्रिमंडल और कार्यकारिणी तक पहुंची

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अब तक उत्तराखंड में 1700 से ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं जिनमें से आठ की मौत हो गई।

एजेंसी ▶▶| देहरादून

देहरादून, उत्तराखंड के अन्य जगहों में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच बीमारी से बचाव को लेकर शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला अब मंत्रिमंडल और कार्यकारिणी के सियासी जंग में बदल गया है।

डेंगू से निपटने में नाकामी के आरोपों से घिरे सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के इर्द-गिर्द डेंगू के मच्छर घूम रहे हैं जिसके कारण वह लंबे समय से अपनी कार्यकारिणी तक घोषित नहीं कर पा रहे। यहां संवाददाताओं द्वारा इस संबंध में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि अच्छा यह होता कि वह (प्रीतम सिंह) अपना ध्यान अपनी पार्टी की तरफ ज्यादा देते।



उन्होंने कहा कि वह एक भले इंसान हैं लेकिन उन्हें जो समझा दिया जाता है वह वही बोल देते हैं। मुख्यमंत्री का यह बयान प्रीतम सिंह के उस आरोप पर आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार डेंगू से निपटने के लिये कुछ नहीं कर रही है।

दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री पर पलटवार करते हुए सिंह ने कहा कि उनके पास स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी भी है और उन्हें चाहिये कि वह राजनीति करने की बजाय डेंगू से बचाव पर ध्यान दें। सिंह के समर्थन में आये पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी मुख्यमंत्री के बयान को खेदजनक बताया और कहा कि कांग्रेस की कार्यकारिणी कब बनेगी, यह एक अलग विषय है लेकिन मुख्यमंत्री रावत को यह बताना चाहिए कि उनके मंत्रिमंडल में रिक्त तीन पद कब भरे जायेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बयान में हल्कापन है और मुझे लगता है कि सरकार स्वयं डेंगू-ग्रस्त हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस सीजन में अब तक प्रदेश में 1,700 से ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं जिनमें से आठ की मौत हो चुकी है।

## ग्रीन मैराथन में दौड़े लखनवी

**लखनऊ।** पर्यावरण का ख्याल रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिये रविवार को लखनऊवासी ग्रीन मैराथन में दौड़े और हरित भविष्य का संकल्प लिया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा आयोजित इस ग्रीन मैराथन में शहर के करीब 3,500 लोगों ने हिस्सा लिया।

गोमती नगर स्थित 1090 चौराहे से शुरू हुई 5, 10 और 21 किलोमीटर दूरी की इस मैराथन के दौरान लोगों ने भविष्य को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

एसबीआई के लखनऊ सर्कल की मुख्य महाप्रबंधक सलोनी नारायण ने ध्वज दिखाकर किया। इस दौरान मध्य कमान के प्रमुख मेजर जनरल परवेश पुरी, अभिनेता सुनील शेट्टी, पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी वेंकटेश प्रसाद भी मौजूद थे।

# चौराहों का प्रदूषण सोखेगा हर्ष व दिव्यांक का एयर प्यूरीफायर

## इंदौर में तैयार किए गए आउटडोर एयर प्यूरीफायर ने देश के टॉप- 5 में जगह बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर इनोवेशन के मामले में भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। हाल ही में मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (सीआईआई) के तहत दिल्ली में प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें देशभर के 950 शिक्षण संस्थानों से छात्रों की 1500 टीम अपने इनोवेटिव स्टार्टअप के साथ शामिल हुईं। इसमें इंदौर में तैयार किए गए आउटडोर एयर प्यूरीफायर ने देश के टॉप- 5 में जगह बनाई। इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच के फाइनल ईयर के छात्र हर्ष निखरा, दिव्यांक गुप्ता और गगन त्रिपाठी को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने छात्रों को अवार्ड दिया।

**खास बातें**

- 1500 टीम इनोवेटिव स्टार्टअप के साथ पहुंची
- इंजीनियरिंग फाइनल में ईयर में है दोनों

### एक प्रोडक्ट इंदौर में ही बिका



टीम ने बताया कि करीब तीन साल की रिसर्च के बाद एयर प्यूरीफायर तैयार हो पाया है। इसमें सफलता मिलते ही शहर के एक शिक्षण संस्थान ने एक प्रोडक्ट खरीद लिया है। फंडिंग मिलने के बाद और भी प्रोडक्ट तैयार करेंगे। स्मार्ट सिटी में भी इसका उपयोग करने से प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस भी इसे चौराहों पर स्थापित कर शहर में प्रदूषण कम करने में योगदान दे सकते हैं।

**एसजीएसआईटी एस में तैयार हो रहे हैं 200 बिजनेस आइडिया**

एसजीएसआईटीएस के इंक्यूबेशन सेंटर में भी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देकर स्टार्टअप शुरू करने के लिए काम किया जा रहा है। इसके तहत 200 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को मैटलैब, सिविल सॉफ्टवेयर स्टेट प्रो, इंटरनेट ऑफ थिंक, ऑटो केट, माइक्रो कंट्रोलर, रिमोट सेंसिंग का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डायरेक्टर डॉ. आरके. सक्सेना ने बताया रविवार को संस्थान में इंडियन सोसाइटी फॉर लाइटिंग इंजीनियरिंग के सदस्य भी आएंगे। इसमें किरण पी. शिंदे एयरपोर्ट के रनवे पर लगने वाली लाइटिंग कैसे बनती है और इसे कैसे एयरपोर्ट पर लगाया जाता है के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

### *दिल्ली में प्रदूषण की समस्या देखने के बाद आया आइडिया*

*हर्ष ने बताया कॉलेज के दूसरे वर्ष की पढ़ाई के दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर ध्यान गया। वहां के एक मामले में देखने को मिला था कि ज्यादा प्रदूषण होने से वाहनों के बीच दुर्घटनाएं भी हो रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए आउटडोर एयर प्यूरीफायर बनाने पर काम किया। इसमें पांच से छह लाख रुपए खर्च कर चुके हैं। इसमें विशेष नैनो मटेरियल का उपयोग किया गया है जिससे जहरीली गैस को रोका जा सकता है। शहर के चौराहों पर टॉवर बनाकर उपकरण को स्थापित किया जा सकता है। सोलर एनर्जी से उपकरण अपने आप काम करते रहेंगे और वाहनों से निकलने वाले जहरीली गैसों को फिल्टर करते रहेंगे। उपकरण को पेटेंट के लिए अप्लाई किया है। प्रोडक्ट को पूरी तरह मार्केट में लाने के लिए इन्वेस्टर की तलाश की जा रही है।*

## दो तस्करों से बरामद हुए थे...

# तेंदुए के शावकों को डायरिया पिलाया जा रहा बकरी का दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गरियाबंद से रायपुर लाए जा रहे तेंदुए के शावक मानव के संपर्क में आने से बीमार पड़ गए हैं। दोनों को जंगल सफारी के डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है। दोनों को बकरी का दूध पिलाया जा रहा है। शावकों की हालत सामान्य बताई जा रही है, लेकिन जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा पूरी एहतियात बरती जा रही है। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद फरार मुख्य आरोपित का सुराग वन विभाग के हाथ लगा है। वन विभाग आरोपित के गिरफ्तार होने के बाद बड़े खुलासे का दावा कर रहा है।

ज्ञात हो कि मंगलवार को पुलिस और वन विभाग की टीम ने अभनपुर के गांव में दो युवकों को तेंदुए के बच्चे को एक्टिवा से रायपुर ले जाते पकड़ा था। उसके बाद वन विभाग की टीम दोनों आरोपितों के बताए अनुसार मुख्य आरोपित के घर जाकर दबिश दी थी, लेकिन सूचना मिलने के बाद आरोपित फरार हो गया था। उसके घर से विभाग को 20 पिंजरे बरामद हुए हैं। इतनी भारी संख्या में पिंजरे मिलने से वन विभाग भी सकते में आ गया है।

## धमतरी से गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार और रायगढ़ तक अवैध खदानें

# रेत माफिया की हरकतों से छग की जीवनदायिनी महानदी खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी और जीवनदायिनी नदी,महानदी को रेत माफिया खतरे में डाल रहे हैं। महानदी के तटीय गांवों में बाढ़-आपदा का खतरा बढ़ गया है। धमतरी से लेकर गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार और रायगढ़ जिले तक जगह-जगह रेत खदानें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। जहां बेतरतीब ढंग से पर्यावरण के मापदंडों को दरकिनार कर खोदाई की जा रही है। रेत माफिया को कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल के नेताओं का खुला संरक्षण भी प्राप्त है।

बेखौफ नियम-कायदे को दरकिनार कर खनन हो रहा है। इससे कई स्थानों पर महानदी का तटीय क्षेत्र फैलकर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। यही कारण है कि महासमुंद जिले के बड़गांव और समीपवर्ती अनेक गांवों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित करना पड़ा है।

### ग्रामीण सौदेबाजी कर दे रहे हैं ठेका



विश्वस्त ग्रामीण सूत्रों के अनुसार महासमुंद जिले के बड़गांव में रेत उत्खनन करने वाले खनिज माफिया से सौदेबाजी कर ग्रामीणों ने ठेका दे रखा है। गांव के सरपंच, कोटवार और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों पर ग्रामीण विकास का दारोमदार है। ऐसे लोग ही ठेकेदार बनकर गौण खनिज का दोहन करा रहे हैं। इसके एवज में गांव के हर परिवार को मोटी रकम दिए जाने की खबर है। भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण सड़कों की हो रही दुर्दशा देखने की फुर्सत किसी के पास नहीं है।

### कार्रवाई के नाम पर कागजी खानापूर्ति

सड़कों की दुर्गति करने, रातोंरात पोकलेन लोडर मशीन से रेत का उत्खनन करने और रेत की चोरी की शिकायतों के बीच यदा-कदा धरपकड़ कार्रवाई होती है। खनिज विभाग के अधिकारी मैदानी अमले की कमी बताकर कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ लेते हैं। रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर महानदी के उद्गम से लेकर निर्गम क्षेत्र तक जहां कहीं मौका मिलता है, खनन कर रहे हैं।

### महानदी करे पुकार मत रोको मेरी धार

जल संरक्षण से जुड़े नदी बचाओ स्वयंसेवी संगठनों के कर्ताधर्ता भी रेत माफिया के करतूतों के आगे चुप्पी साधने विवश हैं। साम-दाम-दंड-भेद की नीति अपनाते हुए रेत कारोबार से जुड़े हुए लोग महानदी से रेत खनन का विरोध करने वालों को टारगेट कर तरह-तरह से प्रताड़ित करना प्रारंभ कर देते हैं। इससे कोई भी जिम्मेदार नागरिक रेत माफिया के विरोध में आवाज बुलंद करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

### बंगाल की खाड़ी तक जाती है महानदी

इतिहासकारों के अनुसार प्राचीनकाल में महानदी का नाम चित्रोत्पला था। महाभारत में इसका उल्लेख मिलता है। महानदी का उद्यम धमतरी जिले में स्थित सिहावा पर्वत से हुआ है। महानदी का प्रवाह दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर है। सिहावा से निकलकर राजिम में यह जब पैरी और सोंढूर नदियों के जल को अपने में समाहित करती है तब महानदी का विशाल रूप दिखने लगता है। ऐतिहासिक नगरी आरंग, सिरपुर में वह विकसित और पल्लवित होकर शिवरीनारायणप पहुंचते-पहुंचते अपने नाम के अनुरुप महानदी बन जाती है। यहां से महानदी की दिशा बदल जाती है। और वह पूर्व दिशा में बहने लगती है। संबलपुर जिले में प्रवेश करके महानदी ओडिशा का हिस्सा बन जाती है। जहां से बंगाल की खाड़ी में जाकर गिरती है। ऐतिहासिक महत्व के महानदी को संरक्षित करने और महानदी से रेत का उत्खनन रोकने कठोर कानून बनाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## घोटाला नान में नहीं फूड कारपोरेशन में हुआः शिवशंकर





**रायपुर।** नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन प्रबंधक शिवशंकर भट्ट का कहना है कि घोटाला नान में नहीं, फूड कारपोरेशन में हुआ। छग के पूर्ववर्ती सरकार ने जबरिया 10 लाख टन चावल खरीदवाया और स्टोर कराया गया। स्टोर करने गोदाम में जगह नहीं थी। इसलिए स्कूल, सांस्कृतिक भवनों में भी स्टोर कराना पड़ा था । परिवहन में चार करोड़ रुपये खर्च हुए।

भट्ट ने प्रेसवार्ता में तत्कालीन सीएम डॉ. रमन सिंह, खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले और नान के अध्यक्ष लीलाराम भोजवानी को मास्टर माइंड बताया। कहा कि 2013 के विधानसभा चुनाव के लिए 21 लाख फर्जी कार्ड बनवाए गए। लोकसभा तक उन कार्डो पर आवंटन हुआ। न्यायपालिका और सरकार पर भरोसा है । निष्पक्ष जांच और कार्रवाई होगी। 21 लाख फर्जी राशन कार्ड बनवाए गए थे। जिससे हर माह प्रति कार्ड 1300 रुपए का खाद्यान्न निकलता रहा। घोटाले में खाद्य सचिव, वित्त सचिव, एमडी नान की भी भूमिका होने की बात कही।

# सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं... अब अगले माह से मिलेगी 100 रु. में 100 यूनिट बिजली

## ऊर्जा मंत्रालय ने इस योजना को 1 सितंबर से लागू किया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

बिजली उपभोक्ताओं को 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली का लाभ अब अक्टूबर मिल सकेगा। ऊर्जा मंत्रालय ने इस योजना को 1 सितंबर से लागू किया है। बिजली का कंपनी का बिलिंग सॉफ्टवेयर भी अपडेट नहीं हो सका है। इस कारण अगस्त माह की खपत के बिल में छूट नहीं मिल सकी है। अब तक सितंबर में 150 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को सामान्य टैरिफ के अनुसार बिल जारी हुआ है। शहर में 22 से 30 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

सरकार ने इंदिरा गृह ज्योति योजना के नियम बदल दिए थे। कैबिनेट ने प्रस्ताव पास किया कि 150 यूनिट तक जो उपभोक्ता बिजली की खपत कर रहे हैं, उन्हें 100 यूनिट बिजली 100 रुपए में मिलेगी। 50 यूनिट का पैसा सामान्य टैरिफ से देना होगा। अगस्त में कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को पारित किया था। अगस्त की खपत में इस योजना का लाभ देने की घोषणा की थी, लेकिन योजना को 1 सितंबर से लागू किया गया है। अब 1 से 30 सितंबर के बीच में जो बिजली की खपत की जाएगी, उस खपत पर योजना का लाभ मिलेगा।



### बिलिंग में देरी तो 175 व जल्दी पर 135 यूनिट तक मिलेगा लाभ

वैसे 30 दिन की खपत का बिल जारी करने का नियम है, लेकिन कंपनी का बिलिंग चक्र अक्सर बिगड़ जाता है। ज्यादा दिन की बिलिंग होने से उपभोक्ता की खपत बढ़ सकती है। अगर उपभोक्ता की खपत 151 हो जाती है तो योजना के लाभ से वंचित हो जाएगा। बिलिंग चक्र बिगड़ने पर भी उपभोक्ता लाभ से वंचित नहीं होगा। अगर बिजली कंपनी 30 दिन की बजाय 35 दिन की बिलिंग करती है तो 175 यूनिट तक की खपत पर योजना का लाभ मिलेगा। अगर 27 दिन में रीडिंग हो जाती है तो योजना का लाभ 135 यूनिट की खपत पर मिलेगा।

### दो कनेक्शन लेकर ले सकते हैं योजना का लाभ

अगर आपके मकान में दो पोर्सन है। बिल 300 यूनिट के बीच आ रहा है। आप दो कनेक्शन लेकर अपना खपत को विभाजित कर सकते हैं। इंदिरा गृह ज्योति योजना के तहत लाभ ले सकते हैं। हर महीने बिजली में करीब 500 रुपए की बचत कर सकते हैं। अगर 200 यूनिट खपत है तो बिजली की बचत करके 150 यूनिट तक खपत ला सकते हैं।

### अपडेशन जारी है

1 सितंबर से योजना को लागू किया गया है। सॉफ्टवेयर को अपडेट करने का काम चल रहा है। सितंबर में खपत होने वाली बिजली के अक्टूबर में बिल जारी होंगे। अक्टूबर में 150 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ता योजना का लाभ मिलेगा।

**मनोज द्विवेदी**
पीआरओ, बिजली कंपनी

## रविवार को देवास नाका से चिमनबाग मैदान तक निकाली महारैली

# एट्रोसिटी एक्ट के विरोध में करणी सेना का इंदौर में जबरदस्त प्रदर्शन



**इंदौर।** एट्रोसिटी एक्ट के विरोध में करणी सेना रविवार को देवास नाका से चिमनबाग मैदान तक महारैली निकाली। दोपहर से स्कीम- 78 स्थित नई लोहामंडी से चिमनबाग के लिए रैली निकाली गई। चिमनबाग पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगमेड़ी ने संबोधित किया। सभी एट्रोसिटी एक्ट का जमकर विरोध किया। रैली के दौरान कई इलाकों में ट्रैफिक जाम हो गया। रैली में महिलाएं भी शामिल हुई।

# सिपाही की खुदकुशी मामले में चौकी प्रभारियों पर दर्ज हो केस

- हाईकोर्ट का आदेश: चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र सिंह राजपूत आरक्षक को प्रताड़ित करता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुरा

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने चौकी प्रभारियों की प्रताड़ना से परेशान होकर आरक्षक के आत्महत्या करने के मामले में बलौदाबाजार पुलिस को एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता रोशनी साहू के पति ज्ञान कुमार साहू की बलौदाबाजार जिले में आरक्षक के पद में नियुक्ति हुई थी। गिरौदपुरी चौकी में पोस्टिंग हुई थी। चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र सिंह राजपूत आरक्षक को प्रताड़ित करता था। दरअसल चौकी प्रभारी बनने से पूर्व वह बलौदाबाजार एसपी का रीडर था।उस दौरान उसने ज्ञान कुमार से नौकरी लगाने की बात कहकर रुपए मांगे थे। जबकि उसने अपनी योग्यता से नौकरी पाने की बात कहकर मना कर दिया। चौकी प्रभारी की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने अपना तबादला गिधपुरी करा लिया। इसके बाद गिरौदपुरी चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत ने गिधपुरी प्रभारी अश्वनी को आरक्षक को प्रताड़ति कर पैसा वसूल करने के लिए कहा। 23 मार्च 2019 को गिधपुरी चौकी प्रभारी ने उसे क्वार्टर में बंद कर दिया था।आरक्षक दरवाजा तोड़कर बाहर आया और पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। उसे रायपुर में भर्ती कराया गया। बयान में उसने चौकी प्रभारियों की प्रताड़ना की बात कही। मृत्यु पूर्व बयान के बावजूद कार्रवाई नहीं करने पर मृतक की पत्नी रोशनी साहू ने मामले की अधिकारियों, मानवाधिकार आयोग व नगरीय प्रशासन मंत्री से शिकायत की थी।



# भिंड जिले के कई गांवों में भरा चंबल का पानी, ग्रामीणों को किया रेस्क्यू

## 23 साल बाद दूसरी बार जलस्तर नदी में खतरे का निशान किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

जिले के अटेर की चंबल नदी में कोटा बैराज से पानी छोड़ने के बाद यहां नावली, वृंदावन देवालय, दिनपुरा, मुकुटपुरा, मघेरा मुनादी को खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां पहले ग्रामीण अपने घर छोड़ने को राजी नहीं हुई तो प्रशासन ने रेस्क्यू लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। कोटा बैराज से 16 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं सुरपुरा के नखोली की मड़ैय कोसड की मड़ैया चिलोंगा, रमा कोट में भी चंबल नदी का पानी पहुंचने वाला है। कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं।



## कंटेनर में सो गए 8 मजदूर, बहकर पहुंचे 40 किमी दूर



**मुरैना।** कोटा बैराज से छोड़े गए पानी से चंबल पुराने राजघाट पुल पर खतरे के निशान को गई। बीती रात पुल के पास खड़े कंटेनर में आठ मजदूर सो रहे थे। रात में चंबल का पानी बढ़ा और कंटेनर नदी में बह गया। करीब 40 किमी बहने के बाद कंटेनर में फंसे 8 मजदूरों को उत्तरप्रदेश के पिनाहट के पास सुरक्षित बचा लिया गया। हालांकि कंटेनर नदी में बह गया। कोटा बैराज से चंबल नदी में शुक्रवार को 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। साथ ही शनिवार को भी 5.95 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे चंबल उफान पर आ गई। नदी तट पर सिविल वर्क चल रहा था। मजूदर रात को वहां खड़े कंटेनर में ही सो गए थे।

# अंबिकापुर क्षेत्र में उल्टी-दस्त से स्कूली छात्रा सहित तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मौसमी बीमारियों के लिए अति संवेदनशील पश्चिमोत्तर वाड्रफनगर क्षेत्र के ग्राम गैना में उल्टी दस्त से एक स्कूली छात्रा सहित तीन लोगों की मौत हो गई । शनिवार 14 सितंबर की रात हुई तीन मौतों से प्रशासनिक अमला सकते में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम बीएमओ के नेतृत्व में गांव पहुंची है। आधा दर्जन से अधिक लोगों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में शिविर लगाकर हर घर में सर्वेक्षण कराया जा रहा है। मृतकों में राजपति पिता सन्त कुमार 15 वर्ष, फूलमती पति बीर सिंह 65 वर्ष, ननकू राम पिता रामसाय70 वर्ष शामिल हैं ।



### सेमारियापरा के ग्रामीण पी रहे डबरी का पानी

ये सभी ग्राम पंचायत गैना के सेमारियापरा के रहने वाले हैं। स्वास्थ्य अमले से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक ये सभी 12 सितंबर से उल्टी दस्त से पीड़ित थे। अभी गांव में कई लोग गंभीर रूप से हैं। मृतका राजपति स्कूली छात्रा थी। इन तीनों की मौत से ग्रामीण सिहर उठे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार यहां के लोग डबरी का पानी पी रहे हैं।

## खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए राज्य में आयोजित होगा खेल महोत्सव

# छग में पहली बार आयोजित होगा नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस वर्ष दिसंबर में नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से सरकार जनजातीय और लोक नृत्यों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करेगी। राज्य में इस तरह का यह पहला आयोजन होगा। साथ ही राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए राज्य में खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। देश के जनजाति बाहुल्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें शामिल लोक कलाकारों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

### एसएमएस से कराई जाएगी पब्लिक वोटिंग

इस आयोजन में प्रदेश के लोक कलाकार और नर्तक दलों के साथ ही देश के विभिन्न जनजातीय बाहुल्य राज्यों के लोक कलाकार और नर्तक दल हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर के दलों को भी आमंत्रित किया जाएगा। लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था की जाएगी। विजेताओं का निर्णय एसएमएम के माध्यम से पब्लिक वोटिंग और देश के ख्याति प्राप्त निर्णायकों के द्वारा किया जाएगा।

### सीएम बघेल ने नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल और खेल महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक ली



### विभिन्न थीम पर होगी प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन के लिए नई फसल आने, विवाह आदि अन्य अवसरों पर आयोजित होने वाले पारंपरिक लोकनृत्यों की थीम पर जिला और राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला स्तर पर चयनित दल राज्य स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त दलों को आकर्षक पुरस्कार के साथ ही शामिल सभी दलों को सांत्वना पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में राज्य में नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल और खेल महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक ली। सीएम ने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को शीघ्र समय-सारणी तय कर ब्लाक और जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल की फाइनल प्रतियोगिताएं 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होंगी, वहीं खेल महोत्सव की राज्य स्तरीय स्पर्धाएं राजधानी रायपुर के विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित होंगी। समापन कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी होगा।

## चिंतन

# रियायतें ठीक पर घरेलू निवेश बढ़ाए सरकार

अर्थव्यवस्था में जारी सुस्ती को दूर करने के लिए सरकार ने एक के बाद एक तीन राहतों का ऐलान किया है। इस बार निर्यात व रियल एस्टेट क्षेत्र की दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया गया है। दोनों ही क्षेत्र के लिए दी जाने वाली रियायतों में करीब 70 हजार करोड़ का पैकेज मिलेगा। लटके रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाएगी और बाजार से 10 हजार करोड़ रुपये का इंतजाम करेगी। निर्यात को बूस्ट करने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रियायतों की घोषणा की गई है। इससे पहले कॉरपोरेट सेक्टर, टैक्स, जीएसटी और बैंकिंग सेक्टर के लिए घोषणाएं की गईं। रिजर्व बैंक ने भी लगातार तीन बार रेपो दरों में कटौती कर सरकार व उद्योग जगत की मुराद पूरी की। उम्मीद है कि रिजर्व बैंक एक बार और अपनी रेपो दरों में कटौती करेगा। जल्द ही मौद्रिक समीक्षा होने वाली है। राजग सरकार को बहुत पहले अनुमान लगा लेना चाहिए था कि देश की अर्थव्यवस्था पर संकट गहरा रहा है। एक तरफ अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार चल रहा है, दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर प्रतिबंध, संरक्षणवाद जैसे मनमाने फैसले कर रहे हैं। ऐसे में भारत को चेत जाना चाहिए था और घरेलू खपत बढ़ाने पर जोर देना चाहिए था। भारत की आंतरिक खपत क्षमता इतनी मजबूत है कि वह अर्थव्यवस्था को थामे रख सकती है। मोदी सरकार 2.0 का कार्यकाल शुरू होने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था सुस्ती खुलकर सामने आने लगी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी दर 5 फीसदी पर आ गई। राजकोषीय घाटा, वित्तीय घाटा व चालू खाता घाटा अनुमानित लक्ष्य से अधिक दर्ज हुए, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक न्यूनतम स्तर पर आ गया। आठ बुनियादी क्षेत्र और विनिर्माण क्षेत्र में भारी गिरावट दर्ज हुई। आईएमएफ, विश्व बैंक, यूएन, मूडीज, नोमुरा जैसी विदेशी एजेंसियों ने भारत के जीडीपी अनुमान को घटा दिया। निर्यात में भारी गिरावट दर्ज हुई। अगस्त माह के निर्यात में पिछले साल के अगस्त के मुकाबले 6.05 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इतने सारे स्तरों पर अर्थव्यवस्था के संकेतकों में गिरावट से विपक्ष को भी सरकार पर हमले का मौका मिला। पूर्व पीएम डा. मनमोहन सिंह ने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की और अखबार की सुर्खियों के प्रबंधन से बाहर निकलने की नसीहत दी। अर्थशास्त्री मनमोहन ने कृषि और बुनियादी-विनिर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के उपाय बताए। सरकार के उपाय देर से उठाए गए कदम लगते हैं, जिनके नतीजे भी देर से ही आएंगे। अभी निर्यातकों की शिकायत दूर की गई है। अब निर्यातकों को 8 फीसदी से भी कम ब्याज दर पर कर्ज मिलेंगे। देश के बाहर के बैंकों से मिलने वाले कर्ज की दर 4 फीसदी से भी कम होगी। निर्यातकों के कर्ज को कृषि की तरह प्राथमिक क्षेत्र में जगह दी जाएगी। प्राथमिक क्षेत्र के तहत निर्यात क्षेत्र को 36,000 करोड़ से लेकर 68,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लोन दिए जाएंगे। निर्यातकों की यह शिकायत रहती है कि बैंक उन्हें लोन देने में कई प्रकार की गारंटी मांगते हैं और आसानी से लोन नहीं देते हैं। निर्यात प्रोत्साहन के लिए एक जनवरी, 2020 से एक नई योजना-निर्यात उत्पादों पर करों एवं शुल्कों से छूट अमल में आ जाएगी। इनपुट टैक्स क्रेडिट का रिफंड अब इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से होगा, सभी बंदरगाहों को वैश्विक स्तर का बनाया जाएगा, मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा होगी, हैंडीक्राफ्ट्स क्षेत्र में ई-कॉमर्स को प्रोत्साहन दिया जाएगा। देश में चार स्थानों पर हस्तशिल्प, योग, पर्यटन, कपड़ा और चमड़ा क्षेत्रों के लिए वार्षिक शॉपिंग फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे। इन घोषणाओं निर्यात व रियल एस्टेट सेक्टर को राहत तो मिलेगी, लेकिन फियो व क्रेडाई का मानना है कि उपाय नाकाफी है। विदेशी आर्थिक स्थितियां निर्यात में सहयोग के अनुकूल नहीं हैं। अभी तक की घोषणाएं तो ठीक हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था को सुस्ती से उबारने के लिए सरकार को बिना देर किए तीसरे चरण का आर्थिक सुधार लागू करना चाहिए, जिसमें घरेलू निवेश से खपत बढ़ाने पर जोर हो।

## सारा संसार



यह केरल के मॉडर्न शहरों में से एक है। एर्नाकुलम में ब्रिटिश, पुर्तगाली और डच कल्चर के मिलेजुले रंग देखने को मिलेंगे। यह दुनिया के बेहतरीन प्राकृतिक बंदरगाहों में से एक है। इसे 'अरब सागर की रानी' कहते हैं।

## स्मृति

रमेश धमोरा

# अयूब खान ने तोड़ा था पाक का घमंड

वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध को दोनों सेनाओं के टैंकों की लड़ाइयों के लिए भी याद किया जाता है। उस समय पाकिस्तान को अपने पैटन टैंकों पर बहुत घमंड था जो उसे अमेरिका से मिले थे। उनके लिए पाकिस्तानी जनरल कहा करते थे कि इन टैंकों का मुकाबला कोई नहीं कर सकता है। उस युद्ध में भारतीय सेना के रिसालदार अयूब खान ने पाकिस्तान के इन्हीं 4 पैटन टैंकों को ध्वस्त कर उनका घमंड तोड़ दिया था। इस कारनामे के बाद वे अखबारों के माध्यम से देश में इंडियन अयूब के नाम से प्रसिद्ध हो गए। इस नाम के प्रसिद्ध होने की एक दिलचस्प वजह और थी। उस समय पाकिस्तानी के राष्ट्रपति व सेनाध्यक्ष का नाम भी जनरल अयूब खान था जिसके नेतृत्व में युद्ध लड़ा गया था। इसलिए अखबारों में लिखा गया कि पाकिस्तानी अयूब खान के मुकाबले भारत के पास भी एक अयूब खान है जो पाकिस्तान के पैटन टैंकों को मिट्टी में मिला सकता है। कैप्टन अयूब खान की बहादुरी के चर्चे पाकिस्तान में भी होते थे। पाक फौज अपने जनरल अयूब के नेतृत्व पर नाज करती थी। इससे पूर्व कैप्टन अयूब खान 1962 के युद्ध में भी भाग ले चुके थे। भारत- पाक युद्ध में 9 सितम्बर 1965 को अयूब खान ने सुचेतगढ़ क्षेत्र में पाकिस्तानी टैंकों से टकराते हुए अपने टैंक को दुश्मन के कई टैंकों के बीच ले गए और ताबड़तोड़ तरीके से खिलौने की तरह पाकिस्तान के 4 टैंकों को अपने निशाने से तोड़ा तो पाक फौज में भगदड़ मच गई। युद्ध के दौरान अयूब द्वारा कब्जाए पाकिस्तानी टैंकों में से एक पैटन टैंक भी अपने साथ लाए थे जिसे जम्मू में रखा गया था। उत्तर पंजाब का असल वह सरहदी इलाका है जो पाकिस्तानी पैटन टैंकों की कब्रगाह बना। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद यहीं सबसे भीषण मुठभेड़ हुई। यहीं से जनरल हरबक्श सिंह ने पाकिस्तानी सीमा में घुसने का प्लान बनाया था। इसके लिए सबसे पहले पाकिस्तानी सीमा में पड़ने वाली इच्चोगिल नहर को तहस नहस किया जाना था। खबर थी कि लाहौर के पास वाले शहर कसूर और खेमकरन सेक्टर से होकर ही पाकिस्तान के पैटन टैंक भी हिंदुस्तान में घुसेंगे। भारत-पाक युद्ध के दौरान पाकिस्तान के पैटन टैंक तोड़ने वाले रिसालदार मोहम्मद अयूब खान को भारत सरकार द्वारा 14 नवंबर 1965 को उन्हें राष्ट्रपति भवन में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण ने वीर चक्र से सम्मानित किया था। उस समारोह में भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था कि हम पाकिस्तान के जनरल अयूब खान से तो नहीं मिले लेकिन हमें अपने रिसालदार अयूब खान पर गर्व है। कैप्टन अयूब खान की बहादुरी को रेलवे ने भी सम्मान देते हुए उनके पैतृक गांव नूआं के रेलवे स्टेशन पर एक वार मेमोरियल स्टोन स्थापित किया। यह शिलालेख आज भी रेलवे स्टेशन के मुख्य भवन में लगा हुआ है। कैप्टन अयूब खान का जन्म 1932 में राजस्थान के झुंझुनू जिले के नूआं गांव में हुआ था। उनके पिता इमाम अली खान किसान थे। माता का नाम मिमन था। वे चार भाइयों में सबसे बड़े थे। कै.अयूब खान के परिवार में उनकी पत्नी ताज बानो, बेटी नसीम बानो, नसरीन बानो, पुत्रवधू शबनम खान,पोता आदिल खान हैं।



सौ दिन

प्रभात झा

मोदी-2 सरकार और सत्रहवीं लोकसभा के पहले सत्र में कुल 37 बैठकें हुईं और कुल 36 विधेयक पारित हुए। यह 1952 से लेकर अब तक का सबसे सफल और स्वर्णिम सत्र रहा है। आजादी के पहले प्रत्येक नागरिक भारत की आजादी और राष्ट्र के बारे में सोचता था। आजादी के बाद इसमें कमी आई। राष्ट्र छोटा और रोटी बड़ी होने लगी। स्वयं की चिंता में नागरिक डूबने लगे, पर पिछले 6 वर्षों में भारत में बदलाव आया है। यह बदलाव सामान्य नहीं है। यह सतत चलते रहना चाहिए।

# सोच में सकारात्मक बदलाव

सवाल सौ दिन का नहीं है। सवाल है सरकार की नियत का। मोदी सरकार-2 के सौ दिन में वह निर्णय हुआ, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नेहरू की गलती को 70 साल बाद किसी ने ठीक करने की हिम्मत जुटाई तो भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने। धारा 370 संविधान में अस्थायी था। उस अस्थायी को हटाने का साहस मोदी सरकार-2 में दिखाकर भारतमाता का मस्तक विश्व में ऊंचा किया।

नरेंद्र मोदी सरकार-2 के सौ दिन ने 5 अगस्त 2019 को 15 अगस्त 1947 जैसा बना दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य सभा में जैसे ही धारा 370 को निष्प्रभावी करने का संकल्प लाए, वैसे ही संपूर्ण भारत रोमांचित हो उठा। सरकार के इस निर्णय से साबित हो गया कि भारत की अखंडता को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया देर से सही पर दुरुस्त कदम था। देश में अब 'एक विधान, एक निशान' पूरी तरह कारगर हो गया।

नरेंद्र मोदी सरकार-2 के गठन के 10 सप्ताह के अन्दर ही अनुच्छेद 370 और 35ए को निष्प्रभावी किया गया। जो कार्य पिछले 70 वर्षों में नहीं किया जा सका, उसे 70 दिनों के अन्दर पूरा किया गया। दशकों के परिवारवाद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के युवाओं को नेतृत्व का अवसर ही नहीं दिया। वहां के नौजवान, बहन-बेटियां क्षेत्र के विकास की कमान खुद संभालेंगे।

मोदी-2 ने आतंकवाद पर लगाम कसने के लिए पहले संसद सत्र में ही यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम (संशोधन) विधेयक-2019 को संसद से पारित करवाया। यह कानून आतंकी गतिविधियों में लिप्त या उसे प्रोत्साहित करते मिले किसी व्यक्ति को आतंकी घोषित करने का अधिकार देता है। हाल ही में यूएपीए कानून के तहत सरकार ने मोस्ट वांटेड दाऊद इब्राहिम, हाफिज सईद, मौलाना मसूद अजहर और जकीउर रहमान लखवी को आतंकी घोषित किया है।

मोदी सरकार-2 में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने के लिए निर्णायक कदम उठाया गया। वैसे सरकार के पहले कार्यकाल से ही यह प्रमुख एजेंडे में शामिल था, लेकिन राज्य सभा में बहुमत नहीं होने के कारण विधेयक पारित नहीं हो पाया। सरकार ने अपने पहले सत्र में तीन तलाक पर पाबंदी के लिए 'मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण विधेयक-2019' को दोनों सदनों में पारित कराया।

सरकार गठन के तत्काल बाद जल संकट की चुनौतियों से निपटने के लिए एक नया जल शक्ति मंत्रालय बनाया गया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि आजादी के 70 साल बाद भी देश के बहुत लोगों तक पानी की पहुंच नहीं है। जल जीवन मिशन पर बड़ी दृढ़ता के साथ काम में प्रगति की जा रही है। इस मिशन के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये की आवंटन राशि लागू की गई है।

भाजपा ने चुनाव के समय किसानों को पेंशन देने, आय दोगुनी करने और उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने का वादा किया था। शपथ ग्रहण के बाद सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक में पेंशन देने के लिए



किसान सम्मान योजना को मंजूरी दी गई। योजना के तहत 15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 6000 हजार रुपये दिए जाएंगे। उनकी आय दोगुनी करने के लिए 14 सूत्रीय रोडमैप पर काम शुरू कर दिया गया है।

चुनावी वादा के अनुसार, नरेंद्र मोदी सरकार-2 ने अपनी पहली कैबिनेट के बैठक में छोटे व्यापरियों के लिए पेंशन योजना को मंजूरी दी। इस योजना के देश के करीब 3 करोड़ खुदरा व्यापारियों को 60 साल की उम्र के बाद 3000 हजार रुपये हर महीने पेंशन मिलेगी।

नरेंद्र मोदी सरकार-2 पहले बजट में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात की गई है। इसके लिए अवसंरचना और निवेश पर जोर देने की बात की गई है। अवसंरचना के लिए अगले पांच वर्षों में 100 करोड़ निवेश किए जाने की योजना बनाई गई है।

जीवनयापन की सरलता स्वतंत्र भारत की जरूरत है। नरेंद्र मोदी सरकार-2 ने निर्णय लिया है कि आने वाले समय में गांवों में 1.5 लाख कल्याण केंद्र बनाए जाएंगे।

रक्षा बलों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए एक चीफ ऑफ़ डिफेन्स स्टाफ के गठन निर्णय लिया गया है। यह निर्णय हमारे सुरक्षा बालों को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

मोदी सरकार-2 द्वारा चिकित्सा सेवा में सुधार के लिए चिकित्सा शिक्षा में सुधार पर जोर दिया गया है। भारतीय चिकित्सा परिषद (संशोधन) विधेयक 2019 संसद इसी उद्देश्य पारित कराया गया। सरकार के इस कदम से देश में चिकित्सा शिक्षा के संचालन में पारदर्शिता आएगी। आर्थिक सुधार की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने दस सरकारी बैंकों के विलय करके चार बड़े बैंक बनाने का निर्णय किया है। इस विलय से बैंकों के बढ़ते एनपीए से राहत मिलेगी।

मोदी-2 ने पहले सौ दिन में लाल किले की प्राचीर से दिए अपने भाषण में देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में लोगों से प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया है। सरकार ने गांधी जी की जयंती से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने का फैसला किया है। सरकार ने देश की जनता को फिट रखने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने खेल दिवस के अवसर पर 'फिट इंडिया मिशन' की शुरुआत की।

मोदी-2 सरकार और सत्रहवीं लोकसभा के पहले सत्र में कुल 37 बैठकें हुईं और कुल 36 विधेयक पारित हुए। यह 1952 से लेकर अब तक का सबसे सफल और स्वर्णिम सत्र रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभिक सौ दिन में सात देशों के महत्वपूर्ण दौरे किए। नरेंद्र मोदी सरकार-2 में एक भी दिन ऐसा नहीं था जो साहसिक निर्णय से न जुड़ा हो। जिस भाजपा को कांग्रेस सदैव साम्प्रदायिक पार्टी कहती रही, उसी भाजपा ने विश्व में यह संदेश दिया कि भारत की भाजपा सरकार मुस्लिम विरोधी नहीं है।

आजादी के पहले भारत का प्रत्येक नागरिक भारत की आजादी और अपने राष्ट्र के बारे में सोचता था। आजादी के बाद इसमें कमी आई है। राष्ट्र छोटा और रोटी बड़ी होने लगी। स्वयं की चिंता में नागरिक डूबने लगे। पर पिछले 6 वर्षों में भारत में बदलाव आ रहा है। यह बदलाव सामान्य नहीं है। यह सतत चलते रहना चाहिए।

सौ दिन की बानगी में भारत का भविष्य दिखता है। एक बात तो स्पष्ट है कि अब सिर्फ राजनीतिक दल या सरकार ही नहीं बल्कि पूरा देश अब अपनी आंखों के सामने पहले भारतमाता और भारत की ओर देखता है। सरकार की सफलता तो यही होती है कि वह अपने पीछे पूरे समाज और राष्ट्र को खड़ा कर ले। वर्तमान में विपक्ष भी बौरा गया है। उसकी समझ में नहीं आ रहा है वह करे तो क्या करे। जब सरकार के क़दमों से विपक्ष अपनी भूमिका भूल जाए तो समझ लेना चाहिए कि सरकार सही दिशा में और नई दिशा में बढ़ रही है।

# जीवन को बर्बाद कर देती हैं बुरी आदतें




संकलित

## दर्शन

गरुड़ पुराण के आचार कांड में कुछ ऐसी बुराइयां बताई गई हैं, जिनकी वजह से किसी राजा का भी जीवन बर्बाद हो सकता है। अगर इन बुरी आदतों से बचा नहीं जाएगा तो जीवन में कभी सुख नहीं मिल पाएगा। ये बुरी आदतें कौन-कौन सी हैं जिनसे इंसान को हमेशा दूरी बनाए रखना चाहिए। नशा- नशा करने या शराब पीने के बाद व्यक्ति को अच्छे-बुरे का भी होश नहीं रहता है। ऐसा व्यक्ति अपने परिवार और दोस्तों को दुख देता है। नशे की हालत में व्यक्ति गलत काम करने के लिए प्रेरित होता है। इससे बचें। मोह- अत्यधिक मोह भी बर्बादी का कारण बन सकता है। किसी व्यक्ति से बहुत ज्यादा लगाव होने पर भी व्यक्ति सही-गलत का फैसला नहीं कर पाता है और उसके हर गलत काम में साथ देने लगता है। इसकी वजह से जीवन बर्बाद हो सकता है। लोभ- लालची इंसान अपने फायदे के लिए किसी के साथ भी धोखा कर सकता है। लालच की वजह से व्यक्ति सही-गलत नहीं सोच पाता है और बर्बादी की ओर बढ़ता है। क्रोध में भी व्यक्ति को अच्छे-बुरे की परख नहीं हो पाती है। गुस्से व्यक्ति बिना सोचे-समझे गलत निर्णय ले लेता है। इसीलिए इस आदत को छोड़ देना चाहिए। अहंकार- ग्रंथों में एक ऐसे पात्र हैं, जो अहंकार की वजह से मारे गए, जैसे रावण और दुर्योधन। कभी भी अपनी शक्ति या धन का घमंड नहीं करना चाहिए। अहंकार में ऐसी बातें बोल दी जाती हैं, जिनकी वजह से दूसरों को कष्ट होता है।

# घर की जिम्मेदारियां पूर्ण करना ही संन्यास



संकलित

## प्रेरणा

संन्यास लेने के इच्छुक एक गृहस्थ को संत ने समझाते हुए कहा कि घर की जिम्मेदारियों को प्रेम से पूरा करते हुए सन्तुष्ट रहना और अपने उद्धार के लिए गुरु द्वारा बताए मार्ग पर चलते रहना गृहस्थियों का संन्यास है। संन्यास भागने की नहीं है बल्कि भीतर से जागने की कला है। घर से भागकर आप भगोड़े बन सकते है सन्यासी नहीं। मतलब घर की जिम्मेदारियां का निर्वाह नहीं कर पाए तो अब संन्यास ले लो। संन्यास भगवा कपड़े पहनने का नाम नहीं है। संन्यास तो मन से होता है, कर्मों, विषय-विकारों, संस्कारों, इच्छाओं व वासनाओं से होता है। अपने को जानने से हम भीतर से जागने लगते हैं, फिर वो गृहस्थ हो या संन्यास, यदि जागे नहीं तो घर और गुफा एक ही है। जिम्मेदारियों से पीछे न छुड़ाओ बल्कि उनका सामना करो। कमज़ोर लोग भागते हैं और कमज़ोर आदमी कभी सन्यासी नहीं बन सकता। संन्यास के लिए हिम्मत और भीतर की सरलता, शुद्धता और प्रेम चाहिए। कपड़े बदल लेने से मन शांत नहीं होता। यदि आप घर में रहते हुए संतष्ट नहीं है तो घर छोड़कर कभी संतुष्ट नहीं हो सकते। कपड़ों से भले सन्यासी बन जाओ लेकिन अन्दर शान्ति नहीं आयेगी। यह सर्वविदित है कि दूर के ढोल हमेशा सुहावने लगते हैं लेकिन जब ढोल के पास पहुंचते हो तो उसकी आवाज़ कर्कश लगने लगती है। यही सिद्धांत जीवन के प्रत्येक क्षण के संबंध में भी काम करता है।

## अमन-शांति



फोटो न्यूज

रामबन। गुर्जर जनजाति के सदस्य जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर घोड़ों के झुंड के साथ अपनी रोजी-रोटी कमाने जाते हुए।

## आज की पाती

### चालकों पर सख्ती के साथ सड़कें भी दुरुस्त हों

सरकार ने वाहन चालकों के लिए तो भारी भरकम चालान का कानून बना दिया मगर क्या यह उचित नहीं होगा कि सड़कों के रखरखाव में लापरवाही बरतने वालों को भी भारी जुर्माने का भागीदार बनाया जाये? इसमें संदेह नहीं कि सड़क हादसों का एक बड़ा कारण वाहन चालकों की लापरवाही होती है लेकिन, सड़कों की डिजाइन में खामी, गड्ढे, अतिक्रमण, आवारा पशु, रोशनी की कमी भी अधिकतर हादसों के कारण बनते हैं। स्पष्ट है कि सड़कों के बेहतर रखरखाव के साथ ही यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त की जानी चाहिए। खराब सड़कों अथवा व आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर संबंधित विभाग व संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई करना चाहिए। *–डॉ हेमंत कुमार*

## करंट अफेयर

# ट्रंप से वार्ता रद्द होने के बाद रूस पहुंचा तालिबान

तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल इस समय रूस पहुंच गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के अफगानिस्तान में आतंकवादी समूह के साथ शांति वार्ता को रद्द करने की घोषणा के कुछ दिनों बाद ही तालिबान का प्रतिनिधिमंडल रूस पहुंचा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने तालिबान के कतर स्थित प्रवक्ता सुहैल शाहीन के हवाले से कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दूत जमीर काबुलोव के साथ चर्चा की। तालिबान के एक अधिकारी ने इस यात्रा की पुष्टि की है। समाचार एजेंसी ने रूस के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि रूस इस बैठक को अमेरिका और तालिबान के बीच वार्ता बहाल करने की आवश्यकता के तौर पर देखता है और तालिबान ने भी वॉशिंगटन के साथ वार्ता जारी रखने के लिए तैयार होने की पुष्टि की है। अमेरिका के साथ वार्ता के प्रयास नाकाम होने के बाद यह तालिबान की पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मुल्ला शेर मोहम्मद स्टानिकजई कर रहा है। शाहीन ने मंगलवार को तालिबान की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा था कि समूह अब भी अमेरिकी वार्ताकारों से बात कर रहा है ताकि कम से कम यह पता चले कि आगे क्या करना है।



## ऑफ बीट

# मेघालय का एक गांव, जहां भगवान का अपना बगीचा

जिस तरह कश्मीर के बारे में कहा जाता है कि धरती पर अगर कहीं स्वर्ग है तो वह बस यहीं है, उसी तरह मेघालय में एक ऐसा गांव है जिसके बारे में कहा जाता है कि वह 'गॉड्स ओन गार्डन यानी भगवान का अपना बगीचा' है। दुनियाभर के लोगों के बीच यह आकर्षण का केंद्र है? यहां बात हो रही है मावलिननांग नाम के गांव की। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय का यह गांव दरअसल अपनी बेजोड़ स्वच्छता के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। इस गांव को एशिया का सबसे साफ सुथरे गांव का दर्जा मिला हुआ है। इस गांव को देख आप भी हैरत में रह जाएंगे और लगेगा कि यकीनन यह पृथ्वी पर किसी अजूबे से कम नहीं है। जहां स्वच्छता होती है भगवान भी वहीं विराजते हैं और शायद इसी वजह से इस गांव को 'भगवान का अपना बगीचा' के नाम से प्रसिद्धि मिली हुई है। यहां के प्रसिद्ध लिविंग रूट ब्रिज को यूनेस्को का विश्व धरोहल स्थल घोषित किया जा चुका है। नदी के ऊपर लटकते ये पुल रबर के पेड़ों से लटकती जड़ों से बने हैं जोकि दूसरे पेड़ की जड़ों से जुड़े हैं। यहां का वॉटरफॉल भी बेजोड़ है,यह वॉटरफॉल गांव के नाम यानी मावलिननांग के नाम से ही मशहूर है। गांव का लैंडमार्क है एपिफपनी का चर्च, जोकि 100 साल पुराना है।



## ट्रेंड

### विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि

इंजीनियर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के पर्याय हैं। उनके अभिनव उत्साह के बिना मानव प्रगति अधूरी होगी। इंजीनियर्स दिवस पर बधाई और सभी मेहनती इंजीनियरों को शुभकामनाएं। अनुकरणीय इंजीनियर सर एम विश्वेश्वरैया को उनकी जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि। **-नरेंद्र मोदी**



### विनम्र और कृतज्ञ रहें

कृतज्ञता परमात्मा को रिझाने का अचूक साधन है। ईश्वर के उपकार-अनुग्रह, अनुकंपा और असीम कृपा की अनुभूति निरंतर रहे ! ईश्वर ने हमें अपनी योग्यता-पात्रता से अधिक प्रदान किया है। अतः विनम्र और कृतज्ञ रहें। हम हमेशा ईश्वर के प्रति समर्पित रहें। **-अवधेशानंद**



### संघ की अवधारणा

केन्द्र में जब से राजग सरकार आई है तब से 'एक देश, एक भाषा और एक धर्म' विचार को लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो कि आरएसएस की अवधारणा रही है। **-वी नारायणसामी**



### पार्टी का निर्णय स्वीकार

पार्टी आलाकमान जो भी निर्णय लेगा, वह मुझे स्वीकार होगा। केवल मप्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस संगठन को फिर से जीवित करना अति महत्वपूर्ण है। **-ज्योतिरादित्य सिंधिया**



**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगा मालदीव के नौकरशाहों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत मालदीव के नौकरशाहों को सोमवार से दिल्ली और मसूरी में दो हफ्ते का प्रशिक्षण देगा। सरकारी बयान के अनुसार यह प्रशिक्षण नेशनल सेंटर फोर गुड गवर्नेंस (एनसीजीजी) और मालदीव्स सिविल सर्विस कमीशन (सीएससी) के बीच क्षमता एवं कौशल विकास कार्यक्रम पर हुए समझौते का हिस्सा है। मालदीव से 32 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मसूरी में एनसीजीजी परिसर में पहुंच चुका है।

### संजीव चतुर्वेदी ने केंद्र से मिला मुआवजा प्रधानमंत्री राहत कोष में दान किया

**नई दिल्ली।** भारतीय वन सेवा के अधिकारी (आईएफएस) संजीव चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार से बतौर मुआवज़ा मिले 25,000 रुपये को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष को दान कर दिए हैं। चतुर्वेदी की मूल्यांकन रिपोर्ट में विपरीत प्रविष्टियां करने के विवाद का निपटारा करते हुए उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने केंद्र को अधिकारी को मुआवजे के तौर पर यह राशि देने को कहा था। चतुर्वेदी ने इससे पहले मैग्सेसे पुरस्कार की राशि भी दान कर चुके हैं।

### लाहौर: इंजन में आग लगने पर पायलट ने आपात स्थिति में विमान उतारा

**लाहौर।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद उसके एक इंजन में आग लग गई। हालांकि, पायलट ने विमान को सुरक्षित रूप से उतार लिया। उस पर करीब 200 यात्री सवार थे। जेद्दा जा रही उड़ान पीके-759 के एक इंजन में आग लग जाने के बाद उसे वापस अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर लौटने के लिए और आपात स्थिति में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा। रविवार सुबह उड़ान भरने के दौरान विमान के एक इंजन में आग लग गई और पायलट ने इस बारे में नियंत्रण कक्ष को सूचना दी तथा आपात स्थिति में विमान उतारने की इजाजत मांगी।

### ओडिशा में 184 कक्षाएं बनीं स्मार्ट कक्षाएं

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नौ केंद्रीय विद्यालयों की 184 कक्षाओं का डिजिटलीकरण किया गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं स्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को केंद्रीय विद्यालयों की स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन किया। इनमें से छह स्कूल भुवनेश्वर, दो स्कूल खोरडा रोड और एक कटक में है। 184 कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में तब्दील किया गया है। इसपर कुल चार करोड़ रुपये का खर्चा आया है। यह कार्य तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओनएजीसी) के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत किया गया है। इससे 12,300 छात्र-छात्राओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

### चीन 70 वीं वर्षगांठ की तैयारी में, पतंगों व कबूतरों को उड़ाने पर रोक

**बीजिंग।** एक अक्टूबर को कम्युनिस्ट शासन की 70 वीं वर्षगांठ के लिए सैन्य परेड की तैयारी में जुटे चीन ने मध्य बीजिंग में पतंगों, ड्रोनों व कबूतरों को उड़ाने पर रोक लगा दी है। नोटिस के अनुसार विमान उड़ान की सुरक्षा पर असर डालने वाली गतिविधियां 15 सितंबर से एक अक्टूबर तक राजधानी के 16 जिलों में से सात में निषिद्ध रहेंगी। चीन लगातार दूसरे सप्ताहांत को परेड अभ्यास कर रहा है। रविवार को सैन्य विमानों ने निर्धारित मार्गों पर उड़ान भरी।

### डॉक्टर के आवास से मिले 2,000 भ्रूणों के अवशेष

**जोलिएट (इलिनोइस, अमेरिका)।** इंडियाना के गर्भपात क्लिनिक के दिवंगत डॉक्टर के इलिनोइस स्थित आवास से 2,000 से भी ज्यादा भ्रूणों के अवशेष मिले हैं। भ्रूणों को मेडिकल तरीके से संरक्षित करके रखा गया है। विल काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने शुक्रवार देर शाम बताया कि डॉक्टर उल्रिच क्लोफर के परिवार के वकील ने गुरुवार को कोरोनर कार्यालय में संपर्क कर मकान में भ्रूणों के अवशेष होने की आशंका जतायी थी। गौरतलब है कि डॉक्टर की मौत पिछले ही सप्ताह हुई है।

## सरकार 82 माननीयों पर कार्रवाई करने पर कर रही विचार

# पूर्व सांसदों ने नहीं छोड़े बंगले तो कटेगा बिजली-पानी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली के लुटियन्स जोन में 80 से ज्यादा सांसदों ने लोकसभा के एक पैनल से कड़ी चेतावनी मिलने के बाद भी आधिकारिक बंगले खाली नहीं किए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लोक आवास (अनाधिकृत कब्जा खाली कराना) अधिनियम के तहत सरकार इन पूर्व सांसदों पर कार्रवाई करने पर विचार कर रही है। सीआर पाटिल के नेतृत्व में लोकसभा आवास समिति ने 19 अगस्त को करीब 200 पूर्व सांसदों को एक सप्ताह के भीतर बंगला खाली करने का आदेश दिया और ऐसा नहीं होने पर तीन दिन के भीतर बिजली, पानी और गैस कनेक्शन काटने का आदेश दिया था। समिति के आदेश के बाद ज्यादातर पूर्व सांसदों ने आधिकारिक बंगले खाली कर दिए लेकिन 82 पूर्व सांसदों ने अब भी मौजूदा सूची के मुताबिक बंगला खाली नहीं किया है। लोकसभा आवास समिति के सूत्रों के मुताबिक यह अस्वीकार्य है व इस तरह के पूर्व सांसदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य सूत्र के मुताबिक संसद के इन पूर्व सदस्यों को नोटिस भेजा जा रहा है और उन्हें बंगला खाली करने का आदेश किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही खाली कराने का आदेश पारित हो जाएगा उनके बंगलों की बिजली, पानी व खाना बनाने वाली गैस का कनेक्शन काट दिया जाएगा। नियम के अनुसार पूर्व सांसदों को संबंधित बंगला लोकसभा भंग होने के एक महीने के भीतर खाली करना पड़ता है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 16वीं लोकसभा 25 मई को भंग कर दी थी।

- लोकसभा आवास समिति ने 19 अगस्त को 200 पूर्व सांसदों को एक सप्ताह के भीतर बंगला खाली करने का दिया था आदेश
- बंगला खाली नहीं करने वाले पूर्व सांसदों को नोटिस भी भेजा जा रहा
- नियम अनुसार पूर्व सांसदों को बंगला लोकसभा भंग होने के एक महीने के भीतर खाली करना पड़ता है



## दीदार...



**आगरा।** न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी और फर्स्ट लेडी टैमी स्नाइडर मर्फी ने रविवार को ताजमहल के दीदार दौरान खिंचवाई तस्वीर।

## अधिवक्ता मेहुल चौकसी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर की पीएचडी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किस कदर लोगों के सिर चढ़कर बोलती है यह उन पर किए गए शोधकार्य से फिर साबित हो गई है। सूरत शहर के अधिवक्ता मेहुल चौकसी ने बकायदा 9 साल के कड़े परिश्रम के बाद आखिरकार पीएम मोदी के विजन, उनके विकास कार्यों पर पीएचडी डिग्री हासिल कर ली है। उनके रिसर्च थीसिस का नाम 'लीडरशिप अंडर गवर्नमेंट- केस स्टडी ऑफ नरेंद्र मोदी' है। मेहुल चौकसी गुजरात के सूरत शहर के रहने वाले हैं। उन्होंने गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप पर पीएचडी करने का विचार किया। उसके बाद उन्होंने नर्मदा साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी के लोक प्रशासन विभाग में संपर्क किया था।

## कोलकाता सचिवालय में पत्र देने पहुंचा सीबीआई का दल लौटाया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का एक दल रविवार को राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को कुछ पत्र सौंपने नबन्ना स्थित पश्चिम बंगाल सचिवालय पहुंचा लेकिन जांच एजेंसी के दल को कार्य दिवस पर आने के लिए कहा गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी के दल को कार्य दिवस के दौरान आने के लिए कहा गया है क्योंकि मुख्यमंत्री कार्यालय में पत्रों को लेने के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। अधिकारी ने बताया कि उन्हें (सीबीआई दल को) कहा गया कि रविवार को क्योंकि साप्ताहिक छुट्टी है, मुख्यमंत्री कार्यालय में इन पत्रों को ग्रहण करने के लिए कोई नहीं है। उन लोगों से कार्य दिवस के दौरान आने के लिए कहा गया है। इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि ये पत्र किसे बारे में थे क्योंकि सीबीआई के अधिकारी इस बारे में टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। कोलकाता पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को गिरफ्तारी से बचने की व्यवस्था कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से वापस ले लिये जाने के बाद जांच एजेंसी ने पुलिस अधिकारी को शुक्रवार को ताजा नोटिस भेज कर सारदा घोटाला मामले में जांच के सिलसिले में शनिवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा था। हालांकि, समझा जाता है कि मामले में जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कुमार ने और समय की मांग की है लेकिन उनके आग्रह को जांच एजेंसी ने अब तक स्वीकार नहीं किया है।




- जांच एजेंसी के दल को कार्य दिवस के दौरान आने के लिए कहा गया

## रामलला के पक्ष में आएगा फैसला नवंबर से शुरू हो जाएगा मंदिर निर्माण: स्वामी

एजेंसी ⏭ अयोध्या

एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में चल रही अयोध्या मामले की सुनवाई जारी है। वहीं दूसरी तरफ अपने तर्कों के लिए जाने जाने वाले सुब्रमण्यम स्वामी ने राम मंदिर निर्माण को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। रविवार को अपने जन्म दिन पर स्वामी अयोध्या पहुंचे थे वहां उन्होंने अपने जन्मदिन पर रामलला के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद कहा कि मूलभूत अधिकार प्रॉपर्टी के अधिकार से ऊपर है, इसी आधार पर नवंबर में रामलला के पक्ष में फैसला आएगा। इसी के साथ इसी साल यानी 2019 में ही राम मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। स्वामी के समर्थकों ने वहां 'राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' और जय श्रीराम के नारे भी लगाए।

- अपने जन्म दिन पर स्वामी पहुंचे अयोध्या



### हिंदुओं का पक्ष है मजबूत

सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि हिंदुओं का मूलभूत अधिकार मुसलमानों की संपत्ति के अधिकार से ऊपर है, क्योंकि मुसलमानों का वह साधारण अधिकार है। संपत्ति का अधिकार मूलभूत अधिकार पर नहीं बनता। यह संविधान कहता है। जब किसी के मूलभूत अधिकार व संपत्ति के अधिकार की टक्कर होती है तो सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है, मूलभूत अधिकार सर्वोपरि है बाकी रद्द हो जाएगा।

### अधिग्रहित भूमि पर नहीं था विवाद

स्वामी ने दोहराया कि बीते वर्ष नवंबर में राम मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हो जाता क्योंकि विवादित भूमि को छोड़कर अधिग्रहित जमीन पर कोई विवाद नहीं था, यह भूमि सरकार के पास थी जिस पर दीपावली से काम शुरू किया जा सकता था पर सभी की राय थी कि मंदिर निर्माण का कार्य संपूर्ण भूमि पर एक साथ किया जाए इसीलिए सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने का इंतजार किया गया।

### फैसले का है इंतजार

स्वामी ने कहा कि अधिकांश जमीन सरकार के पास है जो उसने अधिग्रहण करके रखी हुई है व सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि सरकार वह जमीन किसी को भी दे सकती है लेकिन सरकार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही सारी जमीन सौंपी जाएगी।

## बजाज ने नागपुर में संघ संस्थापक हेडगेवार स्मारक का दौरा किया

एजेंसी ⏭ नागपुर

मशहूर उद्योगपति राहुल बजाज ने महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार के स्मारक का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पदाधिकारी ने बताया कि नागपुर महानगर संघचालक राजेश लोया और संघ के अन्य पदाधिकारियों के साथ आए बजाज ने शनिवार को यहां रेशमीबाग इलाके में डॉक्टर के बी हेडगेवार के स्मारक 'डॉक्टर हेडगेवार स्मृति मंदिर' में श्रद्धासुमन अर्पित किये। वह नजदीकी महल इलाके में स्थित आरएसएस मुख्यालय नहीं गए। हेडगेवार ने 1925 में विजय दशमी के दिन आरएसएस की स्थापना की थी। इस बीच, आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बजाज ने उनके निजी निमंत्रण पर स्मारक का दौरा किया। उन्होंने कहा कि यह एक शिष्टाचार दौरा था। मैंने उन्हें निमंत्रण भेजा था कि जब भी वह नागपुर आएं तो स्मारक का दौरा करें। चूंकि वह नजदीकी वर्धा जिले में थे, लिहाजा वह यहां आए। यह अनौपचारिक निमंत्रण था। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में संघ के नेतृत्व से मुलाकात के लिये आरएसएस मुख्यालय की ओर से भेजे गए निमंत्रण को बजाज ने ठुकरा दिया था। संघ को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वैचारिक संरक्षक के रूप में जाना जाता है।



## कश्मीर: इंटरनेट, मोबाइल सेवा बाधित होने से पत्रकारों को हो रही दिक्कतें

**श्रीनगर।** कश्मीर में पिछले 40 दिनों से इंटरनेट, मोबाइल सेवा नहीं होने से घाटी के पत्रकारों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है व सरकार द्वारा बनाया गया अस्थायी मीडिया केंद्र ही बाकी दुनिया के साथ उनके संपर्क का एक मात्र जरिया बना हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने व राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में प्रदेशों में बांटने के फैसले की पूर्व संध्या पर चार अगस्त की शाम से घाटी में पाबंदियां लागू हैं। लैंडलाइन फोन सेवा को इस महीने के शुरू में फिर से बहाल किया गया है लेकिन मोबाइल सेवाएं और इंटरनेट-किसी भी प्लेटफॉर्म पर- अब भी बंद हैं। परेशान पत्रकारों ने अब मांग की है कि सरकार को कम से कम मीडिया संस्थानों के ब्रॉडबैंड कनेक्शन बहाल करने चाहिए। एक वरिष्ठ फोटो पत्रकार ने कहा इरफान अहमद, "हमारा अपने मुख्यालयों से न्यूनतम संपर्क है।



## गलत आर्थिक नीतियों के खिलाफ माकपा का जनांदोलन का आह्वान

**नई दिल्ली।** माकपा ने देश की अर्थव्यवस्था को मंदी का शिकार बताते हुए इसके लिये वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गलत फैसलों को जिम्मेदार ठहराया है। माकपा पोलित ब्यूरो की ओर से रविवार को कहा गया है कि सरकार को ढांचा गत विकास परियोजनाओं पर निवेश में व्यापक इजाफे की घोषणा करना चाहिये जिससे रोजगार में बढ़ोतरी हो व घरेलू बाजार में मांग बढ़े। इसके बजाय वित्त मंत्री द्वारा की गयी घोषणाओं का नतीजा आर्थिक मंदी के रूप में सामने आया है। भवन निर्माण क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश पर ध्यान केन्द्रित करने, निर्यात बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं हो सकते हैं।

## चिन्मयानंद प्रकरण: पीड़िता के वायरल वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे पिता

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर

स्वामी चिन्मयानंद प्रकरण में कथित पीड़िता के पिता ने कहा है कि उनकी बेटी ने साक्ष्य के तौर पर चिन्मयानंद का मालिश का वीडियो विशेष जांच दल (एसआईटी) को दिया था मगर सोशल मीडिया पर यह वीडियो और उसके स्क्रीनशॉट पोस्ट किए जा रहे हैं। पिता ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो स्क्रीनशॉट, वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं वे साक्ष्य तो उनकी बेटी के ही पास थे।

यह साजिश है व इसकी जानकारी उच्चतम न्यायालय को देंगे व पूरे मामले की जांच कराने का आग्रह करेंगे। वहीं, दूसरी ओर रविवार को स्वामी चिन्मयानंद के पक्ष में हिंदू महासभा के तथाकथित नेता ओम जी ने कहा कि उन्होंने छह दिसंबर को राम मंदिर का निर्माण करने की घोषणा की है, ऐसे में अगर स्वामी चिन्मयानंद को कुछ हो जाता है तो मंदिर निर्माण में रोड़ा पैदा होगा। उन्होंने यूपी सरकार से चिन्मयानंद के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज नहीं करने, अगर दर्ज होता है तो उसे रद्द करने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर उन्हीं के कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने 24 अगस्त को वीडियो पोस्ट कर गंभीर आरोप लगाए थे। उच्चत न्यायालय ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था।

## एनसीआर: दूरदराज के क्षेत्रों का होगा विकास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नियोजन बोर्ड (एनसीआरपीबी) एनसीआर के दूरदराज के इलाकों में टिकाऊ विकास के संबंध में अध्ययन करने के लिए नगर योजनाकारों और अन्य विशेषज्ञों की एक समिति का गठन कर सकता है।

पूरे मामले से अवगत दो अधिकारियों ने बताया कि समिति इस बात का भी अध्ययन कर सकती है कि दिल्ली के आसपास के कुछ इलाकों में आबादी का घनत्व अधिक क्यों है, जबकि एनसीआर के कुछ दूसरे इलाकों में ये तुलनात्मक रूप से कम है। एनसीआरपीबी की हाल में हुई बोर्ड की बैठक में विशेषज्ञ समिति गठित करने पर विचार हुआ। इसके मद्देनजर एनसीआरपीबी जल्द ही नगर योजनाकारों, परिवहन व अन्य विशेषज्ञों की समिति का गठन करेगा। समिति की अध्यक्षता कौन करेगा, इस बारे में अभी निर्णय नहीं हुआ है व कहा कि समिति बनाने के लिए नियम-शर्तें जल्द तय की जाएंगी। हाल में यूपी के शामली, मुजफ्फरनगर और हापुड़ जिलों और हरियाणा के फरीदाबाद, जींद और करनाल जिलों को एनसीआर में शामिल किया गया है। दिल्ली के आसपास के इलाकों जैसे नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद में तेजी से विकास हुआ है। समिति अब एनसीआर के अधिक दूरदराज के इलाकों में टिकाऊ विकास के पहलुओं व संसाधानों के अधिकतम इस्तेमाल पर विचार करेगी। योजना ये है कि एनसीआर के सभी इलाकों का समान रूप से विकास हो।




## मलाला यूसुफजई ने संयुक्त राष्ट्र से की अपील

# कश्मीरी बच्चों को स्कूल भेजने में मदद करें

एजेंसी ⏭ लंदन

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एवं बालिका शिक्षा कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई ने संयुक्त राष्ट्र से कश्मीर में शांति लाने के लिए काम करने, घाटी में बच्चों को फिर से स्कूल भेजने में मदद करने की अपील की है।


मलाला(22) ने ट्विटर पर कहा कि वह उन खबरों से चिंतित हैं, जिनमें कहा गया है कि कश्मीरी बच्चे '40 दिन से ज्यादा समय से स्कूल नहीं जा सके हैं और लड़कियां घर से निकलने में डर रही हैं।' यूसुफजई ने कहा कि मैं यूएनजीए (संयुक्त राष्ट्र महासभा) के नेताओं व अन्य से कश्मीर में शांति लाने की दिशा में काम करने, कश्मीरियों की आवाज सुनने व बच्चों के फिर से स्कूल जाने में मदद करने का अनुरोध कर रही हूं। उनकी टिप्पणी पर भारतीय लोगों ने ट्विटर पर उनकी तीखी आलोचना की, कहा कि वह पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों की पीड़ा पर चुप क्यों हैं?

- 40 दिन से स्कूल न गए बच्चे, घर से नहीं निकल रही बच्चियां



### प्रियंका चतुर्वेदी बोली

शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट में कहा कि पाकिस्तान इस पर प्रतिक्रिया नहीं करता कि दुनिया में उसे किस नजर से देखा जाता है, कैसे अपना एजेंडा आगे बढ़ता है व कैसे कश्मीरी लड़कियों को लेकर अपनी 'चिंता' की आड़ में मलाला कश्मीर पर उस एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद कर रही हैं, मलाला के लिये जिस तरह भारतीयों का प्यार उमड़ रहा है यह देखकर अच्छा लगा...दिल को छू लेने वाला।



# प्लेन उड़ाना चाहते हैं सुशांत ...

**मुंबई।** हाल में बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'छिछोरे' रिलीज हुई थी, जिसमें उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई दी थीं। सुशांत की इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस का पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब सुशांत ने अपनी टू-डू-लिस्ट शेयर कर बताया है कि वह अपनी जिंदगी में क्या-क्या करना चाहते हैं। वैसे सुशांत की यह लिस्ट काफी लंबी है और इसमें प्लेन उड़ाने, लेफ्ट हैंड से क्रिकेट खेलने से लेकर ट्रेन से यूरोप जाने तक की इच्छा जाहिर की है। सुशांत ने यह लिस्ट अपने ऑफिशल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है।

लाइफ Style

# किआरा फिटनेस को लेकर केयरफुल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'कबीर सिंह' में शाहिद कपूर के साथ अपने केमिस्ट्री से ऑडियंस के दिल पर छा जाने वाली कियारा आडवानी इंडस्ट्री की उन अदाकारों में से एक हैं जो अपनी सेहत का काफी ध्यान रखती हैं।

यही वजह है कि वह शूटिंग के दौरान के स्ट्रेस और स्ट्रेन को आसानी से झेल जाती हैं। इसके लिए वह नॉर्मल वर्कआउट के साथ ही बॉक्सिंग भी करती हैं, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कियारा ब्लैक जिमवेअर में नजर आ रही हैं, जिसमें उनकी टोन्ड और फिट बॉडी देखी जा सकती है। वह हाथों में बॉक्सिंग ग्लव्स पहनी दिखीं और उनके साथ सामने की ओर ट्रेनर खड़े हुए थे। वीडियो में दिखाई देता है कि बॉक्सिंग के लिए तैयार कियारा को जैसे ही उनके ट्रेनर से एक इशारा मिलता है वैसे ही वह मुक्कों की बरसात करना शुरू कर देती हैं। इस दौरान वह खड़े होकर मुक्केबाजी, क्रंचेज पंच और फिर साइड किक्स लगाती भी दिखाई देती हैं। जिस तरह से कियारा मुक्के बरसाती दिखीं उससे साफ है कि किसी ने अगर उनसे पंगा लिया तो उसकी खैर नहीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा इन दिनों अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'लक्ष्मी बम' की शूटिंग कर रही हैं। इसी के साथ वह फिल्म 'गुड न्यूज' में भी नजर आएंगी जिसमें करीना कपूर, दिलजीत दोसांझ और अक्षय कुमार अहम रोल निभाते दिखेंगे।




हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका को स्टैंडिंग ओवेशन

टोरंटो। टॉरेंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में द स्काइ इज पिंक का प्रीमियर किया गया। प्रियंका चोपड़ा, फरहान अख्तर और फिल्म की बाकी टीम इस इवेंट में मौजूद थी। खबर है कि इस फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा को स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया। 13 सितंबर को आयोजित किए गए इस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के क्रेडिट्स रोल होने तक (तकरीबन 5 मिनट) सभी ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में प्रियंका चोपड़ा की परफॉर्मेंस देखकर अधिकतर लोग भावुक हो गए।



# एडेल ने दी तलाक की अर्जी ...

**लॉस एंजलिस।** अपने पति साइमन कोनकी से अलग रह रहीं ब्रिटिश सिंगर एडेल ने तलाक की अर्जी दी है। अलग रहने के 5 महीने बाद एडेल ने आखिरकार ये कदम उठा लिया है। दोनों ने अपने बेटे की परवरिश साथ मिलकर करने की बात कही है साथ ही मीडिया से प्राइवेसी का सम्मान करने को भी कहा है। बता दें एडेल ने साइमन के साथ अपने रिश्ते को हमेशा निजी रखा था, लेकिन साल 2017 में ग्रैमी अवार्ड शो में पुरस्कार लेने के दौरान एडेल ने साइमन के साथ अपनी शादी की बात को कबूला था। हालांकि अब दोनों पूरी तरह से अलग हो चुके हैं। एडेल ने चार साल की उम्र से सिंगिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उनका मन पढ़ने से ज्यादा गायकी में लगता था। 2008 में उनकी एल्बम 19 रिलीज हुई थी।



# फैंसी फुटवेयर से खास लगाव...

**मुंबई।** करीना कपूर अपने स्टाइल स्टेटमेंट और गॉर्जस अंदाज से फैन्स को इंप्रेस करने में कभी भी फेल नहीं होती हैं। बात चाहें परफेक्ट आइलाइनर की हो या फिर रिप्ड जीन्स या फिर डेनिम शर्ट्स, करीना हर लुक में काफी स्टालिश लगती हैं। यही वजह है कि करीना फैन्स के लिए स्टाइल आइकॉन हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि करीना खुद अपने लुक में सबसे ज्यादा किस चीज का ध्यान रखती हैं। आपको बता दें कि करीना को फुटवेअर का काफी शौक है। यही वजह है कि वह फुटवेअर के साथ काफी एक्सपेरिमेंट करती हैं। उनके पास फुटवेअर की अच्छी-खासी वेराइटी भी मौजूद है। करीना चप्पल को भी कूल बना देती हैं तो वहीं बेसिक स्नीकर्स और न्यूड हील्स में भी रॉकिंग लगती हैं।



# बच्चों को लेकर अजय होते हैं परेशान

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार एक्टर अजय देवगन अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में ज्यादा बात नहीं करते। लेकिन बेटे युग और बेटी न्यासा को लेकर उनके कमेंट्स हमेशा उनके कंसर्न को दिखाते हैं। युग और न्यासा का स्पॉटलाइट में होना अजय को कितना परेशान करता है। इस सवाल पर अजय ने कहा, इससे मुझे परेशानी होती है. लेकिन मैं सोचता हूं कि बच्चे भी बहुत समझदार होते हैं। वे हमसे पॉजीटिव चीजों के अलावा निगेटिव चीजें भी हासिल करते हैं। बता दें कि युग और न्यासा सोशल मीडिया पर पहले से पॉपुलर हैं। अजय और काजोल अपने बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अजय जल्द ही तानाजीः द अनसंग वॉरियर में नजर आएंगे। इस फिल्म में वे 12 साल बाद पत्नी काजोल के साथ काम करेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधान
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दु:ख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

ज्योतिष

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह माँगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

टॉवर

☛ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

फायनेंस

☛ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

टावर

☛ RELIANCE JIO कम्पनी में घरबैठे पार्टटाइम/फुलटाईम SMS JOB करके कमायें (लड़के-लड़कियां) 18600-45500/- महीना सैलरी, लैपटॉप + मोबाईल फ्री, नाम-पता CALL / SMS / WHATSAPP करें 081020-43117, 098514-98325

लोन

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

आवश्यकता

☛ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

फायनेंस

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

आवश्यकता

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

फायनेंस

☛ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

# शर्टलेस वरुण की धमाचौकड़ी ...

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स में शामिल हैं। वरुण बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही अपने फिटनेस का भी खूब ख्याल रखते हैं। सोशल मीडिया पर भी अकसर वरुण अपने मजेदार वीडियो शेयर करते हैं। अब वरुण धवन ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह अलताफ राजा के गाने पर थिरकते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर इस वीडियो में वरुण शर्टलेस हैं और अपनी टोन्ड बॉडी में अपने जिम ट्रेनर के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों पूरे मस्ती के मूड में हैं। वहां अलताफ राजा के गाने 'तुम तो ठहरे परदेसी' पर दोनों थिरकने लगते हैं। फिर जो हुआ उसे देखकर फैन्स लोट-पोट हो रहे हैं। आप भी देखिए, वरुण का यह मजेदार अंदाज। वरुण धवन पिछली बार फिल्म करण जौहर की फिल्म 'कलंक' में नजर आए थे। फिलहाल वरुण 'कुली नं. 1' के रीमेक की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं, वरुण 'एबीसीडी' फ्रैंचाइज की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर' में भी नजर आने वाले हैं।



# एक्सपेरिमेंट कर रहे रणबीर


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर इन दिनों बिलकुल अलग तरह के एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं। वह इस तरह की फिल्में चुन रहे हैं जो उन्होंने अभी तक नहीं की हैं। इन फिल्मों में ज्यादातर एक्शन और थ्रिलर फिल्में हैं। उनकी फिल्म शमशेरा और ब्रह्मास्त्र पर काम चल रहा है और अब उनकी एक नई फिल्म सुर्खियों में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कबीर सिंह डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिंग फिल्म डेविल में काम करते नजर आएंगे। रणबीर कपूर पिछली बार अभिनेता संजय दत्त की बायोपिक फिल्म संजू में काम करते नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने संजय दत्त की भूमिका निभाई थी। जानकारी के मुताबिक संदीप ने ये स्क्रिप्ट पहले एक्टर महेश बाबू को दिखाई थी लेकिन उन्हें यह जरूरत से ज्यादा डार्क लगी। संदीप की डेब्यू बॉलीवुड फिल्म कबीर सिंह बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

# बिग बी की नातिन नव्या का जलवा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा यूं तो सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहती, लेकिन उनकी फोटो और वीडियो इंटरनेट पर अकसर वायरल होते रहते हैं। हाल ही में नव्या नवेली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी धूम मचा रहा है। इस वीडियो में नव्या अमेरिका की सड़कों पर एक्सरसाइज करती दिखाई दे रही हैं। सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे इस वीडियो में स्टार किड खुद को 'फिट' रखने के लिए खूब मेहनत करती नजर आ रही हैं। यह वीडियो नव्या नवेली नंदा के फैन क्लब ने शेयर किया है। बता दें अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा न्यूयॉर्क की फोरडम युनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही हैं। नव्या अकसर इसी तरह न्यूयॉर्क की सड़कों पर एक्सरसाइज करती नजर आती हैं। हाल ही में उनका एक और वीडियो खूब वायरल हुआ था, इस वीडियो में उन्होंने नियॉन ग्रीन टॉप और ग्रे टाइट्स पहना है। इसके साथ ही उन्होंने बालों का हाई पोनी टेल बनाया हुआ है। वीडियो में नव्या नवेली जिस तरह से मेहनत कर रही हैं, उसे देखकर लगता है कि वह अपनी फिटनेस को लेकर काफी सतर्क हैं।




टीवी मसाला



# भगवान शिव बनेंगे मिलिंद सोमन

**मुंबई।** बीटाउन के सबसे फिट एक्टर्स में से एक मिलिंद सोमन जल्द ही टेलीविजन सीरियल में नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि वे एक्टर मोहित रैना द्वारा निभाए गए शिव के किरदार में नजर आएंगे। यह पहली बार है जब मिलिंद अपने प्रोजेक्ट्स से हटकर टीवी पर भगवान शिव का रोल प्ले करते दिखेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक मिलिंद 'जग जननी मां वैष्णो देवी' सीरियल में भगवान शिव का किरदार निभाएंगे। इस रोल के लिए पहले मोहित रैना से संपर्क किया था। लेकिन अपने बिजी शेड्यूल के कारण मोहित ने इस प्रोजेक्ट के लिए मना कर दिया। बाद में शो निर्माताओं ने मिलिंद से संपर्क किया। फिटनेस को लेकर हमेशा एक्टिव मिलिंद, समय-समय पर लोगों को फिटनेस टिप्स देते रहते हैं। उन्हें पिछली बार वेब सीरीज फोर मोर शॉट्स, शॉर्ट फिल्म मुक्ति, फिल्म बाजीराव मस्तानी में अंबाजी पंत के किरदार में देखा गया था। देवों के देव महादेव में मोहित द्वारा निभाए गए शिव के किरदार को लोगों ने बहुत पसंद किया था। अब यह देखना मजेदार होगा कि क्या मिलिंद भी इस किरदार में लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। बता दें जग जननी मां वैष्णो देवी सीरियल 30 सितंबर से शुरू होने वाला है। यह शो सोमवार से शनिवार तक रात साढ़े 9 बजे प्रसारित किया जाएगा।

## श्वेता की हो रही वापसी



**मुंबई।** इन दिनों टेलीविजन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में हैं। इसी बीच छोटे पर्दे पर उनके एक नए शो की खबर भी सामने आई है। खबर है कि श्वेता जल्द ही एक नए सीरियल में मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक श्वेता 'मेरे डैड की दुल्हन' नाम के एक नए शो में लीड रोल प्ले करेंगी। शो में श्वेता के अलावा टीवी एक्टर वरुण बडोला मेल लीड में नजर आएंगे। इस शो को डीजे-ए क्रिएटिव यूनिट प्रोड्यूस करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक यह सीरियल एक बाप-बेटी की कहानी पर आधारित है। इसमें बेटी को जब अपने पापा के अकेलेपन का एहसास होता है तो वह उनके लिए सही पार्टनर की तलाश करती हैं। वैसे सीरीज का नाम 'मेरे डैड की दुल्हन' भी कुछ इसी तरफ इशारा कर रहा है। पिछली बार टीवी सीरियल्स बेगुसराय में दमदार रोल निभाने के बाद, श्वेता का यह किरदार कैसा होगा, यह देखने लायक होगा।

## खबर संक्षेप



### ओडिशा के कोरापुट में बाल विवाह रोकने के लिए कार्यबल का गठन

**कोरापुट (ओडिशा)।** ओडिशा के कोरापुट जिले में बाल विवाह के चलन को रोकने लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। इस क्षेत्र के आदिवासी समुदायों में बाल विवाह आम बात है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य में बाल विवाह का औसत 21.3 प्रतिशत और राष्ट्रीय औसत 26.8 प्रतिशत है, जबकि जिले में बाल विवाह की वार्षिक दर 34.7 प्रतिशत है। कोरापुट के जिलाधिकारी मधुसूदन मिश्रा ने कहा कि उच्च बाल मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और कुपोषण की प्रमुख वजह बाल विवाह है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई बीच में खत्म हो जाने के कारण बाल विवाह को बढ़ावा मिलता है, इसलिए शिक्षा विभाग स्कूल छोड़ने वालों का ब्योरा तैयार करेगा और उन्हें कोई हुनर सिखाएगा। प्रशासन स्वैच्छिक संगठन सोवा द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक रेडियो सेवा धीमसा की मदद भी लेगा। इस पर आदिवासी भाषा में कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी बाल विकास संरक्षण अधिकारियों (सीडीपीओ) और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि वे अपने क्षेत्रों में इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

### नायडू और मोदी ने इंजीनियर्स दिवस पर बधाई दी




नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंजीनियर्स दिवस पर इंजीनियरों को बधाई दी और उन्हें परिश्रम तथा दृढ़ संकल्प का पर्यायवाची बताया। इंजीनियर्स दिवस प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर एम विश्वेश्वरय्या के जन्मदिवस के मौके पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि इंजीनियर परिश्रम और दृढ़ता के पर्यायवाची हैं। उनके कुछ नया करने की चाहत के बिना मानव की उन्नति अधूरी रहेगी। मेहनती इंजीनियरों को बधाई देते हुए मोदी ने विश्वेश्वरय्या को श्रद्धांजलि भी दी। नायडू ने विश्वेश्वरय्या को उत्कृष्ट सिविल इंजीनियर बताया जिन्होंने बांधों के जरिए भारत के जल संसाधन का सही इस्तेमाल किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह दूरदेश थे। उनके अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

### जम्मू में पुलिस हिरासत में युवक की मौत

**जम्मू।** संदिग्ध रूप से नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले एक 32 वर्षीय व्यक्ति की गिरफ्तारी के तुरंत बाद पुलिस हिरासत में मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजौरी के कोटली गांव के निवासी इखलाक अहमद खान को शनिवार को जानीपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया और उसे पूछताछ के लिए मिरान साहिब पुलिस स्टेशन लाया गया, जहां उसने बेचैनी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेटी और विभागीय जांच की जा रही है और मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए खान का पोस्टमार्टम किया कराया जा रहा है।

### गेस्ट हाउस में मिला ऑस्ट्रेलियाई पर्यटक का शव

**जयपुर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले के खुहडी थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में एक ऑस्ट्रेलियाई पर्यटक का शव मिला है। पुलिस अधीक्षक डॉ किरण कांग ने बताया कि मृतक की पहचान निकोलस :45: के रूप में हुई है। इस संबंध में आस्ट्रेलिया के दूतावास को सूचित कर दिया गया है। शव को जोधपुर के राजकीय अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटक गुरुवार को जैसलमेर आया था और रेगिस्तान गेस्ट हाउस में आकर ठहरा था।

## पाक में अल्पसंख्यकों पर जुल्म

# भीड़ ने हिंदू शिक्षक को पीटा मंदिर में भी की तोड़फोड़




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ कैसा सलूक होता है, उसकी एक और ताजा तस्वीर सामने आई है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी इलाके में कट्टरपंथियों ने एक मंदिर में जमकर तोड़फोड़ की।

ये विवाद स्थानीय हाईस्कूल के एक हिन्दू शिक्षक पर ईश निंदा के झूठे आरोपों से शुरू हुआ। शिक्षक पर आरोप एक छात्र ने लगाया था। इसकी खबर जब कट्टरपंथियों को लगी तो उन्होंने स्कूल और मंदिर पर हमला बोल दिया और जमकर तोड़फोड़ की।

हैरानी की बात ये है कि इस मौके पर वहां मौजूद पुलिस तमाशबीन बनी रही। इस घटना के बाद घोटकी में सन्नाटा पसर गया है। हिन्दू समुदाय के लोग डरे हुए हैं। ये सब उस पाकिस्तान में हुआ जहां के प्रधानमंत्री आतंकवादियों और पत्थरबाजों पर एक्शन का मुद्दा यूएन में उठाने की गीदड़भभकी देते हैं। पाकिस्तान में लगातार अल्पसंख्यकों पर हमले की खबर आ रही है। हाल ही में एक सिख लड़की के जबरन धर्मांतरण और निकाह का भी केस सामने आ चुका है। जबकि खौफ में इमरान की पार्टी के ही एक पूर्व हिन्दू विधायक बलदेव कुमार शरण लेने भारत आ चुके हैं।

### पाकिस्तान ने इस साल 2,050 बार किया संघर्षविराम उल्लंघन, 21 भारतीयों की मौत

विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस साल अब तक पाकिस्तान ने बिना उकसावे के 2,050 बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया जिसमें 21 भारतीयों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, " हमने बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन समेत सीमा पार घुसपैठ और भारतीय नागरिकों और अग्रिम चौकियों को निशाना बनाने की अपनी चिंताएं पाकिस्तान के समक्ष उजागर की है।" उन्होंने कहा, " इस साल उन्होंने बिना उकसावे के 2,050 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जिसमें 21 भारतीय लोगों की मौत हुई।" भारत ने लगातार पाकिस्तान से कहा है कि वह अपने सुरक्षा बलों को नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 2003 के संघर्ष विराम को लेकर बनी सहमति का पालन करने के लिए कहें।



## स्कूल में फंसे 318 बच्चे और 25 शिक्षक

# राणा प्रताप सागर बांध से पानी छोड़ने के कारण मार्ग बाधित



भारी बारिश के चलते कोटा बैराज और गांधी सागर से छोडे.गये पानी की आवक बढ़ने के कारण रावतभाटा स्थित राणाप्रताप सागर बांध के 17 गेट शनिवार सुबह खोले गये थे।

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में शनिवार को राणा प्रताप सागर बांध से पानी छोड़ने के कारण रावतभाटा- भैंसरोडगढ़ मार्ग बाधित हो गया। इसकी वजह से मऊपुरा में एक निजी स्कूल के 318 बच्चे और 25 शिक्षक स्कूल परिसर में ही फंस गए हैं। चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त कलेक्टर और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार कलाल ने रविवार को 'भाषा' को बताया कि हाड़ौती अंचल में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते कोटा बैराज और गांधी सागर से छोडे.गये पानी की आवक बढ़ने के कारण रावतभाटा स्थित राणाप्रताप सागर बांध के 17 गेट शनिवार सुबह खोले गये थे।

## एजेंट ने एक मिनट में बुक कर डाले 426 कन्फर्म ट्रेन टिकट, मामला दर्ज

**अहमदाबाद।** भारतीय रेलवे में एक मिनट में 426 ऑनलाइन टिकट बुक करने का मामला सामने आया है। ने दावा किया है कि अहमदाबाद के एक बुकिंग एजेंट ने एक मिनट से भी कम समय में 426 रेलवे टिकट बुक कर दी। इसके बाद रेलवे पुलिस फोर्स ने टिकट करने वाले एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईआरसीटीसी के दावों की पोल खोलते हुए बुकिंग एजेंट मोहसिन जलियावाला ने 1 मिनट में 426 टिकिट बुक कर दिए, यह हाल उस रेलवे का है जिसमें टिकट पाने के लिए लोग महीनों तक कतारों में लगे रहते हैं। सवाल उठता है कि अगर एक ही बुकिंग एजेंट एक मिनट के अंदर इतनी टिकटें बुक कर ले और वो भी सभी कन्फर्म टिकट तो जाहिर सी बात है बाकी लोगों को टिकट का मिलना मुश्किल हो जाएगा।

## एयर इंडिया ने चालक दल के खाने में किया बदलाव



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपनी उड़ान के चालक दल के लिए खानापान की सूची में बदलाव किया है और अब उन्हें 'कम वसा वाला संतुलित खाना' दिया जाएगा, ताकि उनके सेहत में सुधार हो। इसमें हल्का तला हुआ पालक, चुकंदर की टिक्की, पालक मटर भूर्जी, टिंडा मसाला और दाल मक्खा मसूर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि खानपान की सूची में यह बदलाव अभी सिर्फ दिल्ली और मुंबई से संचालित उड़ानों में किया गया है। इस कदम से एयरलाइस का खर्च भी कम होगा, जो पहले ही 58,300 करोड़ रुपये के कर्ज में फंसी हुई है। एयर इंडिया के एक आदेश में कहा गया है, "जीएम (महा प्रबंधक) खानपान के मुताबिक खानपान की बदली हुई सूची 15 सितंबर 2019 से दिल्ली और मुंबई से चलने वाली सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लागू होगी। यह आदेश 11 सितंबर को जारी किया गया है और इसकी एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास है।" इसमें कहा गया है कि यह उड़ान चालक दल में सभी पर, यानी कॉकपिट और केबिन क्रू पर लागू होगा। संदर्भ के लिए खानपान सूची की एक प्रति संलग्न है।" पोषक मटर भुर्जी, अरहर दाल, पुदीना रायता, सूखी रोटियां, मुर्ग धनिया, ताजा हरा सलाद, दाल कबीला, बूंदी रायता और पालक कॉर्न टिक्की जैसे कम वसा वाला संतुलित खाना हवाई जहाज में ही चालक दल के लिए तैयार किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें उपमा, चुकंदर की टिक्की, हल्का तला हुआ पालक, भानू कबाब, टिंडा मसाला, दाल मक्खा मसूर, ककड़ी रायता, मुर्ग मेथी, दाल हरा मूंग और खुस वेज कबाब भी दिया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव से पहले इनेलो का बड़ा झटका

# इनेलो के 15 साल प्रदेश अध्यक्ष रहे अशोक अरोड़ा सहित 5 हुए कांग्रेसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले इंडियन नेशनल लोकदल को बड़ा झटका लगा है। पंद्रह सालों तक लगातार इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रहे अशोक अरोड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश, इनेलो सरकार में मंत्री रहे सुभाष गोयल, इनेलो के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी और प्रदेश सरकार की इनेलो सरकार में मंत्री रहे स्वर्गीय जसविंदर सिंह संधु के बेटे गगन जोत दल-बल के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। एआईसीसी मुख्यालय में पार्टी में उन्हें शामिल करने के लिये खुद प्रदेश प्रभारी गुलामनबी आजाद, प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा और विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा खुद मौजूद रहे। इनेलो के पारिवारिक झगड़े में बिखरी पार्टी का ये सबसे बड़ा नुकसान चौटाला परिवार के दल को हुआ है। अशोक अरोड़ा हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे, विधानसभा स्पीकर रहे। अशोक अरोड़ा ही नहीं सुभाष गोयल, प्रदीप चौधरी, जयप्रकाश और सीटिंग विधायक रहे जसविंदर सिंह के बेटे गगन जोत को भी कांग्रेस में शामिल किया गया। गगन जोत के इनेलो से विधायक पिता जसविंदर सिंह मौजूदा विधायक थे, हाल ही में उनकी अकस्मात मौत हो गई। सुभाष गोयल 2000 से 2005 तक पांच साल हरियाणा सरकार में मंत्री रहे।

### अभय चौटाला ने अरोड़ा पर विश्वासघात का आरोप लगाया

अभय चौटाला ने अशोक अरोड़ा पर इनेलो सुप्रीमो और पार्टी से विश्वासघात का आरोप लगाया। अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि अरोड़ा पिछले दो साल से हुड्डा के संपर्क में थे और डेढ साल से लगातार इनेलो को कमजोर करने का काम कर रहे थे। अभय चौटाला ने कहा कि अशोक अरोड़ा ने यह स्वीकार किया है कि पार्टी ने उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया और आज वे जो कुछ भी हैं पार्टी के कारण हैं और ओमप्रकाश चौटाला का एहसान कभी नहीं उतार सकते। लेकिन आज ओमप्रकाश चौटाला जेल की सजा काट रहे हैं ऐसे संकट के समय में अरोड़ा ने थानेसर हलके की जनता के हित के लिए नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए पार्टी छोड़ी है। उन्होंने अशोक अरोड़ा पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि अरोड़ा जिस भी पार्टी में जाएंगे वहां भी उनका कुछ बंटने वाला नहीं है।

## हैदराबाद में यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना नहीं वसूलेगी पुलिस



**हैदराबाद।** यातायात नियम उल्लंघन के लिये भारी जुर्माने को लेकर बढ़ते विवाद के बीच पुलिस ने यहां हेलमेट या जरूरी दस्तावेज के बगैर वाहन चलाने वाले मोटर वाहन चालकों पर जुर्माना लगाने के बजाय उनकी मदद करने की पहल शुरू की है। रचकोंडा कमिश्नरी की इस पहल के तहत चार तरह के उल्लंघनकर्ताओं हेलमेट नहीं पहनने वालों, लाइसेंस नहीं रखने वालों, बीमा और प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र के बिना वाहन चलाने वालों को कोई चालान जारी नहीं किया जायेगा। यातायात पुलिस मोटर वाहन चालकों के हेलमेट खरीदने और बीमा की व्यवस्था करने तथा प्रदूषण प्रमाणपत्र हासिल करने में मदद करेगी। लाइसेंस के बिना वाहन चलाने वालों के लिये पुलिस घटनास्थल पर ही उनका ऑनलाइन प्रशिक्षु लाइसेंस बुक करेगी। पुलिस उपायुक्त (यातायात) एन. दिव्यचरण राव ने कहा, कि कुछ लोगों को यातायात चालान को लेकर गलतफहमी है। इसे दूर करने के लिये पुलिस ने यह अनोखी पहल शुरू की है जहां यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना नहीं लगाकर पुलिस उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की सलाह देगी।

## विरोध...




मुंबई में रविवार को मेट्रो परियोजना के लिए कार शेड बनाने के लिए जंगल में पेड़ों की कटाई का विरोध करते लोग।

### मुंबई में बॉर में छापेमारी कर 61 लोग गिरफ्तार किया

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय बोरिवली इलाके में पुलिस ने एक बॉर में छापेमारी कर करीब 61 लोगों को गिरफ्तार किया है और चार महिला डांसरों को मुक्त कराया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चरवाक बॉर में कुछ अश्लील गतिविधियां चल रही हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे बॉर परिसर में छापेमारी की तो वहां कई लोगों को ऐसी गतिविधियों में शामिल पाया। अधिकारी ने कहा कि छापेमारी के बाद बॉर के 32 कर्मचारियों और 29 ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा चार बॉर डांसरों को बचाया गया। कस्तूरबा मार्ग पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक नामदेव शिंदे ने कहा, रगिरफ्तार किये गए 61 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 114 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा

# विस चुनाव में 'अप्रत्याशित जीत' हासिल करने के लिए तैयार है

एजेंसी ▶▶ पुणे



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि 'महाजनादेश यात्रा' में विशाल जनसमर्थन को देखते हुए उन्हें उम्मीद है कि भाजपा को आने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में 'अप्रत्याशित' जीत हासिल होगी। फडणवीस ने कहा कि अब तक 3,000 किलोमीटर की यात्रा हुई है और वह राज्य के 288 विधानसभा क्षेत्रों में से 100 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचे हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि जहां भी जाते हैं लोग यात्रा का स्वागत कर रहे हैं और अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोगों के समर्थन को देखते हुए हम आश्वस्त हैं कि हमें विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत हासिल होगी। फडणवीस ने शनिवार को पुणे जिले में कई तहसील का दौरा किया। यह 'महाजनादेश यात्रा' के तीसरी चरण की यात्रा है। बारामती क्षेत्र में राकांपा कार्यकर्ताओं के विरोध पर टिप्पणी करते हुए, फडणवीस ने कहा कि शरद पवार के गढ़ में क्या अनुच्छेद 370 लागू हुआ है जो कोई दूसरी पार्टी यहां रैली नहीं कर सकती। उनकी यह टिप्पणी उस समय आई जब संवाददाताओं ने उनसे राकांपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के बारे में सवाल किया। दरअसल राकांपा कार्यकर्ताओं ने फडणवीस के अभियान के दौरान नारे लगाए थे।

### सभी लोगों को सभाएं करने का अधिकार है

फडणवीस ने कहा कि मेरा पहला सवाल विरोध को लेकर यह है कि वहां कितने लोग थे...वहां सिर्फ सात लोग थे और क्या पुलिस को सात लोगों के लिए लाठीचार्ज करने की जरूरत है? उन्होंने कहा कि समस्या क्या है...हम लोकतंत्र में रह रहे हैं और यहां एक लोकतांत्रिक प्रणाली है। सभी लोगों को सभाएं करने का अधिकार है और लेकिन यह क्या है कि मुख्यमंत्री को राकांपा क्षेत्र में नहीं आना चाहिए और सभा नहीं करनी चाहिए। उनसे जब यात्रा वाले रास्तों में बड़े-बड़े हॉर्डिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर पार्टी कार्यकर्ताओं को लगता है कि इस तरह का बैनर लगाने से उन्हें टिकट मिलेगा तो ऐसा नहीं है।

## राजस्थान प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष पूनिया ने कहा

# अगर राष्ट्रीय स्वयं सेवक नहीं होता तो हिन्दुस्तान नहीं होता

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक ऐसा आंदोलन है जो देश और दुनिया को बदलने की ताकत रखता है और अगर संघ नहीं होता तो हमारा हिन्दुस्तान भी नहीं होता। जयपुर में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में पूनिया ने कांग्रेस का नाम लिए बगैर उसपर निशाना साधते हुए कहा, "मैं समझता हूं यह इतिहास छुपा नहीं है और इतिहास के तथ्य छुपे नहीं हैं... इस देश में विभाजन किसने कराया, मुगलों और अंग्रेजों से साठगांठ किसने की? मुझे लगता है अगर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नहीं होता तो हिन्दुस्तान नहीं होता। विपक्षी दल पर कटु व्यंग्य करते हुए उन्होंने सवाल किया कि इस देश में राम मंदिर को ध्वस्त करके बाबरी मस्जिद को इस तरीके से मुद्दा किसने बनाया।

### देश और दुनिया में भारत के स्वाभिमान की धमक बढ़ी

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस देश में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नहीं होता तो शायद देश नहीं होता। आज देश में लोकतंत्र भी बचा है और इस लोकतंत्र की अक्षुणता के साथ-साथ पूरे देश और दुनिया में भारत के स्वाभिमान की धमक बढी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने आप में शब्द या संस्था नहीं है बड़ा आंदोलन है जो देश और दुनिया को बदल सकता है। पूनिया को शनिवार को राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि संघ पृष्ठभूमि के जाट नेता पूनिया मूल रूप से राजगढ़ (चुरू) के हैं और आमेर (जयपुर) से विधायक हैं। वे लगभग डेढ दशक से भाजपा के प्रदेश महामंत्री रहे हैं और प्रदेश प्रवक्ता भी हैं।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री के कुत्ते की मौत होने पर दो पशु चिकित्सकों पर मामला दर्ज

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के पालतू कुत्ते की मौत होने पर दो पशु चिकित्सकों पर मामला दर्ज किया गया है। इसकी विपक्ष ने तीखी आलोचना की है और सरकार पर डेंगू रोकने में 'निष्क्रियता' का आरोप लगाया है। दो पशु चिकित्सकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 429 और पशु अत्याचार रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 'प्रगति भवन' में कुत्ते की देखभाल करने वाले की ओर से 12 सितंबर को दी गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि 11 महीने के बीमार कुत्ते को इलाज देने में पशु चिकित्सकों ने लापरवाही बरती जिस वजह से उसकी 11 सितंबर को मौत हो गई।

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा

# देश 'घोर आपातकाल' से गुजर रहा है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि देश 'घोर आपातकाल' से गुजर रहा है। उन्होंने लोगों से संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करने की अपील की है। उन्होंने रविवार को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर लोगों से अपील की कि वह उन संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करें, जिस पर स्वतंत्र भारत की नींव रखी गई थी। उन्होंने ट्वीट किया कि अअंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर एक बार और हम अपने उन संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लें, जिस पर देश की नींव रखी गई थी।



### हमें वह सभी चीजें करनी चाहिए जिससे संविधान की रक्षा कर सकते

उन्होंने कहा कि घोर आपातकाल के दौर में हमें वह सभी चीजें करनी चाहिए जिससे हम संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा कर सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख कई बार कह चुकी हैं कि देश केंद्र में भाजपा नीत राजग सरकार के शासन में 'घोर आपातकाल' से गुजर रहा है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू में किसानों के लिए बनेगा कृषि मॉल



**जम्मू।** जम्मू में 70 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न सुविधाओं वाला कृषि मॉल का निर्माण किया जाएगा। इस मॉल के जरिए किसानों को एक छत के नीचे विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। अधिकारी ने कहा कि जम्मू के बिश्नाह में प्रस्तावित मॉल बुनियादी ढांचा विकास परियोजना का हिस्सा है और इसी प्रकार की परियोजना को कश्मीर संभाग के लिए भी मंजूरी दी गई है। कृषि मॉल में शीत गृह भंडारण (कोल्ड स्टोरेज)की सुविधा, ट्रैक्टर, ट्रिलर, स्प्रे उपकरण, उर्वरक, कीटनाशक और जैविक उर्वरक उपलब्ध होंगे।

### ओरिएंट इलेक्ट्रिक स्मार्ट बल्ब पेश करेगी



**नई दिल्ली।** सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट इलेक्ट्रिक की उपभोक्ता और वाणिज्यिक स्तर पर उपयोग होने वाले बल्ब और ट्यबलाइट (लाइटिंग) को स्मार्ट बनाने की योजना है। कंपनी इसके तहत इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) पर आधारित उत्पाद पेश करेगी। कंपनी फिलहाल इस प्रौद्योगिकी पर आधारित पंखें, कूलर और वाटर हीटर जैसे उपकरण बना रही है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने छाए उपकरण बनाने वाली इटली की डी लोंगी ग्रुप के साथ भागीदारी की है।

### प्रस्तावित कोयला हड़ताल टलना असंभव



**कोलकाता।** केंद्र सरकार के प्रयासों के बाद भी कोयला क्षेत्र के श्रमिक संगठनों की 24 सितंबर से प्रस्तावित हड़ताल के टलने के आसार कम हैं। मजदूर नेता ने यह भी कहा कि हड़ताल के कारण कोयला उत्पादन निर्बाध रह सके, इसकी संभावना भी कम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने श्रमिक संगठनों के साथ बैठक बुलाई है। हड़ताल के कारणों पर भी इसमें चर्चा हो सकती है। ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के महासचिव डीडी रामानंदन ने कहा, 'संयुक्त कोयला सचिव ने एक बैठक बुलाई है।

### वृक्षारोपण की मार्ग ईआरपी की पहल




**नई दिल्ली।** पर्यावरण-परिवर्तन तथा वायुमंडल गर्म होने की समस्या कम करने के लिए वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के नए-नए तरीकों में 'सीड बॉम्ब' (बीजों के गोले) का प्रचलन बढ़ रहा है। सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी मार्ग ईआरपी लिमिटेड ने इस काम के लिए बड़ी संख्या में लोगों को प्रशिक्षित करने की पहल की है। इस तरीके में मिट्टी और खाद को गेंदनुमा बनाया जाता है और उसमें पौधे का बीज डाला जाता है। इसे ही सीड बॉम्ब (बीज का गोला) कहा जाता है।

### एफपीआई ने किए 1,841 करोड़ रुपए निवेश




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर के पहले पखवाड़े में शुद्ध लिवाल रहे। एफपीआई ने पूंजी बाजारों में 1,841 करोड़ रुपए की पूंजी डाली। इससे पहले लगातार दो महीने पीएफआई शुद्ध बिकवाल रहे थे। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका-चीन के बीच व्यापार युद्ध में नरमी और अनुकूल वृहत आर्थिक आंकड़े के साथ ये निवेश हुए हैं। डिपोजिटरी के पास उपलब्ध ताजा आंकड़े के अनुसार एफपीआई ने तीन से 14 सितंबर के बीच शेयर बाजारों से 2,031.02 करोड़ रुपए निकाले जबकि दूसरी तरफ 3,872.19 करोड़ रुपए बांड में निवेश किए।

# अर्थशास्त्र का अच्छा जानकार ही अर्थव्यवस्था को लाएगा पटरी पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा सांसद सुब्रमणियम स्वामी का मानना है कि वृहत अर्थशास्त्र की अच्छी समझ रखने वाला व्यक्ति ही अर्थव्यवस्था को मौजूदा गिरावट से उबार सकता है। सरकार की आर्थिक नीतियों की प्रायः आलोचना करने वाले स्वामी की राय है, 'सरकार को आज संकट प्रबंधन के लिए अनुभवी राजनेताओं और पेशेवरों की टीम की जरूरत है। पेशेवर ऐसे हों जिनके पास राजनीतिक की अच्छी समझ हो और भारतीय विचारों पर भरोसा करने वाले अर्थशास्त्री हों। साथ ही वे अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) तथा विश्वबैंक की लकीर के फकीर नहीं हो।'

### अर्थव्यवस्था में अनेक गंभीर बुनियादी कमियां

स्वामी ने अपनी पुस्तक 'रिसेटः रिगेनिंग इंडियाज इकोनामिक लिगैसी' में लिखा है, 'अर्थव्यवस्था की जिम्मेदारी जिन्हें मिली है, उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। वे मीडिया को साधने तथा बातों में घुमाने में लगे हैं। अर्थव्यवस्था में अनेक गंभीर बुनियादी कमियां हैं और इसीलिए हमारी अर्थव्यवस्था ऐसी नरमी में पड़ी है जो 1947 के बाद कभी नहीं दिखी।'

### संकट के कारणों को चिन्हित किया जाए

सांसद का यह भी मानना है कि सरकारी उप-समितियों में कई ऐसे सदस्य हैं जिनके पास मात्रात्मक आर्थिक तर्कों को वृहत आर्थिक रूपरेखा में लागू करने को लेकर औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है। जैसे संकट के कारणों को चिन्हित करना, अनुकूलतम उपायों की पहचान और संबद्ध पक्षों को उत्साहित करना।

### मुद्रास्फीति में नरमी को उपलब्धि न माने

क्या मोदी सरकार के पास इस स्थिति से निपटने के लिए आपात नुस्खा तैयार है? स्वामी कहते हैं, 'फिलहाल ऐसा नहीं दिख रहा। वृहत अर्थशास्त्र की मजबूत समझ जरूरी है।'

## सांसद स्वामी ने कहा, सरकार को आज अनुभवी और पेशेवर टीम की जरूरत

### भारत इस समस्या से भी निजात पा लेगा

अवस्फीति में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में कमी आती है। हालांकि स्वामी को उम्मीद है कि भारत इस समस्या से भी निजात पा लेगा जैसा कि पिछले 72 साल में तमाम संकट से पार पाया है। उन्होंने कहा कि स्थिति से सीधे सुधारों के जरिए निपटा जाना चाहिए जो लोगों को प्रोत्साहित करता है।



**मनमोहन सिंह निपुण थे पर हाशिए पर थेः** स्वामी कहते हैं, 'हालांकि मनमोहन सिंह एक निपुण अर्थशास्त्री थे लेकिन वह हाशिए पर थे। उनका अपनी सरकार पर कोई असर नहीं था और वह एक संयोग से प्रधानमंत्री बन गए थे।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना सिंह से करते हुए स्वामी लिखते हैं, वह सिंह के ठीक उलट हैं।

### विदेशी निवेश के प्रति ज्यादा लगाव से बिगड़ी स्थिति

अपनी किताब में स्वामी ने अर्थव्यवस्था की खराब होती स्थिति के लिए 2008 से विदेशी निवेश के प्रति जरूरत से ज्यादा लगाव को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने संप्रग सरकार (2004-14) की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के कुछ वरिष्ठ मंत्री बड़े भ्रष्टाचार में शामिल थे।

**मोदी में मध्यम वर्ग को जोड़ने की क्षमता**

मोदी ने वृहत अर्थशास्त्र की बारिकियों को नहीं पढ़ा है-लेकिन मोदी के पास लोगों और कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्ग को जोड़ने की क्षमता है और फलतः उन्हें बड़े सुधारों को आगे बढ़ाने का जनादेश मिला है। स्वामी कहते हैं कि लेकिन मोदी ऐसे लोगों पर निर्भर हैं जो उन्हें अर्थव्यवस्था की कड़ी सचाई के बारे में कभी नहीं बताते।

## वित्त मंत्री ने कर वापसी और प्रोत्साहन के लिए उठाया कदम

# सरकार के प्रोत्साहन से निर्यात तेज होने की उम्मीद : निर्यातक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के निर्यातकों ने सरकार के निर्यात प्रोत्साहन के लिए उठाए गए कदमों को चुनौतीपूर्ण समय में प्रदान की गई बहुप्रतीक्षित राहत बताते हुए इनका स्वागत किया। भारतीय निर्यात संगठनों के संघ (फियो) के अध्यक्ष शरद कुमार सराफ ने कहा कि जब वैश्विक व्यापार वृद्धि के नीचे जाने के आसार दिख रहे हैं, वैश्विक आर्थिक हालात चिंताजनक बने हुए हैं।

- मध्यम और दीर्घावधि में निर्यात क्षेत्र को आगे बढ़ने में मिलेगी मदद

**खास बातें**

- फियो ने सरकार के शुल्क वापसी के निर्णय का किया स्वागत
- वैश्विक आर्थिक हालात को फियो ने चिंताजनक बताया




### वैश्विक व्यापार के विस्तार में दो बड़ी बाधाएं अभी कायम

इसी तरह का विचार कनेक्ट2इंडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पवन गुप्ता ने भी रखा। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार के विस्तार में वर्तमान में दो बड़ी बाधाएं हैं। पहली बाधा कार्यशील पूंजी का सरल सुलभ ना होना और दूसरा देरी एवं अक्षमता। उन्होंने कहा कि यह बेहतर है कि सरकार इन मुद्दों के समाधान पर ध्यान दे रही है।

### बहुप्रतीक्षित राहत का स्वागत

ऐसे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की कर वापसी एवं प्रोत्साहन, निर्यात वित्तपोषण, निर्यात सुविधा और मुक्त व्यापार समझौतों इत्यादि के रूप में निर्यात क्षेत्र के लिए उठाए जाने वाले कदमों की घोषणा एक बहुप्रतीक्षित राहत हैं।

### आरओडीटीईपी योजना आकर्षक

फियो ने कहा कि सरकार की वाणिज्यक वस्तुओं के निर्यात पर कर एवं शुल्कों में छूट (आरओडीटीईपी) की नई योजना आकर्षक हैं क्योंकि इससे निर्यात उत्पादों पर लगने वाले सभी शुल्कों एवं करों के प्रभावों का शमन हो जाएगा।

### सौगातों की तीसरी खेप घोषित की गई

अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सीतारमण ने शनिवार को आर्थिक सौगातों की तीसरी खेप की घोषणा की। इसमें निर्यात और रीयल एस्टेट क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की गईं हैं। आरओडीटीईपी को एक जनवरी 2020 से लागू करने जा रही है।

### आईसीटी को इलेक्ट्रॉनिक करने से बड़ी राहत

वहीं सराफ ने सरकार के माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के तहत इनपुट क्रेडिट टैक्स (आईसीटी) की वापसी को इसी माह के अंत तक पूर्णतया इलेक्ट्रॉनिक करने की घोषणा को भी निर्यातकों के लिए एक बड़ी राहत बताया। उन्होंने कहा कि इससे निर्यातकों का ना सिर्फ समय से और तेजी से उनके जीएसटी का रिफंड मिल सकेगा। बल्कि यह उनके लंबे समय से बकाया आईसीटी की वापसी को भी तेज करने में मददगार होगा।

### निर्यात ऋण बीमा योजना का दायरा बढ़ाने का स्वागत

फियो ने निर्यात ऋण बीमा योजना का दायरा बढ़ाए जाने, ऋण आवंटन बेहतर करने और ऋण प्राथमिकता वाले क्षेत्रों (पीएसएल) के लिए ऋण आवंटन संबंधी नियमों को संशोधित कर के उसका फायदा निर्यातकों को दिलाने जैसी अन्य घोषणाओं का भी स्वागत किया।

## व्हाट्सऐप ने दिया वैकल्पिक व्यवस्था का प्रस्ताव

# सरकार संदेशों के स्रोत जानने की मांग पर अडिग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




सरकार व्हाट्सऐप पर भेजे जाने वाले संदेशों के स्रोत तक पहुंचने की मांग पर टिकी हुई है जबकि फेसबुक ने संदेशों के खिलाफ सरकारी एजेंसियों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव किया है। संदेश के उद्गम की पहचान का मुद्दा लंबे समय से सरकार और व्हाट्सऐप के बीच विवाद का केंद्र बना हुआ है। फेसबुक की कंपनी व्हाट्सऐप संदेश डालने वाले मूल व्यक्ति की पहचान बताने की सरकार की मांग को मानने से अभी इनकार करती आ रही है। उसका कहना है कि ऐसा करने से गोपनीयता तथा शुरू से लेकर अंत तक संदेश के इनक्रिप्शन की उसकी नीति प्रभावित होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पीटीआई भाषा से कहा कि फेसबुक के उपाध्यक्ष (वैश्विक मामले एवं संवाद) निक क्लेग ने पिछले सप्ताह केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद के साथ मुलाकात की।

- शिकायत पर आगे की कार्रवाई की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव

इस मुलाकात में क्लेग ने संदेशों के मूल स्रोत का पूरा सुराग देने के मुद्दे पर कुछ वैकल्पिक सुझाव दिए हैं।

### भारत में लोगों की सुरक्षा का रखा जाता है ध्यान

फेसबुक के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, फेसबुक भारत में लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखती है। निक की इस सप्ताह हुई बैठक से हमें हमारे हर ऐप में सुरक्षा एवं गोपनीयता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता पर बातचीत का अवसर मिला। हमें यह भी समझने को मिला कि हम इन साझा लक्ष्यों को पाने में भारत सरकार के साथ मिलकर किस तरह से काम कर सकते हैं।

# एयर इंडिया अगले साल आ जाएगा परिचालन लाभ में

## पिछले वित्तीय वर्ष में 4,600 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एयर इंडिया को को चालू वित्त वर्ष में परिचालन लाभ में आने की उम्मीद है। कर्ज में डूबी विमानन कंपनी को पिछले वित्त वर्ष में करीब 4,600 करोड़ रुपये का परिचालन घाटा हुआ। इसका मुख्य कारण तेल के दाम में तेजी और विदेशी विनिमय दर में बदलाव से नुकसान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन के को 2018-19 में 8,400 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ जबकि कुल आय 26,400 करोड़ रुपए रही।

- तेल के दाम में तेजी और विदेशी विनिमय दर में बदलाव से हुआ नुकसान

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया को 2019-20 में 700 से 800 करोड़ रुपए के परिचालन लाभ का अनुमान है। यह इस मान्यता पर आधारित है कि तेल के दाम में कोई बड़ा उछाल नहीं होगा और विदेशी विनिमय दर में तीव्र उतार-चढ़ाव नहीं होंगे। अधिकारी ने कहा कि हालांकि एयरलाइन को जून में समाप्त तिमाही में 175 से 200 करोड़ रुपए का परिचालन नुकसान हुआ। इसका कारण भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का बंद होना था। इसके कारण विमानन कंपनी की लागत बढ़ी और रोजाना 3 से 4 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।




### औसत यात्री किराया कमाई में सुधार

अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया की क्षमता का उपयोग बेहतर हुआ है तथा औसतन प्रति यात्री किराया कमाई सुधारी है। कंपनी फिलहाल 41 अंतरराष्ट्रीय और 72 घरेलू उड़ानों का परिचालन करती है। उसने कहा कि स्थिति में आने वाले समय में सुधार की उम्मीद है क्योंकि बड़े विमान परिचालन के लिए उपलब्ध होंगे।

# दिल्ली के अशोका होटल को निजी कंपनी को बेचने की तैयारी

- इस होटल को देश के पहले प्रधानमंत्री ने जवाहर लाल नेहरु ने 1956 में बनवाया था

**नई दिल्ली।** सरकार ऐतिहासिक अशोका होटल को निजी कंपनियों को बेचने की तैयारी में है। होटल मौजूदा वक्त में सरकार भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के अंतर्गत आता है। यही होटल को लीज पर देने का काम करती है। ऐसी खबरें हैं कि आईटीडीसी चालू वित्त वर्ष में इस होटल की निजी हाथों में सौंप सकती है। बता दें कि नीति आयोग ने हाल ही में एक प्रस्ताव पेश करके होटल को 60 साल के लिए किसी प्राइवेट कंपनी को देने की सलाह दी थी, जो इस होटल को दोबारा से डिजाइन करे और उसका प्रबंधन देखे।

**रोजाना होटल पर आता है करीब 35 लाख रुपए खर्च :** होटल का निर्माण देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु ने साल 1956 में कराया था। यह होटल संसद और राष्ट्रपति भवन के नजदीक है। इसमें 550 कमरे और 161 शूइट्स हैं। होटल में करीब 1000 कर्मचारी काम करते हैं, जिसके रोजाना के संचालन में करीब 35 लाख रुपए का खर्च आता है। मिंट की खबर की मानें तो यहां आमतौर पर 50 फीसदी ही कमरे बुक होते है। हालांकि सर्दियों में यह आंकड़ा बढ़कर करीब 80 प्रतिशत हो जाता है।

### होटल के बनने के पीछे की कहानी

होटल के बनने के पीछे की कहानी काफी दिलचस्प है। दरअसल भारत नया-नया आजाद हुआ था और यूनेस्को समिट को भारत में कराने को लेकर उत्सुक था। नेहरू ने 1955 में पेरिस में हुई यूनेस्को फोरम की बैठक में सुझाव दिया था कि भारत अगले साल समिट कराने के लिए तैयार है। हालांकि उस वक्त तक भारत में एक भी 5 स्टार होटल नहीं था, जहां विश्वभर से आने वाले गेस्ट को ठहराया जा सके। ऐसे में नेहरू ने 5 स्टार होटल अशोका को बनवाया।

### बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीदः विश्लेषक

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक गतिविधियों और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े से तय होगी। इसके अलावा आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिये सरकार के पिछले सप्ताह प्रोत्साहन उपायों की घोषणा का भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को निर्यातकों और रीयल एस्टेट क्षेत्र के लिये 70,000 करोड़ रुपए से अधिक के उपायों की घोषणा की। इनमें अधूरी आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिये वित्त पोषण मुहैया कराने को लेकर एक कोष की स्थापना जैसी योजनाओं के लिए 30 हजार करोड़ रुपए का खर्च शामिल है। सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब आर्थिक वृद्धि दर की रफ्तार कम होकर छह साल के निचले स्तर पर आ गई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजय कुमार ने कहा, वित्त मंत्री के नए उपायों की घोषणा से यह साफ संदेश मिलता है कि सरकार आर्थिक वृद्धि को पटरी पर लाने को शीर्ष प्राथमिकता दे रही है।

# आईसीआईसीआई बैंक ने जमा-निकासी पर 100-125 रु. का शुल्क लगाया




**चेन्नई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ग्राहकों को जोरदार झटका दिया है। बैंक के 'जीरो बैलेंस' खाताधारकों को 16 अक्टूबर से शाखा से हर कैश विदड्रॉल के लिए 100 रुपए से 125 रुपए का शुल्क देना होगा। अगर ग्राहक बैंक की शाखा में मशीन के जरिए पैसे जमा करते हैं तो इसके लिए भी उन्हें शुल्क अदा करना होगा।

आईसीआईसीआई बैंक ने अपने अकाउंट होल्डर्स को जारी एक नोटिस में कहा, 'हम अपने ग्राहकों को बैंकिंग ट्रांजैक्शंस डिजिटल मोड में करने के लिए उत्साहित करते हैं।

### निफ्ट, आरटीजीएस यूपीआई पर शुल्क खत्म

बैंक ने मोबाइल बैंकिंग या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए होने वाले एनईएफटी, आरटीजीएस तथा यूपीआई ट्रांजैक्शंस पर लगने वाले तमाम तरह के शुल्क को खत्म कर दिया है। आईसीआईसीआई बैंक की शाखाओं से 10,000 रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक के एनईएफटी ट्रांजैक्शन पर 2.25 रुपए से लेकर 24.75 रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) का चार्ज देना पड़ता है। वहीं, शाखाओं से दो लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक किए जाने वाले आरटीजीएस ट्रांजैक्शन के लिए 20 रुपए से लेकर 45 रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) का चार्ज देना पड़ता है।

# एसबीआई स्थिर ब्याज दर पर मांगेगा स्पष्टीकरणः चेयरमैन

**लेह।** देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई लंबे समय के आवास ऋणों पर शुरू में कुछ समय के लिए स्थिर ब्याज दर और बाद में उसे परिवर्तनशील दर में बदलने की योजना चलाना चाहता है और वह इस बारे में रिजर्व बैंक से स्पष्टीकरण मांगेगा। बैंक के चेयरमैन रजनीश कुमार ने यह जानकारी दी है। रिजर्व बैंक के सभी खुदरा कर्ज को रेपो दर जैसे बाहरी मानकों से जोड़े जाने के निर्देश के बाद यह बात सामने आई है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक बैंकों को कर्ज देता है। कुमार ने कहा कि आरबीआई के परिवर्तनशील दरों (फ्लोटिंग रेट) पर नए नियमन के बाद स्थिर दरों को लेकर चीजें साफ नहीं हैं। रेपो दर में उतार-चढ़ाव का संकेत देते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रमुख ने कहा कि कुछ मकान खरीदार अपना आवास कर्ज निश्चित ब्याज दर पर खरीदने की इच्छा रख सकते हैं।

- आरबीआई के फ्लोटिंग दरों को लेकर चीजें साफ नहीं



ऐसे खरीदारों के लिए बैंक शुरू में निश्चित ब्याज दर और बाद में परिवर्तनशील (फ्लोटिंग) दर वाले उत्पाद की पेशकश कर सकता है।

### अधिकतम 30 साल के लिए कर्ज की पेशकश

बैंक अब अधिकतम 30 साल के लिए कर्ज की पेशकश कर रहे हैं। निजी क्षेत्र के कुछ बैंक कर्जदार की उम्र के आधार पर 35 साल के लिए आवास ऋण की पेशकश कर रहे हैं। फिलहाल एसबीआई का आवास ऋण उत्पाद परिवर्तनशील ब्याज दर से जुड़ा है। हाल में उसने रेपो दर से संबद्ध कर्ज उत्पाद की पेशकश की है।

### कई उत्पाद ब्राह्य मानकों से जुड़े हैं

आरबीआई के बाह्य ब्याज दरों से कर्ज को जोड़ने के बारे में निर्देश के बारे में कुमार ने कहा कि एसबीआई का इस मामले में कोई ज्यादा मसला नहीं है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमने मई से रेपो से जुड़ा कर्ज और जमा की पेशकश शुरू की और उसके कई उत्पाद बाह्य मानकों से जुड़े हैं।

## पूंजी जुटाने बाजार में अब तक केवल 11 कंपनियां आईं

# इस साल आईपीओ बाजार से दूर कंपनियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार में कमजोर धारणा के कारण पूंजी जुटाने के लिए कंपनियां इस साल आईपीओ लाने से बच रही हैं। यह साल खत्म होने में केवल साढ़े तीन महीने बचे हैं लेकिन अब तक केवल 11 कंपनियां ही बाजार में दस्तक दीं। इन कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 10,000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाई हैं। वहीं पूरे 2018 में 24 कंपनियां आईपीओ लेकर आईं और 30,959 करोड़ रुपए जुटाई थी।

- इन कंपनियों ने आईपीओ से 10,000 करोड़ रु. जुटाए




**बाजार कुछ माह चुनौतीपूर्ण बना रहेगाः** विशेषज्ञों के अनुसार आईपीओ बाजार अगले कुछ महीनों तक चुनौतीपूर्ण बना रह सकता है। इसका कारण वैश्विक और घरेलू कारणों से बाजार में उतार-चढ़ाव का होना है। रिलायंस सिक्युरिटीज के शोध प्रमुख नवीन कुलकर्णी ने कहा, आईपीओ बाजार चालू वर्ष की बची हुई अवधि में भी कठिन बना रह सकता है।

### मिड और स्मॉल कैप में हुआ सुधार

लघु एवं मझोली कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में तीव्र सुधार हुआ है जिसका असर प्राथमिक बाजारों पर पड़ा है। शेयर बाजारों के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस साल अबतक 11 कंपनियां आईपीओ लेकर आईं और 10,300 करोड़ रुपए जुटाईं। इसकी तुलना में पूरे 2018 में 24 कंपनियों ने 30,959 करोड़ रुपए जुटाए।

### ट्रेड वार और मुद्रा के विनिमय में गिरावट प्रमुख कारण

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार आईपीओ के जरिए जुटाई गई राशि में कमी के कई कारण हैं। इसमें अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध, बाजार को लेकर कमजोर धारणा और भारतीय मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट शामिल हैं।

### निवेशकों की धारणा कमजोर हुई

मोतीलाल ओसवाल इनवेस्टमेंट बैंकिंग के कार्यकारी निदेशक मुकुंद रंगनाथन ने कहा, 'वर्ष 2017 में काफी संख्या में आईपीओ आए। उसके मुकाबले 2018 और 2019 में आईपीओ की संख्या में लगातार कमी आई है। यह कई कारकों का नतीजा है जिसके कारण प्राथमिक पूंजी बाजारों में पिछले एक-डेढ़ साल में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।'

### 90 कंपनियों ने आईपीओ के लिए लगाया आवेदन

रंगनाथन ने कहा, 'पिछले साल 90 कंपनियों ने आईपीओ के लिए विवरण पुस्तिका जमा की। लेकिन इसमें काफी कम कंपनियां ही आईपीओ लाने में सफल रही। वास्तव में कंपनियां अपनी पूंजी जरूरतों के लिए आईपीओ बाजार के बजाए दूसरे विकल्पों पर गौर कर रही हैं।'

**खबर संक्षेप**



## कौशल ने म्यामां इंटरनेशनल सीरीज का खिताब जीता

**यंगून।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कौशल धरमामेर ने रविवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंडोनेशिया के केरोनो केरोनो को हराकर म्यामां इंटरनेशनल सीरीज का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। पिछले साल अक्टूबर में हेटजर इंटरनेशनल का खिताब जीतने वाले मुंबई के 23 साल के कौशल ने पहला गेम गंवाने के बाद एक घंटा चले मुकाबले में यहां केरोनो को 18-21 21-14 21-11 से हराया। लगभग दो साल से चोटों से परेशान कौशल की विश्व रैंकिंग 187 है।

## आस्ट्रेलिया के लिए तीन बल्लेबाज निश्चित

**सिडनी।** पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ गर्मियों में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए डेविड वार्नर सहित केवल तीन बल्लेबाजों का खेलना सुनिश्चित है। पोंटिंग ने फार्म में चल रहे स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन को अन्य दो बल्लेबाजों का खेलना पक्का करार दिया। उन्होंने कहा वह युवा खिलाड़ी विल पुकोवस्की को मौका देकर उन्हें 12 नवंबर से गाबा में शुरू होने वाले पहले टेस्ट पदार्पण कराना पसंद करेंगे जो मानसिक मुद्दों से जूझ रहे थे।

## बेनजेमा के दो गोल से जीता रियल मैड्रिड




**मैड्रिड।** करीम बेनजेमा के दो गोल से रियल मैड्रिड ने ला लीगा फुटबाल लीग में लेवांटे के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की जबकि बार्सिलोना ने 16 साल के अंसु फाती के गोल की मदद से वालेंसिया पर 5-2 से जीत हासिल की। कोच जिनेदिन जिदान की टीम मैड्रिड के लिए बेनजेमा ने 25वें और 31वें मिनट में दो जबकि कासेमीरो ने 40वें मिनट में गोल दागे। वहीं लेवांटे की ओर से बोर्जा मायोराल ने 49वें और गोंजालो मेलेरो ने 75वें मिनट में गोल किए।

## चिराग-सत्विक की निगाहें अच्छे प्रदर्शन पर



**नई दिल्ली।** चोट के बाद वापसी कर रहे चिराग शेट्टी और सत्विकसाईराज रंकीरेड्डी की भारतीय शीर्ष युगल जोड़ी की निगाहें लगातार शानदार प्रदर्शन से शीर्ष पांच में जगह बनाकर 2020 टोक्यो ओलंपिक में स्थान पक्का करने पर लगी हैं। पिछले महीने थाईलैंड ओपन में बीडब्लूएफ सुपर 500 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने के बाद उन्होंने शीर्ष 10 में जगह बनाई थी। हालांकि चिराग और सत्विक दोनों टूर्नामेंट के दौरान चोटिल हो गए और उन्हें स्विट्जरलैंड के बासेल में प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप से हटना पड़ा।

# आडवाणी ने जीता लगातार चौथा आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब



एजेंसी ⏭ मंडाले

भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने रविवार को यहां 150 अप प्रारूप में लगातार चौथे आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब के साथ अपने करियर का 22वां विश्व खिताब जीता।

■ 34 साल के आडवाणी का पिछले छह साल में पांचवां खिताब

बिलियर्ड्स के छोटे प्रारूप में यह 34 साल के आडवाणी का पिछले छह साल में पांचवां खिताब है। पिछले साल की तरह इस साल भी आडवाणी ने फाइनल में स्थानीय दावेदार नेम थ्वाय ओ के खिलाफ 6-2 से आसान जीत दर्ज की। आडवाणी ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और 145, 89 और 127 के ब्रे के साथ जल्द ही 3-0 की बढ़त बना ली। थ्वाय ओ ने 63 और 62 के ब्रेक के साथ अगला फ्रेम जीता।

आडवाणी ने इसके बाद 150 के अटूट ब्रेक और 74 के ब्रेक के साथ आसानी से मुकाबला जीत लिया जिससे थ्वाय ओ में लगातार दूसरे साल रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बेंगलुरु के आडवाणी से अधिक विश्व क्यू खिताब किसी खिलाड़ी ने नहीं जीते हैं।

### भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी आडवाणी 22वीं बार बने वर्ल्ड चैंपियन



**मेरी भूख और मेरे अंदर की आग बरकरार**

आडवाणी ने 22वां विश्व खिताब जीतने के बाद कहा, 'प्रत्येक बार मैं जब भी विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेता हूं, एक चीज स्पष्ट होती है- मेरी प्रेरणा में कोई कमी नहीं होती। यह जीत इस बात का सबूत है कि मेरी भूख और मेरे अंदर की आग बरकरार है।' आडवाणी को 24 घंटे के भीतर स्नूकर में लय हासिल करनी होगी क्योंकि उन्हें आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर और विश्व टीम स्नूकर चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है।

### बैडमिंटन : शियांग को 21-12, 17-21, 21-14 से दी करारी शिकस्त

# 72 मिनट में सौरभ ने जीता साल का तीसरा खिताब, वियतनाम ओपन पर किया कब्जा

एजेंसी ⏭ हो ची मिन्ह सिटी

### सौरभ ने पिछले साल जीता था डच ओपन और कोरिया ओपन का खिताब

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा ने रविवार को यहां वियतनाम ओपन बीडब्लूएफ टूर सुपर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के सुन फेई शियांग को हराकर खिताब अपने नाम किया। दूसरे वरीय सौरभ ने 75 हजार डालर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के एक घंटे 12 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 21-12, 17-21, 21-14 से अपने नाम किया।

■ इस साल हैदराबाद ओपन और स्लोवेनियाई खिताब भी जीत चुके

इस जीत के बाद सौरभ ने कहा, 'इस सप्ताह मैंने जैसा खेल खेला उससे काफी खुश हूं। मैंने जापान के तीन खिलाड़ियों के खिलाफ जीत दर्ज की और उन खिलाड़ियों के खेलने का तरीका एक जैसा था। वे आक्रामक खेल रहे थे और कोर्ट पर उनके खेल में जो थोड़ा अंतर था उस पर मुझे ध्यान देना था। उन्हें हराना अच्छा रहा।' सौरभ ने चैंपियन बनने के सफर में जापान के कोदाई नारोका, यू इगाराशी और मिनोरू कोगा को शिकस्त दी।



**खिताब से बढ़ेगा मनोबल**

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सौरभ इस साल हैदराबाद ओपन और स्लोवेनियाई अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब भी जीत चुके हैं। भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'फाइनल मुकाबला मुश्किल था लेकिन मैं खुश हूं कि मैं अपने तरीके से खेल सका और विजेता बना। इस खिताब से मेरा मनोबल बढ़ेगा।' सौरभ और सुन के बीच यह तीसरी भिड़ंत थी। सौरभ ने इससे पहले कनाडा और हैदराबाद में जापान के इस खिलाड़ी को हराया था।

**सेट 1**

**बनाए रखी लय**

सौरभ ने फाइनल पहले गेम में दबदबे के साथ शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाई और ब्रेक के समय वह 11-4 से आगे थे। ब्रेक के बाद भी उन्होंने लय बनायी रखी और स्कोर को 15-4 कर दिया। सुन ने वापसी की कोशिश की लेकिन सौरभ ने आसानी से पहला गेम जीत लिया।

**सेट 2**

**किया संघर्ष**

दूसरे गेम में सुन ने शानदार खेल दिखाया और 8-0 की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के समय उनकी बढ़त 11-5 की थी। ब्रेक के बाद भी सौरभ संघर्ष करते दिखे जिसका फायदा उठाते हुए सुन ने गेम अपने नाम कर लिया।

**सेट 3**

**बढ़त से मिली जीत**

निर्णायक गेम की शुरुआत में 26 साल के सौरभ 2-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन ब्रेक तक उन्होंने 11-7 की बढ़त कायम कर ली। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें चुनौती दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। जब वह 17-14 से आगे थे तब उन्होंने लगातार चार अंक हासिल कर चीनी खिलाड़ी के मंसूबो पर पानी फेर दिया।

## कविंदर बिष्ट कड़े मुकाबले में जीत के साथ अंतिम-16 में



एजेंसी ⏭ एकातेरिनबर्ग

एशियाई रजत पदक विजेता कविंदर सिंह बिष्ट (57 किग्रा) ने रविवार को यहां विश्व पुरूष मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के कड़े मुकाबले में चीन के चिना झिहाओ को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चीन के मुक्केबाज का चेहरा लहूलुहान हो गया।

■ विश्व चैंपियनशिप जजों ने कविंदर के पक्ष में 3-2 से फैसला दिया

दोनों खिलाड़ी एक दूसरे पर कड़े प्रहार नहीं कर सके और जजों ने कविंदर के पक्ष में 3-2 से फैसला दिया। भारतीय वायु सेना से जुड़े 26 साल के इस खिलाड़ी ने 2017 में हैमबर्ग में हुए विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था लेकिन इस बार वह पदक के दावेदारों में शामिल हैं। इससे पहले दूसरे वरीय और एशियाई चैंपियन अमित पंघाल (52 किग्र) और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक (63 किग्रा) दमदार जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

# एशेज : ब्राड के तीहरे झटके से इंग्लैंड ने कसा शिकंजा

एजेंसी ⏭ लंदन

तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड के दोहरे झटके से इंग्लैंड ने एशेज श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन रविवार को लंच से पहले दूसरी पारी में आस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर श्रृंखला 2-2 से बराबर करने की तरफ कदम बढ़ाया। समाचार लिखे जाने तक आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट के नुकसान पर 166 रन बना लिए थे। इससे पहले इंग्लैंड की दूसरी पारी 329 रन पर सिमट गई जिससे आस्ट्रेलिया को 2001 के बाद पहली बार घर से बाहर इस श्रृंखला को जीतने के लिए 399 रन का लक्ष्य मिला।

■ आस्ट्रेलिया को श्रृंखला जीतने के लिए मिला 399 रन का लक्ष्य

आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज बड़े लक्ष्य का दबाव झेलने में नाकाम रहे। ब्राड ने पारी के पांचवें ओवर में मार्कस हैरिस (नौ रन) के आफ स्टंप को उखाड़ दिया। खराब फार्म से जूझ रहे डेविड वार्नर (11) एक बार भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। स्मिथ ब्राड के तीसरे शिकार बने, वे 23 रन बनाकर कैच आउट हो गए।




## कामवोरोर ने बनाया मैराथन में विश्व रिकार्ड



**पेरिस।** कीनिया के ज्योफ्री कामवोरोर ने रविवार को कोपेनहेगन हाफ मैराथन में 58 मिनट 01 सेकेंड के साथ पुरुष वर्ग में नया विश्व रिकार्ड बनाया। कामवोरोर ने पिछले साल वेलेंसिया में अपने हमवतन अब्राहम किपतुम के 58 मिनट 18 सेकेंड के रिकार्ड में 17 सेकेंड का सुधार किया। हाफ मैराथन में कामवोरोर के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह अंतिम 11 किमी में सबसे आगे रहे। इस दौरान कुछ देर के लिए तेज बारिश भी हुई लेकिन कीनियाई धावक को रिकार्ड बनाने से नहीं रोक पाई।

## इंटर मिलान जीत के साथ शीर्ष पर

**मिलान।** इंटर मिलान की टीम ने शनिवार को यहां 10 खिलाड़ियों की उडीनेसे पर 1-0 से जीत दर्ज कर सीरी ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इंटर मिलान के लिये स्टेफानो सेन्सी ने 44वें मिनट में गोल किया जिसके अब नौ अंक हो गए हैं। वहीं यूवेंटस दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है, उसने फियोरेंटिना से गोल रहित ड्रा खेला।

## भारत-द.अफ्रीका के बीच पहला टी-20 बारिश की भेंट चढ़ा



**धर्मशाला।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेला जाने वाला तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पहला मुकाबला लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद करना पड़ा। मैच शुरू होने का निर्धारित समय शाम सात बजे था जबकि छह बजकर 30 मिनट पर टास होना था। बारिश के कारण टास भी नहीं पाया। लगातार बारिश के बीच मैच अधिकारियों ने काफी इंतजार करने के बाद लगभग सात बजकर 45 मिनट पर मैच रद करने का फैसला किया। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी-20 मैच 18 सितंबर को मोहाली में खेला जाएगा जबकि तीसरा और अंतिम मैच 22 सितंबर को बेंगलुरु में होगा। स्टेडियम हालांकि इस मुकाबले के लिए खचाखच भरा हुआ था और इस मैच के रद होने से निश्चित तौर पर दर्शक निराश हुए होंगे। दोपहर को ही तेज बारिश शुरू हो गई लेकिन शाम पांच बजकर 30 मिनट तक इसमें कुछ कमी आई जिससे मैच होने की उम्मीद बंधी। एचपीसीए स्टेडियम में मैदानकर्मी मैच शुरू कराने के लिए प्रयास कर रहे थे लेकिन इसके बाद दोबारा बारिश शुरू हो गई जिसके कारण आधिकारिक मुकाबले के लिए कम से कम पांच ओवर का मैच भी संभव नहीं हो पाया।

# दबंग ने फार्च्यूनजाइंट्स को हराया

एजेंसी ⏭ पुणे

शानदार लय में चल रहे नवीन कुमार (12 अंक) के लगातार 13वें सुपर टेन के दम पर दबंग दिल्ली ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में रविवार को यहां गुजरात फार्च्यूनजाइंट्स को 34-30 से हराकर शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। मैच के पहले हाफ में दिल्ली का दबदबा रहा और टीम 11 अंक (20-9) से आगे थी लेकिन मध्यांतर के बाद गुजरात ने दमदार वापसी की। रोहित गुलिया ने गुजरात के लिए 13 अंक बनाये लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत के बाद अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली के नाम 15 मैचों में 64 अंक है जबकि गुजरात की टीम के 16 मैचों में 35 अंक है।



## पटना पाइरेट्स का विजय अभियान जारी

**पुणे।** प्रदीप नारवाल के शानदार प्रदर्शन से तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने रविवार को यहां पेशेवर कबड्डी लीग के मैच में पुणेरी पल्टन को 55-33 से हराया। नारवाल ने एक बार फिर सुपर 10 के साथ 18 रेड अंक जुटाए जिससे पटना की टीम लगातार तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रही। पटना के नीरज कुमार ने भी मनजीत छिल्लर के रिकार्ड की बराबरी करते हुए 11 टैकल अंक हासिल किए। इस जीत से पटना पाइरेट्स की टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है।

### विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : पहले दिन चार पहलवान हारे

# पहलवान मनीष, सुनील और रवि ने किया निराश

एजेंसी ⏭ नूर-सुल्तान

रवि ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत की ओर से पहली जीत दर्ज की लेकिन इसके बाद उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे रविवार को यहां देश के ग्रीको रोमन पहलवानों का खराब प्रदर्शन जारी रहा। तीन वजन वर्गों में ओलंपिक कोटा दांव पर लगे थे लेकिन तीनों भारतीयों मनीष (67 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा) और रवि (97 किग्रा) कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे।

■ पहले दिन चार और दूसरे दिन तीन ग्रीको रोमन बाहर

पहले दिन चार पहलवान एक भी मुकाबला नहीं जीत पाए जबकि इनमें से तीन तो एक भी अंक नहीं जुटा पाए। रवि ने चीनी ताइपे के चेंग हाओ चेन को हराया। भारतीय पहलवान ने 5-0 से जीत दर्ज की। रवि को हालांकि चेक गणराज्य के आर्तुर ओमारोव के खिलाफ अगले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। मैच से बाहर निकलने के कारण रवि ने दो अंक गंवा दिए और फिर अधिक रक्षात्मक खेल के लिए भी एक अंक उनके खिलाफ गया। ओमारोव ने इसके बाद स्कोर 7-0 किया और पहला पीरियड खत्म होने से 27 सेकेंड पहले भारतीय खिलाड़ी को चित कर दिया। ओमारोव को इसके बाद क्वार्टर फाइनल में सर्बिया के मिहाइल कजाइया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी जिससे रवि की पदक की उम्मीद खत्म हो गई।



**मनीष की 1-10 से हुई हार**

मनीष को बुल्गारिया के डेविड तिहोमिरोव दिमित्रोव के खिलाफ 1-10 से हार झेलनी पड़ी। बुल्गारिया का पहलवान इसके बाद डेनमार्क के फ्रेड्रिक होमक्विस्ट जेरहस के खिलाफ 0-6 से हार गया जिससे मनीष की रेपेचेज के जरिए पदक जीतने की उम्मीद टूट गई। सुनील को 87 किग्रा वर्ग में अमेरिका के जोसेफ पैट्रिक राउ के खिलाफ 0-6 से हार झेलनी पड़ी। अमेरिकी पहलवान इसके बाद प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेलारूस के मिकालाइ स्टेडब से हार गया जिससे सुनील भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## खबर संक्षेप



### हांगकांग में फिर हिंसा दागे आंसू गैस के गोले

**हांगकांग।** हांगकांग पुलिस ने रविवार को पत्थर और पेट्रोल बम फेंक रहे लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोलों के साथ-साथ पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। इससे हांगकांग में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। हांगकांग में बीते 99 दिनों से लोकतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन हो रहे हैं। रैली के दौरान उस समय हिंसा शुरू हुई जब गुस्साए प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह ने शहर के मुख्य सरकारी परिसर पर हमले का प्रयास किया।

### ओमान: सड़क हादसे में भारतीय दंपति और आठ माह के बच्चे की मौत

**दुबई।** ओमान में एक अन्य वाहन से कार के टकरा जाने पर एक भारतीय दंपति और उसके आठ महीने के बेटे की मौत हो गई जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दुबई के भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि यह परिवार जब सलालाह से दुबई लौट रहा था तब उसकी कार एक अन्य वाहन से टकरा गयी। कार में सवार सभी लोगों के सिर में गहरी चोट लगी। इस हादसे में गौसुल्ला अजमतुल्ला खान (30), उसकी पत्नी आयशा सिद्दिकी (29) और उनके आठ महीने के बेटे हमजा खान की मौके पर ही मौत हो गई। तीने महीने की बच्ची हनिया सिद्दिकी अस्पताल में मौत से संघर्ष कर रही है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि मृतकों के शव रविवार सुबह मस्कट से उनके गृहनगर हैदराबाद भेजे गये हैं। दुबई के महावाणिज्य दूत विपुल ने गल्फ न्यूज से कहा कि हम गौसुल्ला की कंपनी, परिवार के रिश्तेदारों और मस्कट में अपने मिशन के संपर्क में हैं।

### जॉनसन ने किया ब्रेक्जिट वार्ता में प्रगति का दावा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने दावा किया कि यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्जिट समझौते की दिशा में 'काफी प्रगति' हुई है। जॉनसन ने समाचारपत्र 'द मेल' को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि अभी से लेकर 17 अक्टूबर तक काफी कार्य किया जाना है, जब यूरोपीय संघ के नेता ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से हटने के निर्धारित समय से पहले अंतिम बैठक के लिए एकत्रित होंगे। उन्होंने कहा कि मैं उस बैठक में जा रहा हूं और मुझे पूरा भरोसा है कि हम समझौते कर लेंगे। यदि हम समझौता नहीं कर पाते हैं तो हम 31 अक्टूबर को यूरोपीय संघ से अलग हो जाएंगे। जॉनसन की यह टिप्पणी यूरोपीय आयोग के प्रमुख जीन क्लाड जंकर और यूरोपीय संघ के प्रमुख ब्रेक्जिट वार्ताकार माइकल बार्नियर के बीच लक्जमबर्ग में सोमवार को बातचीत से पहले आई है।

# मानसून की दस्तक और वापसी की तारीखों में हो सकता है बदलाव!

## सरकार कर रही विचार: 1950 से अबतक नहीं हुआ कोई बदलाव, हर दस साल के अंतराल पर होती है समीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल दर साल मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुये, सरकार देश में हर साल एक जून को मानसून के दस्तक देने और एक सितंबर से इसकी वापसी शुरू होने की तारीखों में भी बदलाव करने पर विचार कर रही है। संपूर्ण भारत में बारिश के मौसम के लिये जिम्मेदार दक्षिण पश्चिम मानसून के सक्रिय होने और इसकी वापसी की तारीखों की समीक्षा के लिये गठित गाडगिल समिति की रिपोर्ट के मुताबिक अगले साल मानसून का कार्यक्रम तय किया जायेगा। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि आजादी के बाद 1950 के दशक में मौसम विभाग ने देश में दक्षिण पश्चिम मानसून के सक्रिय होने की तारीख एक जून और मानसून की वापसी शुरू होने की तारीख एक सितंबर निर्धारित की थी। महापात्रा ने बताया कि हर दस साल के अंतराल पर मानसून के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम की समीक्षा होती है, लेकिन अब तक इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### बीते कुछ सालों से लगातार विलंबित हो रहा है मानसून

उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में मानसून की गति की समीक्षा के लिये गठित गाडगिल समिति बीते कुछ सालों से लगातार विलंबित मानसून के प्रभाव पर भी विचार कर रही है। उल्लेखनीय है कि जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप सर्दी, गर्मी और बारिश के मौसम की अवधि में भी बदलाव स्पष्ट रूप से दिख रहा है। जिसके कारण पिछले कुछ सालों से सर्दी और गर्मी का असर आमतौर पर देर से महसूस होना शुरू हो रहा है और यह असर अधिक समय तक रहता है। इसका सीधा प्रभाव मानसून की गतिविधियों पर भी पड़ा है। उन्होंने बताया कि भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून तय कार्यक्रम के मुताबिक केरल तट पर दस्तक देता है और लगभग तीन महीने तक इसके सक्रिय रहने के दौरान दक्षिण, मध्य, पूर्वी, उत्तर पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में बारिश होती है। एक सितंबर से पश्चिमी राजस्थान होते हुये इसकी वापसी शुरू हो जाती है। तय समयसीमा के तहत देश से 30 सितबंर तक सामान्यतः मानसून की पूरी तरह से वापसी हो जाती है। महापात्रा ने बताया कि पिछले साल मानसून विलंबित था, इसकी लगभग 20 दिन की देरी से वापसी हुई थी। इस साल भी मानसून विलंबित चल रहा है और मौसम विभाग इसकी देर से वापसी का पूर्वानुमान व्यक्त कर चुका है।



### मौजूदा तिथि

आजादी के बाद 1950 के दशक में मौसम विभाग ने देश में दक्षिण पश्चिम मानसून के सक्रिय होने की तारीख एक जून और मानसून की वापसी शुरू होने की तारीख एक सितंबर निर्धारित की थी।

### तारीखों में पांच से दस दिन के बदलाव की संभावना: महापात्रा



मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि अगर मानसून के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव की समिति सिफारिश करती है तो अगले साल मानसून की दस्तक और वापसी को बदली हुई तारीखों के मुताबिक प्रभावी माना जायेगा। समझा जाता है कि मौसम के लगातार बदलते मिजाज को देखते हुये मानसून की नई तारीखें तय किये जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। विभाग के अधिकारियों ने संशोधित समयसीमा के साथ मानसून की तारीखों में पांच से दस दिन के बदलाव की संभावना व्यक्त की है।

## हमले के बाद सऊदी अरब ने अरामको तेल कंपनी के दो संयंत्रों में उत्पादन रोका

# 57 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित

एजेंसी ▶▶ दुबई

यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा सउदी अरब में विश्व के सबसे बड़े तेल शोधन संयंत्र और एक प्रमुख तेल क्षेत्र पर शनिवार को किए गए ड्रोन हमले से भड़की आग के चलते सउदी अरब की आधी से अधिक तेल आपूर्ति बाधित हो गई है। हमले के बाद सऊदी अरब ने अरामको तेल कंपनी के दो संयंत्रों में उत्पादन रोक दिया है। सऊदी अरब दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक है। बताया गया है कि पिछले कुछ सप्ताह से सउदी अरब के तेल संयंत्रों पर ड्रोन से हमले की कई घटनाएं हुई हैं। ताजा हमला सबसे अधिक क्षतिकारक साबित हुआ है। इसके कारण वैश्विक कच्चा तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं उठने लगी हैं। ईरान और अमेरिका के बीच पहले से जारी तनाव के बीच खाड़ी क्षेत्र में तनव के और बढ़ जाने की आशंका भी गहराने लगी है। सऊदी अरब के सरकारी सउदी प्रेस एजेंसी ने तेल मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान के हवाले से कहा कि इस हमले से अब्कैक तेल प्रसंस्करण संयंत्र और खुरैस तेल क्षेत्र में अस्थायी तौर पर उत्पादन रोक दिया गया है। इस हमले के कारण 57 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने का अनुमान है।



### अरामको 48 घंटों में देगी पूरी जानकारी

वहीं सरकारी तेल कंपनी अरामको ने एक बयान में कहा कि इन हमलों के कारण प्रति दिन 57 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन बंद रहेगा। अरामको के मुख्य कार्यकारी निदेशक अमीन नासेर ने कहा कि उत्पादन बहाल करने के लिए कार्य चल रहा है, अगले दो दिनों में इससे संबंधित और जानकारी दी जाएगी। नासेर ने कहा इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है यमन में ईरान समर्थक हुती व द्रोहियों ने शनिवार को सऊदी में दो तेल संयंत्रों पर ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली थी। समूह के अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा ने कहा कि विद्रोहियों ने 10 ड्रोन विमानों के साथ बड़ा अभियान छेड़ा और इस दौरान पूर्वी सऊदी अरब में अब्कैक और खुरैस में संयंत्रों को निशाना बनाया गया।

■ दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक है सऊदी अरब

### हमलों के लिए ईरान जिम्मेदार : पोम्पिओ

इसी बीच अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने इन हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया। पोम्पिओ ने कहा कि यह हमला यमन से होने का कोई सबूत नहीं मिला है। ईरान ने अब वैश्विक कच्चा तेल आपूर्ति पर अप्रत्याशित हमला किया है। अमेरिका का मुख्य सहयोगी सऊदी अरब लगातार ईरान पर हुती विद्रोहियों को हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाता आया है।

### ईरान ने हमले के अमेरिकी आरोपों को निराधार बताया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के इन आरोपों का रविवार को खंडन किया कि सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हुए हमले में उसका हाथ है। साथ ही, यह भी कहा कि अमेरिका इस इस्लामी गणराज्य के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए कोई बहाना ढूंढ रहा है। इस बीच, इस्लामिक रेवोल्युशनरी गार्ड कोर की हवाई शाखा के कमांडर ने कहा कि ईरान की मिसाइलें 2,000 किलोमीटर की दूरी तक अमेरिकी ठिकानों और जहाजों को निशाना बना सकती है। अमेरिका के आरोपों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्बास मूसावी के हवाले से एक बयान में कहा गया, "ऐसे निराधार और बिना सोचे-समझे लगाए गए आरोप एवं टिप्पणियां निरर्थक और समझ से परे हैं।

### ईरान-अमेरिका के बीच पिछले साल से तनाव बढ़ा

ईरान और अमेरिका के बीच पिछले साल मई से तनाव बढ़ा हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2015 में हुए एक सौदे से अमेरिका को बाहर कर लिया था। इस सौदे के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने के बदले उस पर लगे प्रतिबंधों में कुछ ढील देने का वादा किया गया था। सौदे से बाहर होने के बाद से अमेरिका ने "अधिकतम दबाव" बनाने के अपने अभियान के तहत ईरान पर बेहद सख्त प्रतिबंध लगाए हैं और इस्लामी गणराज्य ने इसका जवाब देने के लिए परमाणु समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धताएं कम की हैं। मूसावी ने कहा कि अमेरिकियों की नीति 'अधिकतम दबाव' बनाने की है और विफलताओं के कारण वे 'अधिक से अधिक झूठ बोलने लगे हैं।

### सत्य नडेला ने किया पिता युगांधर का अंतिम संस्कार

**हैदराबाद।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने रविवार को अपने पिता और पूर्व नौकरशाह बी. एन. युगांधर का अंतिम संस्कार किया। श्मशान घाट पर तेलंगाना के मुख्य सचिव एस. के. जोशी, विशेष मुख्य सचिव सोमेश कुमार और डीजीपी महेंदर रेड्डी सहित कई सेवारत और सेवानिवृत्त नौकरशाह मौजूद थे। नडेला ने ई-मेल से बयान जारी कर संवेदना जताने वाले सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया। नडेला ने कहा कि मेरे पिता के निधन पर संवेदना जताने वाले सभी शुभचिंतकों को मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देता हूं। मेरे पिता ने उन सभी लोगों और संस्थानों का ठीक से ख्याल रखा, जिनके साथ उन्हें काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि और बदले में उन्हें जो प्यार और स्नेह मिला उसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा। 1962 बैच के आईएएस अधिकारी युगांधर ने दिवंगत नरसिंह राव के कार्यकाल में प्रधानमंत्री कार्यालय में सेवा दी और मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के निदेशक भी रहे थे। उनका 82 वर्ष की उम्र में 13 सितंबर को निधन हो गया।

### 'द ग्रेट गंगा रन'...



नई दिल्ली में रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 'द ग्रेट गंगा रन' में हिस्सा लिया। फोटो : एजेंसी

### राज्यपाल कलराज मिश्र से मिले सीएम गहलोत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। एक सरकारी बयान के अनुसार राज्यपाल मिश्र और मुख्यमंत्री गहलोत की यह शिष्टाचार मुलाकात करीब एक घंटे की रही। राज्यपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री गहलोत को हिमाचल प्रदेश की पारम्परिक टोपी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल कलराज मिश्र और उनकी मुलाकात की तस्वीर ट्विटर पर साझा किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ उन्होंने शिष्टाचार मुलाकात की। मिश्र ने उन्हें हिमाचली टोपी और शॉल भेंट किया।

### सीपीडब्ल्यूडी के महानिदेशक 'एमीनेंट इंजीनियर अवॉर्ड' से सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की भवन निर्माण एजेंसी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के महानिदेशक प्रभाकर सिंह को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये दिये जाने वाले 'एमीनेंट इंजीनियर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री महेन्द्र नाथ पांडे ने 52वें इंजीनियरिंग दिवस के अवसर पर डॉ. सिंह को तकनीकी कुशलता एवं इंजीनियरिंग को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिये यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. सिंह तकनीक से जुड़े मामलों में भारत सरकार के प्रधान तकनीकी सलाहकार भी हैं। पांडे ने देश की सबसे बड़ी भवन निर्माण एजेंसी के रूप में सीपीडब्ल्यूडी को परियोजनाओं के संचालन में अत्याधुनिक तकनीकी कुशलता से लैस करने में डॉ. सिंह के प्रयासों की सराहना की।





मेरा नाम परवेश जिला भरतपुर, राजस्थान की रहने वाली हूँ। मेरा समय बहुत दर्द भरा और अनियमित रहता था। बहुत महंगे-महंगे डॉक्टरों को दिखाया लेकिन बिल्कुल फर्क नहीं पड़ा। फिर एक दिन मेरी बहन ने मेरी परेशानी को समझकर 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक इस्तेमाल करने की सलाह दी। क्योंकि मेरी बहन भी 'सच्ची सहेली' के रिजल्ट से वाकिफ़ थी। उसके कहे अनुसार 'सच्ची सहेली' टॉनिक दो-दो चम्मच सुबह-शाम सेवन शुरू किया। सिर्फ 21 दिनों के अंदर ही मुझे बहुत फायदा लगा।


मेरा नाम अंजना, उम्र 32, गांव मेनथापल, नाहन की रहने वाली हूँ। प्राईवेट नौकरी करती हूं। ऑफिस में काम के बाद शाम को घर का काम करने की हिम्मत नहीं रहती थी, क्योंकि पेडू में दर्द, खून की कमी की समस्या मुझे शुरू से रहती थी। इलाज तो बहुत करवाया लेकिन फायदा न हुआ। फिर एक दिन अपनी सहेली के कहानुसार मैंने आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' टॉनिक 2-2 चम्मच लेना शुरू किया। सिर्फ एक महीने के अंदर ही मैं पहले से बेहतर हूँ। जिसके लिए मैं आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' की आभारी हूँ।


मेरा नाम सुलोचना देवी, उम्र 28, सिरमौर की रहने वाली गृहणी हूं। जब से वो दिन शुरू हुए तभी से पेट में दर्द, थकावट, चिड़चिड़ापन ये सभी समस्याएं हो रही थी। मेरी हालत को देखकर मेरी ननंद ने मुझे सच्ची सहेली कम्पलीट ट्रीटमेंट लाकर दिया। निर्देशानुसार 'सच्ची सहेली' टॉनिक 2-2 चम्मच गुनगुने पानी के साथ सुबह-शाम सेवन शुरू किया। सिर्फ 2 महीनों में मुझे मेरी परेशानियों में काफी आराम मिला। अब मेरी आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' में पूरी आस्था है।


मैं जूली, जिला मेन पुरी (यूपी) की रहने वाली, जॉब करती हूं। मैं कमर कटना की समस्या से बहुत परेशानी रहती थी, इस वजह से खुजली व जलन भी रहती। समय भी रेगुलर नहीं था। एक दिन मेरी मम्मी ने मुझे आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' का कम्पलीट ट्रीटमेंट लाकर दिया। डिब्बी पर दिए निर्देशानुसार मैंने 'सच्ची सहेली' टॉनिक दो-दो चम्मच सुबह-शाम सेवन शुरू किया। सिर्फ 5 हफ्तों में मेरी सारी समस्याएं पहले से कम हो गई। थैंक्स टू 'सच्ची सहेली'।

24x7 Helpline : 0171-3055171 | अपने नजदीकी मैडिकल स्टोर से खरीदें

## योजना पर आएगी 9.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत

# गंगा नदी में सूक्ष्म जीवाणुओं की होगी जीआईएस मैपिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार गंगा नदी में प्रदूषणकारी तत्वों, नदी के स्वास्थ्य एवं पारिस्थितकी तथा मानवीय स्वास्थ्य से जुड़े आयामों का अध्ययन करने के लिये नदी के उद्गम से गंगा सागर तक 'सूक्ष्म जीवाणु विविधता की जीआईएस मैपिंग' करायेगी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के एक अधिकारी ने बताया कि मिशन की कार्यकारी समिति (ईसी) की बैठक में पारिस्थितकी सेवाओं के लिये गंगा नदी में जीवाणु विविधता की जीआईएस मैंपिंग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस पर 9.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आयेगी और इसे 24 महीने में पूरा किया जायेगा। एनएमसीजी की कार्यकारी समिति की बैठक में राष्ट्रीय पर्यावरण, इंजीनियरिंग शोध संस्थान (निरी), नागपुर के वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अत्या कापले ने उक्त प्रस्ताव पेश किया। इसका उद्देश्य उद्गम से गंगा सागर तक गंगा नदी के बहाव क्षेत्र में सूक्ष्म जीवाणुओं से जुड़ी विविधता का मानचित्र तैयार करना है। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में विश्व बैंक के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। प्रस्ताव में कहा गया है कि गंगा नदी के कई क्षेत्रों में जीवाणुओं के संबंध में अनेक रिपोर्ट हैं लेकिन पूरी नदी में जीवाणुओं के संबंध में कोई रिकॉर्ड नहीं है। ऐसे में जीवाणुओं के विस्तार के बारे में परिणाम आधारित जीआईएस मैपिंग राष्ट्रीय महत्व की होगी। इसके तहत कुछ विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं जिनमें नदी में प्रदूषणकारी तत्वों के प्रकार तथा पारिस्थितिकी से जुड़ी सेवाओं का अध्ययन करने की बात कही गई है। इसमें नदी के स्वास्थ्य एवं पुनर्जीवन क्षमता को परिभाषित करने एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन किया जायेगा। इसमें कहा गया है कि इससे नदी गुणवत्ता मापदंडों को पुनः परिभाषित करने में मदद मिलेगी। इस उद्देश्य के लिये राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक के तहत एक निगरानी समिति का गठन किया जायेगा । एनएमसीजी की ओर से गंगा नदी में जीवाणुओं की विविधता की जीआईएस मैपिंग की पहल ऐसे समय में की जा रही है जब नदी में जैव विविधता की कमी आने की रिपोर्ट सामने आई है। इसमें एक महत्वपूर्ण आयाम नदी जल में मौजूद बैक्टीरियोफेज नामक जीवाणु की मौजूदगी का हो सकता है जो गंदगी और बीमारी फैलाने वाले जीवाणुओं को नष्ट कर देते हैं।

### 24 महीने में पूरा किया जाएगा काम



■ राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

### नदी में वनस्पतियों एवं जन्तुओं की करीब 2,000 प्रजातियां मौजूद

रिपोर्टों के अनुसार, गंगा में वनस्पतियों एवं जन्तुओं की 2,000 प्रजातियां मौजूद हैं। इन प्रजातियों में से कई क्षेत्र विशेष में पायी जाती हैं। गंगेय डाल्फिन, घड़ियाल और मुलायम आवरण वाले कछुए इसके विशिष्ट उदाहरण हैं। पालीकीट, सीप एवं घोंघों की कई प्रजातियां, समुद्र और गंगा, दोनों में पायी जाती हैं। हिलसा मछली रहती तो है समुद्र में, लेकिन प्रजनन के लिए गंगा में आती है। ऐसी रिपोर्ट भी सामने आई है कि पिछले एक-दो दशकों से तिलापिया, ग्रास कार्प, कामन कार्प, टेरिगोप्लीक्थीस अनिसित्सी और फाइसा (हाइतिया) मेक्सिकाना-जैसी मछली एवं घोंघे की कई विदेशी प्रजातियां भी गंगा में आ गई हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109